हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल

**शिखर धवन ने गर्लफेंड सोफी शाइन से शादी की, युजवेंद्र चहल ने बारात में डांस**



Page 09 देश

**हिंदू कोई धर्म नहीं है, हिंदू राष्ट्र क्यों कहते हैं? कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान**

शुक्ल पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • सोमवार • 23 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 84 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,46,000 | ₹ 4,60,000 |



## आज का इतिहास

**2014 :** डेल अर्नहार्ड, जूनियर ने अपनी दूसरी डेटोना 500 रेस जीत ली, अपनी पहली जीत के 10 साल बाद, एक दौड़ में भारी बारिश से घंटों के लिए स्थगित कर दिया।

**2014 :** रूस के सोच्चि शहर में 22वें शीतकालीन ओलंपिक खेल का समापन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार कर्मचारी चयन आयोग भरेगा 35,649 पद

**पटना (नि.सं.)।** हार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। बिहार कर्मचारी चयन आयोग (बीएसएससी) ने वर्ष 2026 का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसके तहत मार्च से अक्टूबर तक कुल 45 परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष विभिन्न विभागों में कुल 35,649 रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इंटर और स्नातक स्तर की कई महत्वपूर्ण संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षाओं को इस कैलेंडर में शामिल किया गया है, जिससे अलग-अलग योग्यता वाले अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा। कैलेंडर के मुताबिक सबसे बड़ी भर्ती इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से होगी, जिसके जरिए 23,175 पदों को भरा जाएगा। इस परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा जून और जुलाई के बीच आयोजित होने की संभावना है, जबकि मुख्य परीक्षा सितंबर में ली जाएगी। आयोग ने संकेत दिया है कि मुख्य परीक्षा का परिणाम अक्टूबर में और टाइपिंग टेस्ट का परिणाम नवंबर में जारी किया जाएगा। बड़ी संख्या में पद होने के कारण इस परीक्षा को इस वर्ष की सबसे अहम भर्ती प्रक्रिया माना जा रहा है। इसके अलावा चतुर्थ स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से 1,883 पदों पर बहाली होगी। इसकी प्रारंभिक परीक्षा जून-जुलाई में और मुख्य परीक्षा अक्टूबर में प्रस्तावित है, जबकि परिणाम नवंबर में जारी किया जाएगा।

बिहार पुलिस को आधुनिक और स्मार्ट बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल

# हर पुलिस लाइन में खुलेंगे हाई स्कूल

**उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने महिलाओं के लिए पुलिस दीदी जैसी बड़ी योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बिहार को नक्सल मुक्त बताते हुए साइबर अपराध को अगली बड़ी चुनौती करार दिया।**

- **लंबित पुलिस लाइन भवनों का निर्माण तय समयसीमा में पूरा करने का निर्देश**

निज संवाददाता | पटना

बिहार पुलिस को आधुनिक और स्मार्ट बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने नई पहल की है। उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार पुलिस सप्ताह 2026 के उद्घाटन अवसर पर पुलिस महकमे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का ऐलान किया। मिथलेश अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पुलिस लाइनों में हाई स्कूल खोलने, महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'पुलिस दीदी' पहल शुरू करने और अपराध नियंत्रण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक को शामिल करने जैसे फैसलों की घोषणा की। गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस सप्ताह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जनता और पुलिस के बीच भरोसा मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने पुलिस बल की भूमिका को राज्य की कानून व्यवस्था का आधार बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार पुलिस व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिसकर्मियों के कल्याण के साथ-साथ आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता है।




### पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए शिक्षा की नई सुविधा

पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने हर पुलिस लाइन में अत्याधुनिक हाई स्कूल स्थापित करने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़े। इसके साथ ही पुलिस लाइनों में 'जीविका दीदी की रसोई' शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिससे एक ओर पुलिसकर्मियों को पौष्टिक और सुलभ भोजन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सरकार ने लंबित पुलिस लाइन भवनों के निर्माण कार्य को भी निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है, ताकि पुलिस बल को बेहतर आवास और कार्यस्थल की सुविधाएं मिल सकें।

### एआई से होगी स्मार्ट पुलिसिंग

सम्राट चौधरी ने बताया कि बदलते समय में साइबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है, जिससे निपटने के लिए बिहार पुलिस को एआई आधारित सॉफ्टवेयर और आधुनिक तकनीकों से लैस किया जा रहा है। अधिकारियों को अन्य राज्यों में जाकर नई साइबर जांच तकनीकों का प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया गया है। वहीं महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से 'पुलिस दीदी' पहल शुरू की जाएगी, जो संवेदनशील मामलों में विशेष रूप से सहायता प्रदान करेगी। कार्यक्रम में एडीजी कमल किशोर सिंह ने बताया कि पुलिस सप्ताह के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में 'वायब्रेंट विलेज प्रोग्राम' चलाया जाएगा। नेपाल सीमा से सटे गांवों में एसएसबी के सहयोग से जागरूकता अभियान आयोजित कर लोगों के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया जाएगा। 27 फरवरी को 'पुलिस दिवस' के अवसर पर सभी जिलों में सामुदायिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य अब नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है और अब पुलिस का मुख्य फोकस साइबर अपराध जैसी नई चुनौतियों से निपटने पर रहेगा।

### नक्सल मुक्त बिहार और साइबर क्राइम की चुनौती

गृह मंत्री ने गर्व के साथ साझा किया कि अब बिहार का कोई भी जिला नक्सल प्रभावित नहीं रह गया है। हालांकि, उन्होंने साइबर क्राइम को एक नई और बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार पुलिस की साइबर यूनिट जल्द ही बेहतर परिणाम देगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे देश के अन्य राज्यों में जाकर साइबर अनुसंधान से जुड़ी नई तकनीक और प्रशिक्षण लेकर आएं ताकि अपराधियों से दो कदम आगे रहा जा सके।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया सम्मानित

# क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को बिहार सरकार से 50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि

निज संवाददाता | पटना

बिहार के उभरते क्रिकेट स्टार वैभव सूर्यवंशी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना स्थित एक, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में सम्मानित करते हुए 50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक सौंपा। महज 14 साल की उम्र में क्रिकेट जगत में अपनी प्रतिभा से सनसनी बन चुके समस्तीपुर निवासी वैभव की उपलब्धियों को देखते हुए राज्य सरकार ने उन्हें यह सम्मान दिया।

सम्मान समारोह के दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के क्रिकेट जगत के चमकते सितारे हैं और उनकी प्रतिभा युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लगातार वैभव को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और देश का नाम रोशन करते रहें।




वैभव सूर्यवंशी हाल ही में आयोजित अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे और फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 80 गेंदों में 175 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलकर सुर्खियों में आए थे। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने 15 चौके और 15 छक्के जड़ते हुए टीम इंडिया को 100 रन की बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इससे पहले भी वे अंडर-19 एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज के रूप में पहचान बना चुके हैं। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स द्वारा एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि में खरीदे जाने के बाद भी वैभव लगातार चर्चा में रहे हैं। उनके धुआंधार खेल से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले भी उन्हें सम्मानित कर चुके हैं। अप्रैल 2025 में आईपीएल में शानदार शतक लगाने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी थी। ताजा सम्मान को लेकर खेल प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है और समस्तीपुर सहित पूरे बिहार में खुशी का माहौल है।

## मुख्यमंत्री ने सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला का किया शिलान्यास

**पटना(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटेल नवजागरण न्यास, बिहार द्वारा आयोजित सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर अतिथिशाला का शिलान्यास किया। पटना-डोभी बाईपास के पास स्थित सिमरा निसरपुरा में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया और रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान पटेल नवजागरण न्यास से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यमंत्री का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक और सामुदायिक विकास में ऐसे संस्थागत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अतिथिशाला जैसे निर्माण कार्य क्षेत्र में आने वाले लोगों के लिए सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराएंगे और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।

## बिहार में मीट शॉप पर सख्ती शुरू, बिना लाइसेंस मांस-मछली बिक्री पर रोक

निज संवाददाता | पटना

बिहार में खुले में मांस-मछली बेचने और बिना लाइसेंस चल रही मीट शॉप के खिलाफ राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने सभी शहरी निकायों को निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि बिना वैध अनुज्ञप्ति संचालित दुकानों को तत्काल बंद किया जाए। साथ ही जिन दुकानों में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं हो रहा है, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने हाल ही में विधान परिषद के बजट सत्र के दौरान खुले में मांस-मछली बिक्री पर रोक लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि राज्य के विभिन्न शहरों में नियमों की अनदेखी कर खुले में मांस बेचने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, जिससे न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है बल्कि लोगों की भावनाएं भी आहत हो रही हैं। दरभंगा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भी अलग-अलग वर्गों के लोगों ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद सरकार ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया।



सरकार के आदेश के अनुसार अब राज्य के सभी 261 शहरी निकायों में मीट शॉप संचालकों को धारा 345 के तहत वैध लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस दुकान चलाने वालों को तुरंत बंद किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। नगर निकायों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मांस और मछली की दुकानों की जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि स्वच्छता और लाइसेंस से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन दुकानों के पास वैध लाइसेंस है, उन्हें भी साफ-सफाई और निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन करना होगा। खुले में मांस-मछली की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य शहरों में स्वच्छता बनाए रखना, लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

पटना में 26 फरवरी को सोलर मेला

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऑन-द-स्पॉट मिलेगा लाभ

निज संवाददाता | पटना

स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना इलेक्ट्रिक सप्लाई यूनिट (पेसू) द्वारा 26 फरवरी को राजधानी में विशेष सोलर मेला 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 'प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम से जोड़ना और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना है, ताकि शहर की छतें ऊर्जा उत्पादन का केंद्र बन सकें। ऊर्जा आडिटोरियम, शास्त्रीनगर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस मेले में नागरिकों के लिए तकनीकी जानकारी, मार्गदर्शन और ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन की विशेष व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में रूफटॉप सोलर सिस्टम की कार्यप्रणाली, लागत, रखरखाव और बिजली बिल में होने वाली बचत से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी। 'अपनी छत, अपनी बिजली' की थीम पर आधारित यह मेला लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।



मेले के दौरान एमएनआरई, डिआइएससीओएम और अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जबकि प्रमाणित सोलर वेंडर्स अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। उपभोक्ताओं को बैंक लोन, सरकारी सब्सिडी और नेट-मीटरिंग से जुड़े पहलुओं पर विशेषज्ञों से परामर्श का अवसर भी मिलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव सह बीएसपीएचसीएल के सीएमडी मनोज कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, मेले में मौके पर ही रजिस्ट्रेशन कराने वाले उपभोक्ताओं को अतिरिक्त मेला छूट, आसान ऋण सुविधा और सरकारी सब्सिडी का लाभ मिलेगा। योजना के तहत एक से दो किलोवाट क्षमता पर 30 हजार रुपये प्रति किलोवाट तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर अधिकतम 78 हजार रुपये तक सब्सिडी दी जाएगी।

## 20 से 22 मार्च के बीच मुख्यमंत्री का भोजपुर दौरा संभावित

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत 20 से 22 मार्च के बीच भोजपुर जिले के दौरे पर आ सकते हैं। इस दौरान वे विभिन्न विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लेंगे और नई परियोजनाओं को गति देने को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है और सभी विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री का दौरा आरा, संदेश, उदवंतनगर और बिहिया प्रखंडों में केंद्रित रह सकता है। आरा के मझौवा हवाई अड्डा परिसर में एक संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी चल रही है, जहां विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री सीधे संवाद कर सकते हैं। साथ ही विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम स्थल चयन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और जनसंपर्क से जुड़े सभी पहलुओं पर सूक्ष्म स्तर पर तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आरा शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का उद्घाटन शामिल हो सकता है। इसके अलावा शहर की प्रस्तावित रिंग रोड परियोजना की प्रगति की समीक्षा भी उनके एजेंडे में मानी जा रही है।

## 25 फरवरी को बिहार दौरे पर आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

- **सीमावर्ती गांवों का करेंगे निरीक्षण, जवानों को मिल सकता है खास तोहफा**

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 25 फरवरी को बिहार के दौरे पर आ सकते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत वे नेपाल सीमा से सटे चयनित 'वाइब्रेंट विलेज' गांवों का दौरा करेंगे और वहां चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। गृह मंत्री के संभावित आगमन को लेकर सीमावर्ती जिलों में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस दौरे के दौरान सीमा पर तैनात जवानों के लिए विशेष सुविधाओं की घोषणा भी की जा सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े उन गांवों का निरीक्षण करेंगे, जिन्हें केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वे स्थानीय लोगों को संबोधित कर सकते हैं और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। नेपाल और बांग्लादेश से सटे खुले बॉर्डर वाले इलाकों पर केंद्र सरकार की खास नजर बनी हुई है।



बताया जा रहा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों को सुविधा देने के लिए कटिहार रेलवे जंक्शन के पास ट्रांजिट कैंप तैयार किया गया है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा बनाए गए इस परागमन शिविर का लाभ उन सैनिकों को मिलेगा, जिनका आवागमन इस रूट से होता है। गृह मंत्री अपने दौरे के दौरान इस तरह की व्यवस्थाओं को लेकर भी समीक्षा कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, 25 फरवरी को अररिया जिले के इंडो-नेपाल सीमा से सटे एसएसबी की 52वीं बटालियन के लेटी कैंप में अमित शाह के पहुंचने की संभावना है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वे हेलीकॉप्टर से यहां आ सकते हैं, हालांकि आधिकारिक कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है।

पटना का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री ऊपर

## फरवरी में ही चढ़ने लगा पारा, बिहार में बढ़ी गर्मी

- **आर्द्रता सुबह 58% से घटकर दोपहर में करीब 49% रही, पश्चिमी शुष्क हवाएं 7–12 किमी/घंटा की रफ्तार से चलीं।**

निज संवाददाता | पटना

बिहार में फरवरी महीने के दौरान ही मौसम का मिजाज तेजी से बदलता नजर आ रहा है। पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर रात के तापमान में असामान्य वृद्धि के कारण सुबह और देर रात के समय भी हल्की गर्माहट महसूस की जा रही है, जिससे मौसम का रुख समय से पहले गर्मी की ओर बढ़ता दिख रहा है। राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम



तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 5.5 डिग्री ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी में इस तरह का तापमान सामान्य प्रवृत्ति से अलग माना जा रहा है। सुबह के समय आर्द्रता 58 प्रतिशत तक रही, लेकिन दोपहर होते-होते इसमें गिरावट आई और यह 49 प्रतिशत तक पहुंच गई। दिन में 7 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही पश्चिमी शुष्क हवाओं ने धूप के असर को और तेज कर दिया।

मौसम विभाग का अनुमान है कि फिलहाल राज्यभर में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है, जबकि दोपहर के समय तेज धूप के कारण हल्की गर्मी का एहसास बना रहेगा। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी हो सकती है। इसी रफ्तार से बढ़त जारी रही तो फरवरी के अंत तक दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के आसार जताए जा रहे हैं। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से कुछ इलाकों में हल्के बादल छाने की संभावना है, लेकिन इससे तापमान में किसी बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल किसी ठंडी लहर या सक्रिय वर्षा प्रणाली के संकेत नहीं मिल रहे हैं। पश्चिमी शुष्क हवाओं के चलते वातावरण में नमी कम हो रही है और दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों को सलाह दी गई है कि दोपहर के समय तेज धूप से बचाव करें और बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए अपनी दिनचर्या में सावधानी बरतें।

डॉ. भारती होमियो गायनी सेंटर

कंकड़बाग, पी.सी. कॉलोनी, E8, डॉ. ज्ञान प्रकाश के बगल में, पटना (बिहार)

ओवेरियन सिस्ट एवं नि:संतान का

सफल इलाज



होम्योपैथ कंसल्टेंट
डॉ. अशोक कुमार
BHMS (BU)

इलाज हेतु दिए गए नंबर पर सम्पर्क करें।
अपना समय सुनिश्चित करा लें :
7061655002



डॉ. सुरुचि भारती
BHMS (BU)

अब पटना में प्रत्येक रविवार को...

BAL VATIKA+ PLAY SCHOOL

Run By - माँ समुन्द्री देवी चैरिटेबल ट्रस्ट

पता- पिपरडीह, गली नं0-4, औरंगाबाद (बिहार)

Pre Nursery to Class - 3

हमारी विशेषताएँ :-

- कम फीस में अच्छी शिक्षा की सुविधा वाला विद्यालय।
- वाहन की सुविधा उपलब्ध।
- CCTV कैमरा।
- साफ-सुथरे क्लास रूप और टॉयलेट।
- सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण।
- फायर सेफ्टी और चाईल्ड-प्रुफ फर्निचर।
- योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक।
- खेल के माध्यम से शिक्षा (Play-way Learing)
- माता-पिता से नियमित संवाद।
- प्राथमिक चिकित्सा सुविधा।
- हेल्दी स्नैक्स/मील प्लान।
- शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर ध्यान।
- म्यूजिक, डांस और स्टोरी टेलिंग।



राम विजय यादव
चेयरमैन

प्रियंका कुमारी
प्रचार्या

निदेशक
डॉ. राकेश कान्त कमल



नामांकन प्रारंभ
Admission Open

Mob.- 9955972022, 7827211196

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर तैयारी जोरों पर

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है तथा जिले के सभी थाना अध्यक्षों के साथ बैठक कर उन्हें शत-प्रतिशत नोटिसों की तामिला सुनिश्चित करने हेतु नोटिस थानों में भेजे जा रहे हैं। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला अधिवक्ता संघ, नवादा से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है तथा एडवोकेट एसोसिएशन, नवादा से भी आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है। आशा की जा रही है कि इस बार सुलहनीय वादों का अधिक से अधिक निपटारा किया जा सकेगा।

### स्वच्छता कर्मियों की बैठक आयोजित

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के गोतरायन गांव में रविवार को लोहिया स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सभी स्वच्छता कर्मियों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के संरक्षक निराला बाबा और राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश भगत रहे। इस दौरान सफाई कर्मियों के हित में चर्चा की गई। उसके बाद संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संरक्षक ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ का प्रदेश सचिव के पद पर विनय कुमार साव को और संघ के जिलाध्यक्ष के पद पर देवनंदन मांझी को नियुक्ति कर नए जिम्मेदारी सौंपी है। तदोपरांत इस पद पर कार्य करने के लिए दोनों को नियुक्ति पत्र दिया है। उपस्थित लोगों ने प्रदेश सचिव और जिलाध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। महिला सफाई कर्मियों ने अपनी समस्या को रखा। कहा कि पांच वर्षों से दैनिक मजदूरी बाकी है। होली के पहले सभी बकाया राशि भुगतान किया जाय,अन्यथा हम सभी सफाई कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। सफाई कर्मियों की बात गंभीरता से लेते हुए नेताओं ने कहा आप सभी लोगों की समस्याओं को मुख्यमंत्री मिलकर समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर पवन कुमार, प्रद्युम्न कुमार,उदय कुमार,बिहारी राम,इंदु देवी समेत अन्य रहे।

### समपिण्डन समारोह में पहुंचे सांसद प्रदीप कुमार सिंह, स्व. रघुनंदन साह को दी श्रद्धांजलि



**कुर्साकांटा (अररिया)।** बीती रात कुर्साकांटा प्रखंड स्थित डुमरिया निवासी सुनील साह के पिताजी स्व. रघुनंदन साह के समपिण्डन समारोह में प्रदीप कुमार सिंह, सांसद अररिया उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद श्री सिंह ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. रघुनंदन साह एक सरल, मिलनसार एवं समाजप्रिय व्यक्ति थे। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। मौके पर बड़ी संख्या में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) कार्यकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता उपस्थित रहे I

### जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ता की गिरफ्तारी व्यक्तिगत मामला, पार्टी का कोई संबंध नहीं — आदित्य लाल



**पूर्णिया।** पूर्णिया में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास झा और कार्यकर्ता इरशाद पूर्णवी की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी आदित्य लाल ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पूरी घटना व्यक्तिगत चूक का परिणाम है, जिसका पार्टी की विचारधारा या जनता के हितों से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई कानून सम्मत और प्रक्रिया के अनुसार है। आदित्य लाल ने बताया कि स्थानीय लोगों और बिहार टॉकीज के समीप मौजूद चश्मदीदों के अनुसार, कार्यकर्ता इरशाद पूर्णवी अपनी पत्नी और बच्चे के टीकाकरण के लिए अस्पताल गए थे। इसी दौरान गुस्से में आकर उन्होंने अपनी स्कॉर्पियो बीच सड़क पर खड़ी कर दी। चूंकि वह क्षेत्र अस्पताल का 'पेशेंट एरिया' है, इस कारण एम्बुलेंस और आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि निजी विवाद के बाद इरशाद पूर्णवी ने जिला अध्यक्ष विकास झा को मौके पर बुलाया और इस व्यक्तिगत मामले को जबरन "जनता का मुद्दा" बनाने की कोशिश की गई, ताकि राजनीतिक सहानुभूति हासिल की जा सके।

आदित्य लाल ने कड़े शब्दों में कहा — "यह पूरी घटना एक व्यक्तिगत मामला है और इसका आम जनता के हितों या पार्टी की विचारधारा से कोई सरोकार नहीं है। आम आदमी पार्टी कानून का सम्मान करती है। चूंकि यह मुद्दा पूरी तरह व्यक्तिगत लापरवाही से जुड़ा है, इसलिए पार्टी पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी और न ही इस निजी विवाद में हस्तक्षेप करेगी।" उन्होंने कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और पार्टी ऐसे किसी भी आचरण का समर्थन नहीं करती।

# निरंकारी मिशन सेवादल ने किया तालाब की साफ-सफाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नरहट (नवादा)।** जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र बने , तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन हिसुआ, शेखपुरा मंडल द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 22 फरवरी को किया गया। परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार नवादा जिला समेत समस्त भारत में भव्य रूप से इसका आयोजन किया गया।

हिसुआ मंडल द्वारा मुखी मदन शर्मा ,सेवादल इंचार्ज महेश प्रसाद एवं दिनेश विश्वकर्मा के सानिध्य में झिकरुआ स्थित सूर्य मंदिर परिसर एवं तालाब का विशेष साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। जिसमें हिसुआ के सेवादल के लगभग 200 सदस्यों ने मिलकर सामाजिक कार्य सम्पन्न किया। सफाई अभियान पश्चात 09.30 से 11.00 बजे तक निरंकारी सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

सेवादल इंचार्ज महेश प्रसाद ने कहा नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित इस जनआंदोलन ने अपने प्रथम तीन चरणों में सेवा, समर्पण और सहभागिता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है।

दिनेश विश्वकर्मा ने कहा सतगुरु माता जी का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान उसी पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है। इस मौके पर बाबूलाल शर्मा ,डॉ॰ छोटेलाल ,इंद्रदेव पासवान ,जयनंदन प्रसाद ,दिलीप पासवान ,सत्यनारायण शर्मा ,सुरेन्द्र प्रसाद ,उपेंद्र कुमार ,धनेश्वर जी ,जानकी जी ,रेखा शर्मा ,रानी देवी ,विजय रविदास ,रीता जी ,सिंकी जी ,स्वीटी गुप्ता ,उषा जी ,रमेश जी ,नर्मदा जी ,कलावती देवी ,संगीता जी ,शी जी सहित सैकड़ों सेवादल के भाई -बहनों ने साफ -सफाई में अपना योगदान दिया। शेखपुरा ब्रांच के मुखी विनोद गुप्ता के देख रेख में भी सफ़ाई अभियान चलाया गया।

## शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत गयाजी पहुंचे इंटर विद्यालय कौआकोल के विद्यार्थी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार शैक्षिक दर्शन 2025-26 के अंतर्गत प्रखंड के इंटर विद्यालय कौआकोल के छात्र-छात्राएं रविवार को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण के लिए गयाजी रवाना हुए। जिससे विद्यालय के बच्चों के बीच खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर छात्रों को शुभ यात्रा की कामना की। उन्होंने बताया कि परिभ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा के बाहर भी व्यावहारिक ज्ञान देना है,ताकि वे ऐतिहासिक,वैज्ञानिक और पर्यावरणीय स्थलों को नजदीक से देख सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को गयाजी के प्रसिद्ध विष्णु पद मंदिर, सीता कुंड, रबर डैम, मानसरोवर झील, बिपार्ड, मिलिट्री ट्रेनिंग स्कूल, हवाई अड्डा,मगध विश्वविद्यालय, 80 फीट बुद्ध मूर्ति, विभिन्न देशों के मठ और बुद्ध मंदिर परिसर का परिभ्रमण कराया गया एवं महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन कराया गया। मौके पर मौजूद विद्यालय के शिक्षक धृति, ऊदल, पवन, बनारस, सुमन, अंशु, धर्मवीर, राकेश, मुकेश आदि ने छात्र छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किए।

## महसई विद्यालय में शिक्षा समिति की बैठक सम्पन्न,सौंदर्यीकरण पर जोर,प्रस्ताव पारित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



विद्यालय में बैठक करते अध्यक्ष,सचिव व शिक्षकगण

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के महसई मोहल्ला के मुस्लिम टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार को शिक्षा समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड संख्या 12 की वार्ड पार्षद सदस्य खुशनुमा परवीन ने की। इस दौरान विद्यालय की सचिव फातिमा खातून एवं प्रधान शिक्षिका तमन्ना खातून भी मौजूद रही। बैठक में विद्यालय के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर रहा। विद्यालय में कार्यालय के लिए शीशा युक्त टेबल व 10 पीस फाइबर की कुर्सी,विद्यालय के शौचालय की साफ-सफाई,छज्जा मरम्मती व छत में ईंट जोड़ाई,कार्यालय के फर्श मरम्मती व कारपेट बिछाना,विद्यालय के चारदीवारी का रंग-रोगन,अलमीरा मरम्मती एवं एक साउंड बॉक्स की खरीदारी समेत कई अन्य मुख्य बिंदुओं पर बैठक के दौरान प्रस्ताव पारित हुआ। वार्ड पार्षद सदस्य ने बताई कि विद्यालय में अभी 80 बच्चे नामांकित है। बच्चों का ज्यादा समय विद्यालय में ही बीतता है,इसलिए विद्यालय का आकर्षक होना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के आकर्षक होने और बच्चों के लिए पर्याप्त सुविधाएं मिलने पर उनका लगाव विद्यालय के प्रति रहता है। साथ ही कहा कि सरकार द्वारा प्रदत राशि से विद्यालय को भविष्य में और भी सुविधाजनक और आकर्षक बनाया जाएगा। इस मौके पर शिक्षा समिति के सदस्य सह शिक्षक सतीश कुमार,शिक्षिका ईफ़ात परवीन जेया,असगरी खातून एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मो. इरफान आलम भी मौजूद रहे।

## रजौली में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन राउंड के तहत घर-घर दवा का किया जा रहा वितरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



ग्रामीण महिलाओं के दवाई वितरण करते कर्मी

**रजौली।** फाइलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत चल रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन राउंड में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर दवा वितरण किया जा रहा है। इस अभियान की मॉनिटरिंग पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो निधि लोखंडे द्वारा की जा रही है।फेलो रजौली क्षेत्र में भ्रमण कर दवा वितरण की प्रक्रिया,लाभार्थियों की उपस्थिति तथा दवा सेवन की पुष्टि कर रहे हैं।

साथ ही वे स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान की प्रगति की सतत समीक्षा कर रहे हैं।इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक दवा पहुंचे और फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके। समन्वित प्रयासों के माध्यम से अभियान को प्रभावी और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है, जिससे जिले में फाइलेरिया मुक्त लक्ष्य की दिशा में सकारात्मक प्रगति हो रही है।उल्लेखनीय है कि संबंधित गांधी फेलो निधि लोखंडे पिछले 18 महीनों से बिहार के पब्लिक हेल्थ क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों के माध्यम से समुदाय स्तर पर सशक्त हस्तक्षेप सुनिश्चित कर रहे हैं।स्वास्थ्य क्षेत्र में संचारी रोगों पर कार्य किया जा रहा है, विशेष रूप से फाइलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं।

## डॉ. ललिता का पासी समाज ने किया भव्य स्वागत




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** स्थानीय सदर अस्पताल में नव-पदस्थापित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ललिता कुमारी के सम्मान में रविवार को अखिल भारतीय पासी समाज द्वारा एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के प्रबुद्धजनों ने डॉ. ललिता की उपलब्धि को पूरे समाज के लिए गौरव का विषय बताया। समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय पासी समाज के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं चन्द्रिका चौधरी ने संयुक्त रूप से की। मंच का कुशल संचालन निशांत चौधरी द्वारा किया गया।

मूल रूप से गया जिले की बेटी और नवादा की बहू डॉ. ललिता को हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। उनकी इस उपलब्धि से अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों में उत्साह का माहौल है।

अभिनंदन से अभिभूत डॉ. ललिता कुमारी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की सेवा करना ही उनका परम कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अस्पताल आने वाले हर गरीब और जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होगी। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि डॉ. ललिता जैसी शिक्षित और संवेदनशील चिकित्सक के सदर अस्पताल में आने से दबे-कुचले और वंचित समाज के लोगों को सही और सम्मानजनक इलाज की नई उम्मीद मिली है। मौके पर पासी समाज के कई जनप्रतिनिधि समेत बुद्धिजीवी मौजूद थे।

## बेलौरी बूथ पर गूंजा "मन की बात" - विधायक विजय खेमका ने नागरिकों संग सुना 131वां संस्करण

### साझा भोजन, महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत के संकल्प पर प्रधानमंत्री का जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया शहर के बेलौरी कुशवाहा बस्ती स्थित बूथ संख्या 339 पर बूथ अध्यक्ष सोनू कुमार कुशवाहा के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का 131वां संस्करण विधायक विजय खेमका ने स्थानीय नागरिकों के साथ सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, जीविका दीदी तथा पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में "साझा भोजन" (कम्युनिटी मील) की परंपरा का उल्लेख करते हुए समाज में एकता, समरसता और सद्भाव को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब समाज के सभी वर्ग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं तो भेदभाव की दीवारें स्वतः समाप्त होती हैं और सामाजिक सौहार्द बढ़ता है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण, युवाओं के नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण तथा विकसित भारत के संकल्प जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे सामाजिक सद्भाव, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे प्रेरणादायक जन अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता की सहभागिता से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

**कार्यक्रम के बाद सम्मान व जनसंवादः** कार्यक्रम उपरांत स्थानीय बुजुर्ग किसान प्रतिनिधि मंडल एवं महिला प्रतिनिधि मंडल ने विधायक विजय खेमका का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया। उन्होंने बूथ अध्यक्ष सहित बूथ कमेटी के सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। विधायक ने कहा कि पूर्णिया विकास के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा राज्य सरकार के सहयोग से बिहार और पूर्णिया आने वाले समय में और अधिक प्रगति करेगा।

**ये रहे प्रमुख लोग उपस्थितः** कार्यक्रम में भाजपा नेता संजय सिंह, राम प्रसाद सिंह, लालबिहारी सिंह, मनोज सिंह, सुरेन सिंह कुशवाहा, जितेंद्र मंडल, अर्जुन सिंह, अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदी एवं युवा उपस्थित रहे।

## यूजीसी "काला कानून" के खिलाफ सवर्ण समाज का उग्र प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ फतेहपुर, पिठौरा, मिरदौल समेत कई गांवों में बैठकें — आगामी विशाल धरना की रणनीति तय, कानून निरस्त करने की उठी मांग

**नरपतगंज (अररिया)।** नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर, पिठौरा, मिरदौल सहित विभिन्न स्थानों पर रविवार को UGC से जुड़े कथित "काला कानून" के विरोध में सवर्ण समाज का जोरदार प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा ने किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया तथा आगामी दिनों में होने वाले विशाल धरना-प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपनी बात रखते हुए कानून के संभावित प्रभावों पर चर्चा की। नेताओं ने कहा कि भविष्य में सामाजिक असंतुलन और भेदभाव की आशंका को देखते हुए वे उच्चतम न्यायालय से मांग करते हैं कि इस कानून को पूर्ण रूप से निरस्त किया जाए। मौके पर प्रोफेसर कुंवर, प्रेम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

# अभिभावकों ने बढ़ाया बच्चों का हौसला वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरा हुनर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

### विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार हुए शामिल




**गयाजी।** गया-फतेहपुर मुख्य मार्ग स्थित गंधार गांव के पास स्थित ग्रीन फील्ड इंग्लिश स्कूल का वार्षिकोत्सव इस बार यादगार बन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार शामिल हुए। बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन और रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यालय के संस्थापक डॉ. प्रभुनंदन प्रसाद मौर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मंच सजा था। दर्शक दीर्घा भरी थी। अभिभावकों में उत्साह दिख रहा था। एक के बाद एक बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक और लोक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कई प्रस्तुतियों में सामाजिक संदेश भी था। अभिभावक अपने बच्चों का प्रदर्शन देख भावुक भी हुए और गर्व से तालियां बजाते रहे।

**बच्चों की प्रतिभा की सराहना कीः** मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम कुमार ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों से निकल रही प्रतिभाएं भविष्य का भारत तैयार कर रही हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन को जरूरी बताया। विद्यालय के निदेशक अमय कुमार मौर्य ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों की क्षमता को मंच देने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की स्थापना उनके पिता ने सेवा भाव से की थी। उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए टीम लगातार बेहतर शिक्षा देने में जुटी है।

उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। बच्चों का सर्वांगीण विकास हो, यही प्राथमिकता है। पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां और स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जाता है। समय-समय पर खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। कार्यक्रम के अंत में मेधावी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि छोटे गांवों के स्कूल भी बड़े सपनों को आकार दे रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में दिल्ली की युवती शराब के साथ गिरफ्तार, 146 बोतल विदेशी शराब के साथ 5 हुए गिरफ्तार



**गयाजी।** गयाजी के बोधगया और शेरघाटी थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 146 बोतल विदेशी शराब जब्त की है। कार्रवाई में 5 की गिरफ्तारी भी की गई है। इनमें एक युवती भी शामिल है जो दिल्ली की रहने वाली है। शराब की खेप को धंधेबाजों तक लाने और ले जाने का काम स्कूटी से करती थी। जब्त शराब की मात्रा करीब 69.75 लीटर बताई गई है। तस्करी में इस्तेमाल बाइक और ऑटो भी जब्त किए गए हैं। कार्रवाई आबकारी विभाग ने की है। पहली कार्रवाई बोधगया थाना क्षेत्र के भइया विगहा और राजापुर सुजाता बाइपास इलाके में हुई। आबकारी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक से शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर वाहन जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एक चॉकलेटी रंग की टीवीएस जुपिटर स्कूटी और एक ब्लू रंग की ग्लैमर बाइक से 91 बोतल विदेशी शराब और बीयर बरामद की गई। कुल मात्रा 49.125 लीटर रही। इस मामले में परैया थाना क्षेत्र के फूरहुरिया निवासी 37 वर्षीय कमलेश कुमार, दिल्ली के उत्तम नगर की 19 वर्षीय प्रीति कुमारी और बाराचट्टी के रेबदा निवासी 33 वर्षीय राजभजू यादव को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व आबकारी निरीक्षक उमेश चंद्र राय ने किया। दूसरी कार्रवाई शेरघाटी थाना क्षेत्र के सगाही में की गई। यहां एक ऑटो की तलाशी ली गई। वाहन में बनाए गए गुप्त बॉक्स से 55 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। कुल मात्रा 20.625 लीटर रही। इस मामले में चालक देव कुमार और उसके सहयोगी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी का नेतृत्व आबकारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने किया। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हो सके।

### नालंदा में यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ प्रदर्शन, सवर्ण समाज ने बताया काला कानून

#### मुंह पर काली पट्टी बांधकर विरोध; वापस लेने की मांग




**नालन्दा।** नालंदा में सवर्ण समाज के लोगों ने एकजुट होकर UGC के नए नियमों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इसे काला कानून बताते हुए केंद्र सरकार से वापस लेने की मांग है। मुंह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नया नियम समाज में बंटवारा करने और अराजकता फैलाने वाला है। विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वाल्मीकि कुमार सिंह ने केंद्र सरकार को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार की वर्तमान नीतियां समाज में जानबूझकर जातीय उन्माद फैलाने का काम कर रही हैं। जिस तरह से इस कथित काले कानून को समाज में लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, वह देश में द्वेष की भावना को जन्म देगा और वर्षों से कायम सामाजिक समरसता को पूरी तरह से नष्ट कर देगा। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दोहरी नीति अपनाने का तीखा प्रहार किया गया। वाल्मीकि कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक तरफ सरकार हिंदू राष्ट्र बनाने और सभी भाइयों को एकजुट करने की नसीहत देती है। दूसरी तरफ ऐसे कानून लाती है जो आपसी भाईचारे को मिटाते हैं। इस तरह की नीतियों से हिंदुस्तान में एकता कैसे कायम होगी।अगर भारत एक राष्ट्र है, तो पूरे देश में सभी के लिए एक समान कानून लागू होना चाहिए।

**एकजुट होकर प्रदर्शन की चेतावनी:** प्रदर्शनकारियों का कहना था कि देश का वास्तविक विकास और भलाई तभी संभव है जब कानून किसी भी धर्म, जाति या अगड़े-पिछड़े के भेद से मुक्त हो। प्रदर्शन में मौजूद सभी लोगों ने एक सुर में चेतावनी दी है कि अगर भाईचारा मिटाने वाले और जातीय उन्माद फैलाने वाले इन नियमों को वापस नहीं लिया गया, तो समाज एकजुट होकर अपना विरोध और अधिक तेज करेगा।

### 'काजल ऑर्केस्ट्रा' के ठिकाने पर रेड:यूपी की 13 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू, हिरासत में दो संचालक



**नालंदा।** नालंदा के सरमेरा इलाके में आज दिल्ली और स्थानीय पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने 'काजल ऑर्केस्ट्रा' के अड्डे पर छापेमारी की। ऑर्केस्ट्रा की आड़ में फंसी 13 नाबालिग लड़कियों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। मौके से पुलिस ने एक महिला और एक पुरुष संचालक को भी हिरासत में लिया है। जांच में यह बात सामने आई है कि रेस्क्यू की गईं सभी नाबालिग बच्चियां और ऑर्केस्ट्रा संचालक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले स्थित रॉबर्ट्सगंज के रहने वाले हैं। छापेमारी राष्ट्रीय मानव अधिकार संरक्षण आयोग (नई दिल्ली) के सदस्य प्रियांक कानूनगो और पटना सीआईडी (कमजोर वर्ग) के एडीजी अमित कुमार जैन के विशेष निर्देश पर की गई। अभियान के लिए दिल्ली से विशेष टीम बुलाई गई थी। नालंदा एसपी के गठित इस संयुक्त टीम में दिल्ली के रेस्क्यू फाउंडेशन के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर अक्षय पांडेय, मिशन मुक्ति फाउंडेशन के निदेशक वीरेंद्र कुमार सिंह और पश्चिम बंगाल के रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन के सिद्धांत घोष शामिल थे।

**जिला बाल कल्याण समिति ने भी की पुलिस की मदद:** स्थानीय स्तर पर जिला बाल कल्याण समिति (CWC) के सदस्य धनंजय कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई (चाइल्ड हेल्पलाइन) के प्रबंधक रंजन कुमार पाठक और प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर के अब्दुल मलिक खान, शैलेन्द्र प्रसाद व पूजा पांडेय ने भी अहम भूमिका निभाई। रणनीति के तहत महिला थाना नालंदा, एएचटीयू (AHTU) नालंदा, पुलिस लाइन बल और सरमेरा थाना पुलिस को मिलाकर एक विशेष टीम बनाई गई, जिसने अचानक काजल ऑर्केस्ट्रा के अड्डे पर दबिश दी और बच्चियों को मुक्त कराया।

**बच्चियों का होगा मेडिकल टेस्ट:** छापेमारी के बाद रेस्क्यू की गई सभी नाबालिग लड़कियों को महिला पुलिसकर्मियों की सुरक्षित अभिरक्षा में थाने लाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन सभी बच्चियों का सबसे पहले मेडिकल (चिकित्सीय) टेस्ट कराया जाएगा और उसके बाद उन्हें बाल कल्याण समिति के सामने प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि उनके सुरक्षित पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी की जा सके। वहीं, हिरासत में लिए गए ऑर्केस्ट्रा संचालकों के खिलाफ सरमेरा थाने में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# इमामगंज के वीर भगत सिंह खेल मैदान में गूंजा क्रिकेट का जोश

## तिरंगा क्रिकेट क्लब का भव्य आगाज़





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड के रानीगंज छठ घाट के समीप स्थित वीर भगत सिंह खेल मैदान रविवार को खेल उत्साह और देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया, जहां तिरंगा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। मैदान में उमड़ी खिलाड़ियों और दर्शकों की भीड़ ने आयोजन को यादगार बना दिया। टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन गुरुआ विधायक डॉ. उपेन्द्र प्रसाद एवं स्थानीय विधायक दीपा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेलकर किया। इस अवसर पर आयोजकों ने अतिथियों का बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। दोनों विधायकों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें कैप पहनाई और उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में डॉ. उपेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी देने की घोषणा की जा चुकी है। उन्होंने आयोजक मंडली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। विधायक दीपा कुमारी ने भी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। तिरंगा क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष संतोष शौण्डिक ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्घाटन मुकाबला मल्हारी और उजियार बहेरा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें मल्हारी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक हो गई है। कार्यक्रम में मुख्य पार्षद सोनम कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष रंजन पाण्डे, शिक्षक रंजन पासवान, पार्वती देवी, संतोष कुमार शौण्डिक, साबीर हुसैन, रामप्रीत भारती, अंकित शौण्डिक सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने यह साबित कर दिया कि इमामगंज की धरती पर खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों और संकल्पों की उड़ान है।

### वजीरगंज में दो स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** वजीरगंज प्रखंड में रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों मरीजों ने लाभ उठाया। दखिनगांव मोड़ और पुरा रोड पर आयोजित इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराईं। पुरा रोड स्थित शिविर का आयोजन अर्श सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की ओर से किया गया। शिविर में लगभग 500 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। आयोजक सदस्य कन्हैया कुमार ने बताया कि दवाओं की व्यवस्था मेडिकल एजेंसी की ओर से की गई थी, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को राहत मिल सके। शिविर में डॉ नवनीत निश्चल और डॉ प्रवीण शर्मा अपने चिकित्सक दल के साथ मौजूद रहे। उन्होंने विभिन्न रोगों से संबंधित समस्याएं सुनीं और मरीजों को उचित इलाज तथा सावधानियों की जानकारी दी। चिकित्सकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविरों की विशेष आवश्यकता है, क्योंकि कई लोग आर्थिक कारणों से नियमित जांच नहीं करा पाते हैं। वहीं दखिनगांव मोड़ पर डॉ मृदुल दीपांशु के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 100 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाएं दी गईं। यहां भी लोगों की भीड़ देखी गई। मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकों से जीवनशैली व खानपान संबंधी सुझाव प्राप्त किए। चिकित्सकों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा देना उनका प्रमुख उद्देश्य है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

## कुर्किहार गांव में होली मिलन सह अभिनंदन समारोह, विधायक वीरेन्द्र सिंह ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन

### पारंपरिक होली गीतों से गूंजा गांव, 13 सौ फीट लंबे दो पीसीसी पथों का हुआ लोकार्पण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के कुर्किहार गांव में रविवार को होली मिलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वजीरगंज विधायक वीरेन्द्र सिंह शामिल हुए। समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान गांव का माहौल पारंपरिक होली गीतों से सराबोर रहा।

गायन मंडली ने एक से बढ़कर एक फाग और होली गीतों की प्रस्तुति दी। विधायक वीरेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों के साथ बैठकर गीत-संगीत का आनंद लिया और सामाजिक सद्भाव व आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

आयोजक सदस्य डॉ सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विधायक ने गांव में दो पीसीसी पथों का उद्घाटन भी किया। दोनों सड़कों की कुल लंबाई लगभग 1300 फीट है। इनका निर्माण 10 लाख 62 हजार रुपये की प्राक्कलित राशि से कराया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और गांव के विकास को गति मिलेगी। समारोह में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। लोगों ने इस तरह के आयोजनों को सामाजिक एकता और परंपरा के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## देश की आजादी में साहित्यकारों की भूमिका अहम-कमला प्रसाद सिंह

### वजीरगंज में हिन्दी साहित्यिक मंच की हुई मासिक बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**वजीरगंज।** हिन्दी मगही साहित्यिक मंच वजीरगंज की मासिक बैठक रविवार को दखिनगांव में आयोजित की गई। बैठक के मंच संरक्षक सह समाजसेवी कमला प्रसाद सिंह ने कहा कि आप सभी साहित्यकार अपनी कलम से परंपराओं को संरक्षित करते हुए क्षेत्रिय समस्याओं को जरूर उठायें। देश की आजादी में साहित्यकारों ने अहम भूमिका निभाई थी, जिसके कारण लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने में मदद मिली थी। इसके अलावे परंपराओं व संस्कृति को बचाने का मात्र साहित्य ही एक उपाय है। बैठक के दरम्यान मंच सदस्य दिलीप कुशवाहा ने अपनी मगही कविता के माध्यम से कहा कि होली के त्योहार आ रहलई, अजबे परब मनाव हथी, और असली कुल के होली की है, ऐकरे समझ न पाव हथी -----। उसके बाद पमपम कुमार पुर्नेंदु ने अपने पिता मगही कोकिल स्व0 जयराम बाबु की रचना सुनाई। इसके अलावे रामचन्द्र दास, संजीत बख्तरीया, अखिलेश सिंह, निखिल कुमार, डॉ0 नौलेश सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद एवं मंच अध्यक्ष पंकज कुमार संजय, अमित कुमार, तपेश्वर पुरी, ललन कुमार सहीत अन्य मंच सदस्यों ने अपनी रचनाएं सुनाईं। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से आगामी 1 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

## नालंदा में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, आत्महत्या की आशंका

### ससुराल वाले घर छोड़ कर फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा।** नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत मई फरीदा गांव में आज एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका की पहचान नीतीश कुमार की पत्नी आरती कुमारी के रूप में की गई है। मृतका के चचेरे भाई राहुल कुमार ने बताया कि फोन से बहन के ससुराल वालों ने सूचना दी कि बहन ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। जब हम लोग परिवार के साथ बहन के ससुराल पहुंचे तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और बहन का शव बेड पर पड़ा हुआ है। घर वाले फरार है। बहन की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है। यह उन लोगों को नहीं पता है। पुलिस जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

साल 2020 में जहानाबाद जिला के पाली थाना क्षेत्र के गड़ेरिया बिगहा के रहने वाले अर्जुन यादव ने अपनी बेटी आरती कुमारी (22) की शादी, रहुई थाना क्षेत्र के मई फरीदा गांव के रहने वाले नीतीश कुमार के साथ की थी।

**एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की:** सदर डीएसपी टू संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि रहुई थाना अध्यक्ष को सूचना मिली हुई कि मई फ़रीदा गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है। परिजनों की ओर से आवेदन हासिल कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## नालंदा में लोगों को जलजमाव से मिलेगी मुक्ति, 20 फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा लगेगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत आज रहुई नगर पंचायत स्थित रहुई उच्च विद्यालय में गेट युक्त चहारदीवारी और बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में पहाड़ी तिराहा से कुशवाहा धर्मशाला तक आरसीसी नाला निर्माण काम का भव्य शुभारंभ किया गया। बिहार शरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार ने दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं पर क्रमशः लगभग 58 लाख और 1 करोड़ 81 लाख 64 हजार 474 रुपये की लागत आएगी। इसे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास और जलजमाव के स्थायी समाधान की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

**लोगों को जल जमाव से मिलेगी राहत:** शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान क्षेत्रवासियों ने जलनिकासी की गंभीर समस्या उनके सामने रखी थी। जनता की इसी मांग को प्राथमिकता देते हुए योजना की अनुशंसा की गई थी। उन्होंने भरोसा जताया कि इस आरसीसी नाले का निर्माण काम पूरा होने के बाद छोटी पहाड़ी, बड़ी पहाड़ी, मानसून नगर और कुशवाहा धर्मशाला क्षेत्र के लोगों को जलजमाव की चिरपरिचित समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी।

**20 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा लगेगी:** विधायक ने क्षेत्र के अन्य विकास काम का जिक्र करते हुए कहा कि वे लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर जनसमस्याओं का जायजा लेते हैं और जहां भी कमी दिखती है, वहां स्वयं योजना बनाकर उसे पूरा कराते हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी पहाड़ी फिटनेस पार्क जाने वाले मार्ग के निर्माण की अनुशंसा कर दी गई है। इसके साथ ही, पहाड़ी पर सभी वर्गों के स्वैच्छिक सहयोग से एक मंदिर का निर्माण भी कराया जा रहा है। इस क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से यहां लगभग 20 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करने की भी वृहद योजना है शहर के विकास पर चर्चा करते हुए डॉ. सुनील ने बताया कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत 11 विभिन्न विकास योजनाओं की अनुशंसा की गई है, जिन पर चरणबद्ध तरीके से काम चल रहा है।

बड़ी पहाड़ी से मुगल कुआं तक मार्ग का निर्माण भी इसी विकास कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के दौरान महिलाओं ने पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत की शिकायत की थी। इसे दूर करने के लिए वहां पानी पहुंचाने का कार्य किया गया है और नगर निगम के सहयोग से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास जारी है, ताकि वहां पहुंचने वाले बड़ी संख्या में लोगों को सुविधा मिल सके। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि साल 2005 में पहली बार विधायक बनने के बाद से ही वे लगातार विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं।

## राजगीर जू-सफारी की क्षमता होगी दोगुनी, 10 'सेल्फ-टिकट कियोस्क' लगाए जाएंगे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने और पर्यटकों को नया अनुभव देने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) आनंद किशोर ने राजगीर में अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों का विस्तृत खाका तैयार किया। इस अहम बैठक में डीएफओ राजकुमार एम, जू सफारी के डायरेक्टर राम सुंदर एम सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे। ACS आनंद किशोर ने कहा कि राजगीर राज्य का एक बेहद महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र है, जहां जू सफारी, नेचर सफारी और वेणु वन जैसे स्थलों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। पर्यटकों की भारी भीड़ और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जू-सफारी में प्रतिदिन टिकट जारी करने की क्षमता को 1,000 से बढ़ाकर 2,000 करने का सख्त निर्देश दिया गया है। टिकट लेने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए परिसर में कम से कम 10 'सेल्फ-टिकट कियोस्क' लगाए जाएंगे, जहां से लोग स्वयं अपना टिकट प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, ऑनलाइन बुकिंग में एक बार में अधिकतम छह टिकटों की वर्तमान सीमा को खत्म करते हुए बल्क बुकिंग की सुविधा भी जल्द शुरू की जाएगी। पर्यटन को आधुनिक बनाने और युवा पीढ़ी को आकर्षित करने के लिए सफारी में वर्चुअल रियलिटी (वीआर) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा, जंगली और पहाड़ी क्षेत्रों में खराब मोबाइल नेटवर्क की समस्या को दूर करने के लिए नए मोबाइल टावर स्थापित किए जाएंगे, ताकि पूरे इलाके में संचार व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे। पूरे पर्यटन क्षेत्र को पूरी तरह से दिव्यांग-अनुकूल बनाने के लिए भी एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसके तहत उनके लिए विशेष सुविधाएं



विकसित की जाएंगी। सैलानियों की सुविधा के लिए सफारी परिसर में अलग-अलग स्थानों पर कैफ़ेटेरिया, प्रतीक्षा स्थल, बच्चों के खेलने की जगहें और आरओ वाटर कूलर की व्यवस्था की जाएगी।

### नाइट टूरिज्म और वीआर तकनीक से बढ़ेगा रोमांच

राजगीर में नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भी एक बड़ा फैसला लिया गया है। पर्यटकों को शाम के समय एक नया आकर्षण देने के लिए 'वेणु वन' को अब शाम 5:00 बजे से रात 9:00 बजे तक खुला रखा जाएगा। इस दौरान यहां प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कला और संस्कृति को प्रमुखता मिलेगी। वन्य जीवों की संख्या और विविधता बढ़ाने पर जोर देते हुए एसीएस ने बताया कि पटना जू की तर्ज पर राजगीर सफारी में भी गैंडों (राइनो) के लिए एक सैटेलाइट सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा शेरों के क्षेत्र का जीर्णोद्धार करते हुए गौर और चिंकारा जैसे नए वन्यजीवों को लाने का प्रस्ताव है। वन्यजीवों के इलाज के लिए सफारी स्थित अस्पताल को भी पूरी तरह आधुनिक बनाया जाएगा।

**सहायता के लिए वन मित्र की तैनाती की जाएगी:** पर्यटकों की सहायता और सुरक्षा को लेकर भी बैठक में अहम निर्णय लिए गए हैं। पूरे क्षेत्र में 'वन मित्र' (फॉरेस्ट फ्रेंड्स) की तैनाती की जाएगी। ये वन मित्र एक निर्धारित ड्रेस कोड में रहेंगे और अपनी मोबाइल गाड़ियों से गश्त कर पर्यटकों को हरसंभव सहायता प्रदान करेंगे। वैभव गिरी पर्वत और इंद्रशाला गुफा जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों की सुरक्षित यात्रा के लिए वन विभाग जल्द ही 'गाइडेड टूर' शुरू करने जा रहा है। इसके लिए स्थानीय गाइड्स का बाकायदा रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और उन्हें वर्दी दी जाएगी।

**रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे:** संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त ईको-बसों और पेट्रोलिंग वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। इन सभी प्रयासों का अंतिम लक्ष्य राजगीर को 'नेशनल टूरिज्म' के मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करना है, जिससे पर्यटकों की संख्या के साथ-साथ स्थानीय लोगों के रोजगार और आय में भी भारी वृद्धि हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सासाराम में अंबेडकर आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**रोहतास।** सासाराम स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन जिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में किया गया, जिसमें जिले भर से कुल 1287 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दो घंटे चली। परीक्षा केंद्र पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। केंद्र में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की जांच की गई, इसके बाद ही उन्हें कक्ष में बैठने की अनुमति दी गई। परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक केंद्र के बाहर मौजूद रहे और बच्चों के परीक्षा समाप्त होने का इंतजार करते रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई थी। जिला कल्याण पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 6 में नामांकन के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि सभी 1287 परीक्षार्थियों ने निर्धारित समय में परीक्षा दी और पूरी प्रक्रिया कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई गई। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा और परिणाम समय पर घोषित किया जाएगा, ताकि चयनित विद्यार्थियों का नामांकन शीघ्र पूरा किया जा सके।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**चकिया-पू०च०।** सड़क दुर्घटना में रविवार की संध्या एक साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गयी। पुलिस शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। घटना चकिया केसरिया पथ पर गांव वृंदावन के पास घटित बताई गई है। मृतक की पहचान कल्याण पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव हनुमान नगर निवासी सुदेनी साह 86 के रूप मे बताई गई है। वृद्ध अपनी साईकिल पर सवार हो कर जा रहे थे कि उक्त घटना स्थल पर कोई अज्ञात वाहन चालक ठोकर मार दिया तथा मौका लाभ ले फरार होने मे सफल रहा। ठोकर लगने से साईकिल सवार वृद्ध गम्भीर रुप से घायल हो गया तथा घायल वृद्ध को स्थानीय लोगो के सहयोग से आनन फानन मे ईलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहाँ पर ईलाज के दौरान मौत हो गई। अचानक मौत की खबर से परिजन समेत शुभचिंतको व गांव मे मातम पसर गया तथा मृतक को देखने के लिए बडी संख्या मे लोग अनुमडलीय अस्पताल पहुंचे तथा घटना से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल था जबकि शुमचिंतक काफी मर्माहत थे।

### मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत 48 छात्र- छात्राएं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा पर रवाना

**हरसिद्धि।** मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के श्री रामेश्वर राजकीय मध्य विद्यालय, सोनबरसा के छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक और शैक्षणिक स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना किया गया। रविवार को कुल 48 बच्चों का दल जिसमें 24 छात्र और 24 छात्राएं शामिल हैं। छह शिक्षक -शिक्षिकाओं के साथ बस से शैक्षणिक यात्रा पर निकला। यह परिभ्रमण रविवार, 22 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 7:40 बजे विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुआ। यात्रा के दौरान छात्र- छात्राएं बिहार के प्रमुख ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का अवलोकन करेंगे और उनसे जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त करेंगे। इस क्रम में बच्चों को केसरिया बौद्ध स्तूप, विश्व शांति स्तूप वैशाली, विराट रामायण मंदिर कैथवलिया तथा चरखा पार्क गांधी संग्रहालय मोतिहारी जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। रवाना होने से पहले विद्यालय परिसर में संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद महतो, शिक्षक मुकेश कुमार, अमित कुमार तिवारी, ग्राम पंचायत राज सोनबरसा के सरपंच प्रतिनिधि श्री साहनी तथा विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष मैनेजर राम ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान बच्चों के साथ विद्यालय के वरीय शिक्षक छठू राउत, मनोज कुमार, शारदा कुमारी, अनुराधा कुमारी सहित अन्य शिक्षक -शिक्षिकाएं मौजूद हैं, जो छात्रों को विभिन्न स्थलों के इतिहास और महत्व की जानकारी देंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद महतो ने बताया कि मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना का उद्देश्य बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक ऐतिहासिक स्थलों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि होती है, साथ ही उनके शैक्षणिक और मानसिक विकास में भी काफी मदद मिलती है।

### अखिल भारतीय महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक



**चकिया-पू०च०।** आगामी 8मार्च से गांधी मैदान मे खेले जाने वाले सात दिवसीय अखिल भारतीय महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट को की सफल बनाने को लेकर रविवार को आयोजन समिति की एक समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह क्षेत्रीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने की। इस दौरान बैठक मे शामिल सदस्यों ने अपना अपना सुझाव साझा किया जिसको गम्भीरता सुना गया तथा बेहतर सुझाव को क्रियान्वयन के लिए सूचिबध्द किया गया। वहीं मुख्य संरक्षक ने बताया कि फुटबॉल खेल से गांधी मैदान की पहचान है आम खेल प्रेमियों से खेल मे शामिल होकर सफल बनाने का आह्वान किया।साथ ही टूर्नामेंट के सुभाष कुमार ने बताया कि इस सात दिवसीय टूर्नामेंट मे देश की नामचीन टीमों मे विराटनगर स्पोर्ट्स एकेडमी नेपाल, यूनाइटेड फुटबॉल क्लब सीवान,एक्वा फुटबॉल क्लब रांची झारखण्ड,उत्तरा खंड फुटबॉल क्लब उत्तराखंड,कंक्रिटो फुटबॉल क्लब कुशीनगर यूपी, मोहम्मडन एथ्लेटिक फुटबॉल क्लब कोलकाता,एमईजी फुटबॉल क्लब बंगलौर,कोलहान साकर चाईबासा झारखण्ड टीमे भाग लेगी। साथ ही कमेटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह राजू ने बताया कि विजेता टीम को एक लाख एकावन हजार नगद व ट्राफी जबकि उप विजेता टीम को एक लाख एक हजार व उपविजेता ट्राफी दी जायेगी। उदघाटन मैच यूनाइटेड फुटबॉल क्लब सीवान बिहार बनाम कंक्रीटों फुटबॉल क्लब कुसीनगर उत्तर प्रदेश के बीच खेला जायेगा । मौके पर समिति के सदस्य अशोक कुमार यादव,अरूण कुमार मिश्रा,कृष्णा कुमार शर्मा,मो दाउद,रोहित सिंह,जय प्रकाश यादव,नीरज यादव, आदित्य कुमार उर्फ़ कन्नू ठाकुर,रम्भू कुमार,अमित कुमार, सुकेश गुप्ता,अजय कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# तिलौथू में चोरी के माल सहित छह चोर गिरफ्तार

### एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी। रोहतास।** तिलौथू थाना क्षेत्र के पथरा ग्राम में दिनांक 21 फरवरी को चोरी की बड़ी वारदात के बाद पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए सामान की बरामदगी सहित छह चोरों को गिरफ्तार भी किया है। इसकी पुष्टि करते हुए एसपी रौशन कुमार ने बताया कि चोरी के घटना के बाद पता चला कि चितौली ग्राम थाना अमझोर निवासी अमित कुमार पिता विनय खरवार के घर चोरी का सामान मिल सकता है। घटना के उद्भेदन एवं प्राप्त असूचना के सत्यापन के लिए अंचल निरीक्षक सुरेश कुमार दास एवं अपर थाना अध्यक्ष दिवाकर कुमार के नेतृत्व में टीम की का गठन किया गया तथा छापेमारी के पश्चात अमित कुमार के घर से चोरी का गया पीतल का बर्तन, स्टील का बर्तन ,कपड़े, 4 एंड्राइड मोबाइल फोन तथा कीपैड मोबाइल बरामद किया गया। चोरी के कांड में शामिल अमित कुमार एवं ओमप्रकाश खरवार से घटना के संबंध में पूछताछ के क्रम में पता चला कि इस मामले में इन दोनों के अलावा छोटू खरवार,पिता तूफान खरवार, गुर्जर कुमार पिता विनय खरवार,विवेक खरवार पिता धरम खरवार एवं सनी कुमार पिता मनोज खरवार सभी चितौली ग्राम थाना अमझोर निवासी कांड में शामिल हैं। यह लोग अपने मोटरसाइकिल से दिन में घूम कर चोरी करने के लिए घर को चिन्हित करते हैं तथा शाम में मौका देखकर इनमें से एक व्यक्ति घर में छिप कर बैठ जाता है तथा रात होने पर जब घर के सभी लोग सो जाते हैं तो घर में छिपा व्यक्ति घर का दरवाजा खोल देता है और इस तरह सभी व्यक्ति घर में घुसकर कांड को अंजाम देते हैं।

इस घटना में शेष बचे छोटू खरवार गुर्जर कुमार विवेक खरवार एवं सनी कुमार को भी उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। घटना में उपयोग किया गया पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गिरफ्तार चोरों का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो पता चला कि इनके विरुद्ध अमझेर थाने में चार इंद्रपुरी में दो तथा तिलौथू में एक चोरी का मामला पूर्व में भी दर्ज है पुलिस की इस सफलता का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है तथा राहत की सांस ली है।

### सासाराम के महिला बटालियन केंद्र में प्रशिक्षण के दौरान तीन महिला जवानों की तबीयत बिगड़ी

**बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती, हालत में सुधार**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास।** रोहतास जिले के सासाराम स्थित महिला बटालियन केंद्र में प्रशिक्षण के दौरान रविवार को तीन महिला जवानों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद केंद्र परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में तीनों जवानों को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, प्रभावित महिला जवानों की पहचान दीपू कुमारी, आरती कुमारी और रेशमा कुमारी के रूप में हुई है। प्रशिक्षण के दौरान अचानक अस्वस्थ होने के बाद उन्हें बेहोशी की अवस्था में अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया और आवश्यक जांच कराई। सदर अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सक विनीत कुमार ने बताया कि तीनों जवानों को पेट दर्द और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत थी। एक जवान को एहतियातन अल्ट्रासाउंड जांच के लिए भेजा गया है, जबकि अन्य दो का इलाज अस्पताल में ही जारी है। चिकित्सक ने बताया कि सभी की स्थिति अब पहले से बेहतर है और वे खतरे से बाहर हैं। घटना के बाद महिला बटालियन केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## डब्बू सिंह जदयू प्रखंड तो सत्येंद्र बने नगर अध्यक्ष

### सर्वसम्मति से हुआ प्रखंड अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी। रोहतास।** जनता दल यूनाइटेड राज्य इकाई के निर्देश पर जनता दल यूनाइटेड का संगठनात्मक चुनाव एनीकट स्थित झारखंडी मंदिर टाल बांस के समीप हुई चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के कुछ देर तक किसी सदस्यों ने प्रखंड अध्यक्ष के लिए नामांकन नहीं किया। और डालमियानगर निवासी चंद्रधारी सिंह उर्फ डब्बू सिंह को सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। उपस्थित पार्टी के निर्वाचि पदाधिकारी बसंत कुमार राय एवं पर्यवेक्षक डॉ वीरेंद्र सिंह सिकरवार ने सदस्यों से कहा कि जनता दल यूनाइटेड बिहार की सबसे बड़ी विकसित पार्टी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने जितना चौमुखी विकास किया है, यही कारण है, कि आम अवाम को जनता दल यूनाइटेड पर पूर्ण भरोसा रहता है। पार्टी का उत्तरोत्तर विकास के लिए अच्छी पहल यह होनी चाहिए कि बिना किसी भेदभाव के आपसी सहमति से प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव हो। ताकि सभी सदस्य एकजुटता के साथ नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को सहयोग करते हुए जनता दल यूनाइटेड को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। चुनाव प्रक्रिया के महज एक घंटे के बीच उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से चंद्रधारी सिंह उर्फ डब्बू सिंह को जनता दल यूनाइटेड प्रखंड अध्यक्ष पर सहमति जताई। तत्पश्चात निर्वाचि पदाधिकारी बसंत कुमार राय व पर्यवेक्षक डॉ वीरेंद्र सिंह सिकरवार ने चंद्रधारी सिंह उर्फ डब्बू सिंह को प्रखंड अध्यक्ष के निर्वाचन की घोषणा की। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उपस्थित सदस्यों ने डब्बू सिंह को माला पहनकर स्वागत किया। निर्वाचन बैठक में पार्टी के सक्रिय सदस्य विनोद कुमार सिंह, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, सरोज सिंह, सिद्धार्थ सत्यार्थ उर्फ बुढ़ा सिंह, अमरेंद्र सिंह, सतीश सिंह, सिकंदर कुमार, शिव शंकर सिंह, रवि शंकर सिंह, सुमित सिंह, रौनक कुमार, भास्कर सिंह, रिंकू कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज गुप्ता समेत बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## घुसियां खुर्द में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक, प्रशिक्षण अभियान पर मंथन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**◆ 'मन की बात' की 131वीं कड़ी सुनने के बाद संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा, बूथ स्तर पर सम्मान की उठी मांग**



**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज प्रखंड के घुसियां खुर्द गांव में रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक से पहले कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 131वीं कड़ी सामूहिक रूप से सुनी। इसके बाद संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने देश में चल रही कथित देशविरोधी गतिविधियों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित के मुद्दों पर सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान पर विशेष चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह अभियान 7 मार्च से शुरू होगा, जिसके माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। प्रशिक्षण के जरिए कार्यकर्ताओं को विचारधारा, संगठन विस्तार और जनसंपर्क से जुड़े विषयों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में यह मांग भी उठी कि 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश स्तर पर सम्मानित करने का आधार मंडल के बजाय बूथ स्तर पर तय किया जाए। प्रवक्ता ने कहा कि इससे संगठन की सबसे छोटी इकाई भी सम्मानित महसूस करेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष नवनीत शाह, शंभू शरण चौधरी, मंत्री शिवकुमारी देवी, शक्ति केंद्र प्रभारी इंद्रदेव चौधरी, महिला मंडल अध्यक्ष कमला देवी, बूथ समिति सदस्य मुन्ना गुप्ता, संतोष गुप्ता, श्रीभगवान पासवान, शिक्षक दिनेश सिंह, पंच रणविजय चौधरी, दसई शर्मा, पीतांबर गुप्ता, जनार्दन शाह और नंदलाल शाह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

### तिलौथू में सासाराम विधायक ने की मातमपुर्सी मृतक तीन परिवार के परिजनों के प्रति जताया शोक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी। रोहतास।** सासाराम विधायक स्नेह लता कुशवाहा ने रविवार को तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के हाल में एक पंचायत प्रतिनिधि समेत तीन परिवार में हुए दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों से मिलकर मातमपुर्सी की।

तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के चंदनपुरा के पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र सिंह की आकस्मिक निधन के पश्चात उनके घर रविवार को स्थानीय विधायक स्नेह लता ने घर जाकर परिजनों से मिलकर मातमपुर्सी की तथा परिवार वालों को ढाढस बंधाया। परिजनों से कहा कि पंचायत समिति सदस्य रहते पंचायत में विकास के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में उनके कार्य को भूलाया नहीं जा सकता। वहीं भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह की माता के निधन पर उनके घर मदारीपुर भी मुलाकात की तथा परिजनों को सांत्वना दिया।

वही पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि अमन कुमार दास की माता के निधन पर भी उनके घर राजीरमडीहरा जाकर विधायक ने मातम पुर्सी की। विधायक ने अमन दास से कहा कि एक मां का निधन पुत्र के लिए कितना दुखदाई होता है, उसे समझा जा सकता है। आपने अंतिम समय तक उनकी सेवा की। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करेंगे। मौके पर रालोम जिलाध्यक्ष कपिल कुमार समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### चेनारी के लांजी पुल पर महाशिवरात्रि दंगल, बिहार की पहलवानों का दबदबा

## भारती ने 15 सेकंड में दर्ज की जीत, धनवंती कुमारी ने रोमांचक फाइनल में झारखंड की प्रियंका को दी पटखनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**रोहतास।** रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड स्थित लांजी पुल पर रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड सहित कई राज्यों के पहलवानों ने भाग लेकर अपने दांवपेंच और दमखम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार विधानसभा के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया और कुश्ती को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताया। प्रतियोगिता में महिला मुकाबलों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। बिहार की भारती पहलवान ने झारखंड की राधिका पहलवान को मात्र 15 सेकंड में पराजित कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं फाइनल मुकाबले में पटना की धनवंती कुमारी और झारखंड की प्रियंका कुमारी के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दोनों ने शानदार तकनीक और फुर्ती का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में धनवंती कुमारी ने प्रियंका को पटखनी देकर खिताब अपने नाम कर लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में पंजाब, मेरठ, हरियाणा, बनारस, सीमावर्ती नेपाल और बिहार के विभिन्न जिलों से पहलवान पहुंचे थे। दिनभर चले मुकाबलों में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। मुख्य अतिथि अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि कुश्ती न केवल शारीरिक शक्ति को बढ़ाती है, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती है। उन्होंने युवाओं से पारंपरिक खेलों को अपनाने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका उत्तर प्रदेश के सैफई निवासी देवेंद्र कुमार और पटना के धीरज कुमार चौहान ने निभाई। राजा गुप्ता ने आंखों देखा हाल सुनाकर दर्शकों का उत्साह बनाए रखा।

समिति की ओर से विजेता और उपविजेता पहलवानों को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दंगल में पटना की धनवंती यादव, हरियाणा के संदीप कुमार, उत्तर प्रदेश के धर्मेंद्र, बनारस के इम्तियाज खान, बक्सर के बहादुर पहलवान, कैमूर के रियासत पहलवान और पटना की आरती देवी सहित दो दर्जन से अधिक पहलवानों ने विभिन्न वर्गों में जीत हासिल की। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलता है और युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा मिलती है।

## गुमटी से 19 पुड़िया गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र के मटियरिया कांटा के पास पुलिस ने नशा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक गुमटी से 19 पुड़िया गांजा बरामद किया है। मौके से गांजा बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नसीम आलम (पुत्र मस्तकीम मियां), निवासी लक्ष्मनवा पैठन पट्टी वार्ड संख्या 08, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान 19 पुड़िया गांजा बरामद किया गया। आरोपी को मौके पर ही हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ के क्रम में नसीम आलम ने बताया कि सुगौली थाना क्षेत्र के रौशन सपाहा निवासी संदीप यादव (पुत्र चंचल राय) भी गांजा बिक्री के धंधे में संलिप्त है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सुगौली थाना क्षेत्र के रौशन सपाहा में छापेमारी की। वहां से 8 पुड़िया गांजा एवं कुछ नकद राशि बरामद की गई। पुलिस ने संदीप यादव को भी गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी ऋषभ कुमार ने बताया कि "क्षेत्र में नशा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में गांजा बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संलिप्त अन्य लोगों की भी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।" दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई अहम बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**तुरकौलिया।** कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हरसिद्धि विधानसभा में कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में तुरकौलिया में कृष्णा पासवान के आवास पर एक अहम बैठक हुई। जहां जिलाध्यक्ष शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय, प्रदेश प्रभारी ममता निषाद, जिला प्रभारी गुजरात के हिम्मत सिंह पटेल, प्रो0 विजय शंकर पाण्डेय, अनवर आलम अंसारी, शैलेंद्र सिंह, गुलरेज अहमद, ओसैदुर्रहमान खान, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नाथ तिवारी अजीत कुमार आदि नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए अपनी बात रखी। प्रदेश प्रभारी ममता निषाद ने कहा कि चंपारण कांग्रेसियों का गढ़ रहा है। पार्टी को और मजबूत बनाने को लेकर नये लोगों को जोड़ना है। इसी उद्देश्य से पार्टी अभियान चला रही है। ताकि पार्टी और संगठन को मजबूत बनाया जा सके। जिला प्रभारी हिम्मत सिंह पटेल ने कहा कि गुजरात के साबरमती में कांग्रेस ने अधिवेशन आयोजित कर संगठन को मजबूत करने का प्रस्ताव पारित किया है। तबसे संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की जा रही है। कैसे और किस तरह पार्टी का संगठन खड़ी की जाए। इसी को लेकर गांव, पंचायत और प्रखंड के कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया जा रहा है। कार्यकर्ताओ से वन-टू-वन मुलाकात भी की जा रही है। इनकी राय से प्रदेश कार्यालय को अवगत कराया जाएगा। केंद्र सरकार से आमजनता का मोह भंग हो चुका है। अब कांग्रेस का दौर आने वाला है। आज़ादी की लड़ाई से लेकर आजतक कांग्रेस देशहित और आमजनता की लड़ाई लड़ते आ रही है। केंद्र की एनडीए सरकार अमेरिका के दबाव में काम कर रही है। सरकार केवल हिंदू मुस्लिम के बीच नफरत फ़ैलाने का काम कर रही है। किसानों को परेशान किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आवाज को दबाया जा रहा है। देश की जनता अब कांग्रेस के तरफ देख रही है। बैठक में पवन कुमार, रामजयपाल यादव, सुभान मंसूरी, लालबाबू अंसारी, रविंद्र श्रीवास्तव, पप्पू ठाकुर, शहाबुद्दीन नैयर, अशोक चौधरी, वाहिद खान, अवधेश गिरी आदि मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विद्या मंदिर प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में वार्षिकोत्सव और विद्यालय की प्रगति की बनी रूपरेखा

**अररिया।** फारबिसगंज के कटहरा स्थित विद्या भारती लोक शिक्षा समिति से सम्बद्ध विद्यालय सुलोचना देवी डॉ डीएल दास शिशु मंदिर एवं बालिका विद्या मंदिर में रविवार को प्रबंधकारिणी समिति की बैठक लोक शिक्षा समिति बिहार के अध्यक्ष राम प्रकाश प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने अधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय कराया। साथ ही शिशु विद्या मंदिर अर्थात विद्या भारती की भूमिका की चर्चा करते हुए विषय प्रवेश कराया। सचिव शिवनारायण दास भानु ने विद्यालय में 27 फरवरी को होने वाले 21 वें वार्षिकोत्सव पर बल देते हुए समिति के अधिकारियों एवं सदस्यों का कदम से कदम मिलाकर सकारात्मक सोच के साथ विद्यालय को प्रगति पथ पर आगे ले जाने एवं समाज में इसकी प्रतिष्ठा को स्थापित करने का आह्वान किया। सह सचिव कर्नल दास और कोषाध्यक्ष सकलदेव मंडल ने बच्चों के गुणात्मक विकास हेतु ठोस पहल करने पर बल दिया।अन्य सदस्यों ने भी विद्यालय के विकास पर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक में अन्य सदस्यों के साथ आचार्य प्रतिनिधि रिया कुमारी, अजय कुमार राय उपस्थित रहे। इससे पूर्व संगठन मंत्र के साथ बैठक प्रारंभ हुई।

### स्काउट गाइड के संस्थापक की जन्म जयंती चिंतन दिवस के रूप में मनी

**अररिया।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के बैनर तले फारबिसगंज प्लस टू ली एकेडमी के खेल मैदान परिसर में स्काउट गाइड के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पावेल एवं उनकी पत्नी सेंट क्लियर शॉम्स की जन्म जयंती रविवार को चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर उपस्थित स्काउट गाइड एवं अधिकारियों ने सर्वप्रथम बेडेन पावेल और उनकी पत्नी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात संयुक्त राज्य सचिव सह जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बेडेन पावेल का जन्म 22 फरवरी 1857 ई को एवं उनकी पत्नी का जन्म 22 फरवरी 1889 ई को हुआ था। इस हेतु पूरे विश्व में इस दिवस को चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्काउट मास्टर मोहम्मद शब्दूल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमे उनके विचार एवं आदर्श पर चलने और जीवन चरित्र से काफी कुछ सीख लेने के की आवश्यकता है। मौके पर स्काउट मास्टर मो. शाहिद आलम, सीनियर स्काउट अंश कुमार, विशाल कुमार, प्रेम कुमार, अजय कुमार, मिथलेश कुमार, आदित्य के साथ गाइड साक्षी कुमारी, ज्योति कुमारी, विशाखा, प्रीति, दिया, नेहा , वर्षा कुमारी के साथ दर्जनों की संख्या में स्काउट गाइड उपस्थित थे।

### पुलिस सप्ताह के पहले दिन यातायात जागरूकता कार्यशाला

**भागलपुर।** भागलपुर में 22 फरवरी से 27 फरवरी तक पुलिस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत आज समीक्षा भवन में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह और सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिकांश दुर्घटनाएं नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। ऐसे में हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग अनिवार्य है। कार्यक्रम में यातायात पुलिस कर्मियों की ओर से डेमो के माध्यम से सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देने की प्रक्रिया समझाई गई। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने से पहले प्राथमिक उपचार देना उसकी जान बचा सकता है। मौके पर मौजूद विशेषज्ञों ने लोगों को आपात स्थिति में घबराने के बजाय सजग रहकर सही तरीके से मदद करने की अपील की। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

**यातायात नियमों का पालन करने की अपीलः** उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने सड़क पर पैदल मार्च निकालकर आम लोगों को जागरूक किया और नियमों के पालन की अपील की। पुलिस सप्ताह के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है। एसएसपी ने कहा है कि "यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग जीवन रक्षा का सबसे सरल उपाय है। पुलिस सप्ताह के माध्यम से हम लोगों को जागरूक कर सुरक्षित भागलपुर बनाने का संकल्प ले रहे हैं।

### श्राद्ध कार्यक्रम में फायरिंग

**भागलपुर।** भागलपुर में श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान फायरिंग हुई है। गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मायागंज में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान मुकेश कुमार मंडल(37) के तौर पर हुई है। घटना सबौर थाना क्षेत्र के ममलखा गांव की है। जानकारी के अनुसार गांव में श्राद्ध कार्यक्रम के अंतिम दिन किसी बात को लेकर दो गुटों में कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। विवाद के बीच अचानक किसी ने गोली चला दी। एक बुलेट मुकेश के पीठ में जा लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया।

**बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगीः** पुलिस के अनुसार, घायल मुकेश मंडल अभी स्पष्ट बयान नहीं दे पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधि-व्यवस्था डीएसपी नवनीत कुमार भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायल का इलाज जारी है। बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### अब आईआरसीटीसी एप भी रेलवन में मर्ज होगा

**भागलपुर।** रेल यात्रियों को एक मंच देने के लिए अब आईआरसीटीसी एप को भी खत्म किया जाएगा। इसके सभी ग्राहकों को रेल वन एप में सम्मिलित (मर्ज) किया जाएगा। इससे यात्रियों को एक ही जगह रेलवे की सभी सुविधाएं मिलेंगी। अभी जिसकी आईआरसीटीसी में आईडी है, उसकी आईडी रेलवन एप में काम नहीं करती है। रेलवन एप के लिए अलग आईडी बनानी होती है, तभी सुपर एप का प्रयोग कर सकते हैं। लोगों को सुपर एप के लिए नई ईमेल आईडी बनानी पड़ रही है। शेष|पेज 11 पर

**डेबिट कार्ड और यूपीआई से भी किराये में अंतरः** विक्रमशिला एक्सप्रेस से भागलपुर से दिल्ली तक का सुपरएप में किराया (3एसी) 1570.40 रुपए डेबिट कार्ड से लग रहा है। आईआरसीटीसी से अगर डेबिट कार्ड से टिकट बुक कराया जाए तो 1603 रुपए लिए जा रहे हैं। 3एसी में ही अगर यूपीआई से टिकट बुक कराया जाए तो 1558.60 रुपए सुपर एप से लग रहे हैं।

**आईआरसीटीसी के सुविधा शुल्क में भी है अंतरः** रेल वन और आईआरसीटीसी के सुविधा शुल्क में भी अंतर है। रेल वन से टिकट बुक कराना यात्रियों को सस्ता पड़ रहा है। जबकि आईआरसीटीसी उसी टिकट के लिए ज्यादा पैसे ले रहा है। भागलपुर से आनंद विहार तक सुपर एप से टिकट लेने पर सुविधा शुल्क 23 तो आईआरसीटीसी से 35 रुपए लग रहे हैं।

# बारह हजार लोगों को मिलेगा भागलपुर में रोजगार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




♦ अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी पहुंचे पीरपैंती, 30 हजार करोड़ की परियोजना का लिया जायजा

**भागलपुर।** भागलपुर के पीरपैंती प्रखंड में आज दोपहर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी पहुंचे। उन्होंने यहां निर्माणाधीन अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का स्थल निरीक्षण किया और परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। उनका यह दौरा राज्य में औद्योगिक निवेश और विकास परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अदाणी समूह पीरपैंती में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 2400 मेगावाट क्षमता का थर्मल पावर प्लांट बना रहा है। यह परियोजना पीरपैंती प्रखंड के सिरमतपुर और आसपास के करीब 479 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जा रही है। बता दें कि इससे करीब 12 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

**परियोजना के निर्माण और संचालन में तेजी आएगीः** इस परियोजना स्थल की भौगोलिक स्थिति लॉजिस्टिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके उत्तर में गंगा नदी, दक्षिण में राष्ट्रीय राजमार्ग और पास में रेलवे स्टेशन होने से परिवहन और संसाधनों की उपलब्धता आसान होगी। इससे परियोजना के निर्माण और संचालन में तेजी आएगी। परियोजना के निर्माण चरण में लगभग 10 से 12 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। प्लांट के चालू होने के बाद करीब 3000 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा।

**भूमि समतलीकरण का काम तेजी से चल रहाः** फिलहाल, परियोजना स्थल पर चहारदीवारी निर्माण और भूमि समतलीकरण का काम तेजी से चल रहा है। कंपनी ने इस मेगा प्रोजेक्ट को अगले पांच साल के अंदर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। गौतम अदाणी ने इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना बिहार की बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ क्षेत्र में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अदाणी के इस दौरे से राज्य में निवेश और विकास को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## बिस्किट फैक्ट्री में लगी आग



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र स्थित बाल्टी कारखाना इलाके में आज एक बिस्किट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री चपेट में आ गई। ढाई घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के समय फैक्ट्री के अंदर कई कर्मचारी काम कर रहे थे। आग अचानक लगी और कुछ ही मिनटों में लपटें पूरे परिसर में फैल गईं। कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मोजाहिदपुर थाना और अग्निशमन विभाग को दी गई।

**आग पर काबू पाने का प्रयास जारीः** सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए तीन बड़ी और तीन छोटी दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण उस पर नियंत्रण पाना संभव नहीं हो सका। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा है। अग्निशमन पदाधिकारी अभय सिंह ने बताया कि आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है।

## यूजीसी-एससी/ एसटी एक्ट रद्द करने की मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बेगूसराय।** अखिल भारतीय संयुक्त सवर्ण अधिकार मोर्चा के बैनर तले UGC एक्ट एवं SC/ST एक्ट के दुरुपयोग के विरोध में आज बेगूसराय में मौन जुलूस निकाला गया। मौन जुलूस जीडी कॉलेज से शुरू होकर मेन मार्केट, नगरपालिका चौक होते हुए हड़ताली चौक पर आकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मोर्चा के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग शामिल हुए।

**SC/ST एक्ट के दुरुपयोग का मुद्दा उठायाः** जुलूस के दौरान लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में उपस्थिति दर्ज कराई। मोर्चा के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि संगठन UGC एक्ट की वापसी तक अपना विरोध जारी रखेगा। उन्होंने SC/ST एक्ट के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दरभंगा की तरह उनके संगठन के कुछ सदस्यों पर भी फर्जी मामलों में SC/ST एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। इस संबंध में एसपी एवं डीएसपी को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया है। कानून पर उन्हें पूरा भरोसा है कि निर्दोष लोग दोषमुक्त होंगे और जो सामाजिक विद्वेष फैलाना चाहते थे, उनपर कार्रवाई होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा व आवश्यकता पड़ने पर भूख हड़ताल-अनशन जैसे कदम भी उठाए जाएंगे।

## अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चला बुलडोज, झोपड़ी नुमा मकान को किया ध्वस्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के कहलगांव नगर पंचायत क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। व्यापक अभियान चलाया गया है। हाट रोड से स्टेशन चौक होते हुए एलसीटी घाट रोड तक सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए दुकानों, ठेलों और अस्थायी ढांचों को बुलडोजर से हटाया गया। अभियान का नेतृत्व कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण चंद्र गुप्ता ने किया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनी रही और अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। SDO ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान मुख्य सड़कों के किनारे बने अवैध दुकान, टिन शेड और अन्य अस्थायी निर्माणों को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों में हल्की नाराजगी देखी गई, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में रही।

**लोग बोले- जाम की समस्या आम हुईः** स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा था और जाम की समस्या आम हो गई थी। लोगों को उम्मीद है कि इस कार्रवाई से यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा। एसडीओ कृष्ण चंद्र गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमित निरीक्षण कर अवैध कब्जों पर सख्ती बरती जाएगी।

## 182 पंचायतों में बनेंगे मॉडर्न मैरिज हॉल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बांका।** राज्य सरकार ने शादी-विवाह के दौरान होने वाले भारी-भरकम खर्च से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से एक अहम पहल की है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत बांका की सभी 182 पंचायतों में आधुनिक विवाह भवन बनाए जाएंगे। पंचायती राज विभाग ने प्रत्येक विवाह भवन के निर्माण पर लगभग 50 लाख रुपये खर्च करने का निर्णय लिया है। इससे आम लोगों को टेंट-पंडाल, होटल और अन्य महंगी व्यवस्थाओं से मुक्ति मिलेगी।

**दो मंजिला होंगे भवन, पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था होगीः** ये प्रस्तावित विवाह भवन दो मंजिला होंगे, जिनमें दो बड़े हॉल,कई कमरे,शौचालय, बाथरूम,किचन सेट और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था होगी।भवन में ही कन्या मंडप की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वर और वधू पक्ष के ठहरने के लिए अलग-अलग कमरे होंगे, जिनमें अटैच बाथरूम और शौचालय की सुविधा रहेगी। भोजन बनाने के लिए भवन के बाहर अलग किचन शेड का निर्माण किया जाएगा, जबकि मेहमानों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल भी विकसित किए जाएंगे। जिले की कुल 182 पंचायतों में विवाह भवन निर्माण की कवायद शुरू हो चुकी है। इसके लिए संबंधित पंचायतों में जमीन चिन्हित की जाएगी। राजस्व विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। जिला पंचायती राज पदाधिकारी रवि प्रकाश गौतम ने बताया कि इन विवाह भवनों का उपयोग केवल शादी-विवाह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी किया जा सकेगा।

**सरकारी स्कूलों में बारात ठहराव पर सख्त प्रतिबंधः** सरकार ने अब सरकारी स्कूलों में बारात ठहराव पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे विवाह भवनों की आवश्यकता और बढ़ गई है। योजना के तहत निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की निगरानी में निर्माण कराया जाएगा, ताकि समय पर और निर्धारित मानकों के अनुरूप भवन तैयार हो सकें।

**प्रखंडवार पंचायतों की संख्या के अनुसार बनाए जाएंगे भवनः** प्रखंडवार पंचायतों की संख्या के अनुसार विवाह भवन बनाए जाएंगे। बांका में 16, बेलहर में 18, कटोरिया में 15, चांदन में 17, रजौन में 18, अमरपुर में 19, धोरैया में 20, बौंसी में 14, फुल्लीडुमर में 11, शंभूगंज में 19 और बाराहाट में 15 पंचायतों में निर्माण प्रस्तावित है। इस पहल से विशेषकर कम आयवर्ग के लोगों पर शादी-विवाह के खर्च का बोझ कम होगा और पंचायतों में सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## हाइवा के कुचलने से छात्र की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में SH-55 पर तेज रफ्तार हाईवा ट्रक से कुचलकर आज एक छात्र की मौत हो गई। घटना बेगूसराय-रोसड़ा सड़क पर भरकाहा चौक के पास की है। मृतक की पहचान समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र स्थित नरहन गांव के रहने वाले गुड्डू झा के बेटे आदर्श कुमार (22) के रूप में की गई है। हादसे की सूचना पर चेरिया बरियारपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर लिया है, जबकि हाईवा की पहचान और खोजबीन की जा रही है। मृतक के नाना राजकुमार मिश्र ने बताया कि गुड्डू झा का एकलौता बेटा आदर्श नरहन कॉलेज में बीए का स्टूडेंट था। आज रविवार रहने के कारण बाइक से वह हमसे मिलने के लिए महेशवाड़ा गांव आ रहा था। घर से चलने के बाद काफी देर तक नहीं पहुंचने पर हमने जब आदर्श के नंबर पर फोन किया।

**स्थानीय बोले- आदर्श अपने साइड से बाइक चला रहा थाः** फोन चेरिया बरियारपुर थानाध्यक्ष ने रिसीव किया और उन्होंने घटना की जानकारी दी। हम लोग चेरिया बरियारपुर थाना पर पहुंचे, तो वहां से सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां उसकी लाश मिली है। तेज रफ्तार हाईवा में सिर कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आदर्श अपने साइड से ही बाइक चलाते हुए आ रहा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ट्रक उसे कुचलते हुए भाग निकला। ट्रक के पीछे VSC लिखा हुआ था।

## 2001 महिलाओं के कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ महाविष्णु यज्ञ,रेणु की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** फारबिसगंज के हिंगना औराही में आठ दिवसीय श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ के शुभारंभ से पूर्व रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर 2001 महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा यज्ञ स्थल हिंगना औराही हाट से प्रारंभ होकर शंकरपुर होते हुए जल भरने के लिए रानी पोखर पहुंची। वहां महिलाओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश में जल भरा और पुनः यज्ञ स्थल की ओर प्रस्थान किया। प्रथम कलश मौसम कुमारी ने धारण किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यज्ञ कमेटी के सदस्य अरविंद पटेल ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान आठ दिनों तक चलेगा। इस दौरान हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नियमित आहुति दी जाएगी। यज्ञ स्थल पर भगवान विष्णु के स्वरूपों की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले भी लगाए गए हैं, जिससे बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु की आदमकद प्रतिमा, जिसके हाथ में उनकी चर्चित कृति मैला आँचल है, लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित कर रही है। श्रद्धालु प्रतिमा के साथ सेल्फी लेने में काफी रुचि दिखा रहे हैं। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में अरविंद पटेल, डब्लू भगत,पूर्व मुखिया सुनील कुमार मंडल), बीरेंदर कुमार, रत्नेश कुमार, विजय कुमार, पिनाकी रंजन, गुड्डू कुमार, अमित कुमार, अशोक मंडल, सुरेन्द्र मंडल, लाडली कुमारी, प्राची कुमारी, मोनी कुमारी, कंचन देवी, विभा देवी, जुली देवी, रुचि कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सोमवार से विधिवत रूप से विष्णु यज्ञ प्रारंभ होगा, जिसे लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह का माहौल है।

## टीचर सम्मान समारोह का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नई-नई तकनीकों और नवाचार के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे टीचरों को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक प्रयोगों को बढ़ावा देना और शिक्षकों के सराहनीय प्रयासों को मंच देना था। कार्यक्रम के दौरान 'मेरा मोबाइल, मेरी शिक्षा' पहल की विशेष चर्चा रही। इसके तहत शिक्षक डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। मोबाइल, वीडियो सामग्री और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए पढ़ाई को आसान और रोचक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल संसाधनों के उपयोग से बच्चों की सीखने की गति और समझ में सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है। समारोह में शिक्षकों की ओर से तैयार शैक्षणिक सामग्री और विभिन्न मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कागज के टुकड़ों, चार्ट और स्थानीय संसाधनों से तैयार शिक्षण सामग्री ने सबका ध्यान खींचा। प्रदर्शनी में बच्चों की रचनात्मकता और शिक्षकों की मेहनत साफ झलक रही थी।

**बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ रही हैः** टीचर अर्चना मिश्रा ने बताया कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है ताकि पढ़ाई उनके लिए बोझ न बने। कक्षा में कराई गई गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाता है, जिससे बच्चे घर पर भी अभ्यास कर सकें और अभिभावक भी उनकी प्रगति देख सकें। टीचर रंजीत कुमार ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षक नवाचार के जरिए बच्चों में सीखने की रुचि जगा रहे हैं। स्थानीय सामग्री से तैयार मॉडल बच्चों को विषय समझने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं। समारोह में शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है और शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की प्रेरणा मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज 3 घंटे के लिए बिजली नहीं रहेगी

**आरा**। पकड़ी फीड़र और शहरी फीडर संख्या-3 से 3 घंटे बिजली सप्लाई काटी जाएगी। आज सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि इस दौरान फीडर संख्या-03 और पकड़ी फीडर के मेन लाइन का मेंटेनेंस किया जाएगा। तार में सटे पेड़ के डालों को काटा जाएगा। क्षेत्र के सभी जर्जर पोल-जर्जर ताल की मरम्मत की जाएगी। मोहल्ले वासियों से अपील है कि पानी की व्यवस्था पहले से कर लें।

**इन मोहल्लों की बिजली रहेगी बाधितः** पकड़ी फीडर के डॉ. ईशा, मदन जी के हाता, मालती हॉस्पिटल, सदर एसडीओ आवास के आस पास के क्षेत्र,आरा शहरी फीडर संख्या-3 के संकट मोचन नगर, चंदवा मोड़, मौलाबाग, न्यू पुलिस लाइन आदि आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### चंदवा हाउसिंग में बंद घर से लाखों की संपत्ति चोरी

**आरा**। नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग रामनगर मुहल्ले में शुक्रवार की रात चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाते हुए करीब 1.30 लाख रुपये नकद और लाखों के सोने-चांदी के गहनों की चोरी कर लिया। गृहस्वामी नवीन कुमार ने बताया कि मां कलावती देवी की तबियत खराब होने के कारण गुरुवार को अपने पूरे परिवार के साथ घर में ताला लगाकर नाला रोड स्थित अपनी मौसी के घर गए हुए थे। इसी बीच सूनेपन का फायदा उठाकर शातिर चोरों ने घर में प्रवेश किय और चोरी कर ली। जब नवीन कुमार सपरिवार वापस लौटे, तो मुख्य द्वार का ताला टूटा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरों का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने बड़ी इत्मीनान से गोदरेज, अलमारी और बक्सों के ताले तोड़े और उसमें रखे मां कलावती देवी और पत्नी स्वेता कुमारी के कीमती जेवरात समेट लिए। इसके साथ ही घर में रखे 1.30 लाख रुपये नगद भी गायब थे। नवादा थाना के थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की जांच की जा रही है।

### माल गोदाम रोड की जर्जर हालत से बढ़ा खतरा, बढ़ी दुर्घटना की आशंका

**बक्सर**। स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप स्थित माल गोदाम रोड की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सड़क पर दो से ढाई फीट गहरे गड्ढे उभर आए हैं, जिनसे प्रतिदिन गुजर रहे स्कूली बसों, सवारी वाहनों और भारी ट्रकों के कारण जनहानि की आशंका बनी हुई है। रेलवे ने संभावित खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस मार्ग पर स्कूली बसों तथा अन्य सवारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया था, लेकिन अब तक जिला प्रशासन की ओर से इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, सड़क की जर्जर स्थिति के कारण हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। कलेक्ट्रेट रोड पर बैरिकेडिंग कर बड़े स्कूली बसों के परिचालन को प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे अधिकतर बसें और अन्य सवारी वाहन अब माल गोदाम रोड से ही गुजर रहे हैं। इससे इस मार्ग पर दबाव और बढ़ गया है। माल गोदाम रोड पर भारी मालवाहक ट्रकों का भी लगातार आवागमन होता है। बक्सर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित वर्तमान माल गोदाम से सामानों की लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य जारी है, जिसके कारण बड़े ट्रकों की आवाजाही अनिवार्य है। सड़क की परत कई स्थानों पर धंस चुकी है और बरसात से पहले ही हालात चिंताजनक हैं। आगामी मानसून में स्थिति और खराब होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। वरीय रेल अधिकारियों के यहां अटकी है पुनर्निर्माण की फाइल रेलवे की ओर से खराब हो चुके स्लैब को बिछाकर लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से सड़क के पुनर्निर्माण की योजना बनाई गई थी। इसके लिए फाइल वरीय अधिकारियों को भेजी गई है, लेकिन अब तक स्वीकृति लंबित है। निकट भविष्य में इसके अनुमोदन के भी स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहे हैं। कहते हैं अधिकारी इस सड़क के निर्माण का प्रस्ताव डिवीजन स्तर पर लंबित है। स्वीकृति मिलने के पश्चात निर्माण कार्य किया जाएगा। हालांकि तब तक एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि इस रास्ते से सवारी वाहन (खासकर स्कूली बसों) के आवागम को प्रतिबंधित किया जाए। समय सिंह मीणा, सहायक मंडल अभियंता, बक्सर डुमरांव के माल गोदाम के शीघ्र क्रियाशील होने के संभावना नहीं डुमरांव में गति शक्ति योजना के तहत बनाए जा रहे फ्रेट कॉरिडोर और नए माल गोदाम के शीघ्र कार्यशील होने की उम्मीद भी फिलहाल कम नजर आ रही है। रेलवे के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि वहां तक जाने के लिए समुचित सड़क मार्ग तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वर्तमान माल गोदाम और इसी जर्जर मार्ग पर निर्भरता बनी रहेगी। सिविल इंजीनियरिंग विशेषज्ञों का मानना है कि दो फीट से अधिक गहराई वाले गड्ढे किसी भी मुख्य मार्ग के लिए अत्यंत खतरनाक होते हैं। भारी वाहनों के दबाव से सड़क की सबग्रेड और बेस लेयर पूरी तरह कमजोर हो जाती है, जिससे अचानक धंसाव या वाहन असंतुलन की स्थिति बन सकती है। खासकर इस सड़क के निर्माण के साथ ही आयरन शीट बिछाकर इसे और मजबूती दी जा सकती है।

### रालोमो के सदस्यता अभियान शुरुआत

**बक्सर**। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के स्थापना दिवस को उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। शहर के ज्योति प्रकाश चौक पर केक काटकर पार्टी के सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाना है। सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों को पार्टी से जोड़ने की योजना बनाई गई है। नेताओं ने पार्टी की उपलब्धियों और आगामी रणनीतियों की जानकारी देते हुए आमजन से सक्रिय भागीदारी की अपील की। सदस्यता अभियान के तहत आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाने की भी घोषणा की गई।

### जेडीयू के निर्विरोध नगर अध्यक्ष चुने गए संजय

**बक्सर**। जेडीयू संगठनात्मक चुनाव के दौरान नगर अध्यक्ष के पद पर संजय चौधरी और सदर प्रखंड के अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र ठाकुर निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। गोयल धर्मशाला स्टेशन रोड में जनता दल (यूनाइटेड) की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को रेखांकित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए नियमित और पारदर्शी चुनाव आवश्यक हैं। निर्धारित समय पर अध्यक्ष पद के लिए संजय चौधरी ने नगर अध्यक्ष तथा धर्मेंद्र ठाकुर ने प्रखंड अध्यक्ष के लिए अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन की अवधि समाप्त होने तक उनके विरुद्ध किसी अन्य प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया।

### जिले में 8447 लोगों ने फाइलेरिया की दवा खाने से किया साफ इंकार

**आरा**। भोजपुर जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चल रहा हैं। स्वास्थ्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब तक 8447 लोगों ने फाइलेरिया-रोधी दवा खाने से स्पष्ट इंकार कर दिया है। 10 फरवरी से शुरू हुआ 17 दिवसीय यह अभियान 27 फरवरी तक चलेगा। लेकिन समापन में अब महज कुछ दिन शेष हैं। लेकिन लक्ष्य अभी भी काफी दूर है। जिले में कुल 2864795 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 19 फरवरी तक 1027552 लोगों को ही दवा खिलाई जा सकी है। जो कुल लक्ष्य का लगभग 36 प्रतिशत है। अब भी करीब 18 लाख से अधिक लोग दवा सेवन से वंचित हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए 1622 टीमों की तैनाती की है। जिन्हें घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का निर्देश है। विभिन्न प्रखंडों में 8447 लोगों ने फाइलेरिया-रोधी दवा खाने से किया इनकार है। दवा खाने से इंकार करने वालों में सबसे अधिक संख्या तरारी प्रखंड में है।

# ऐसी घटनाएं देश की छवि को नुकसान पहुंचाती-मनीष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विश्व AI समिट में तोड़फोड़ की घटना के विरोध में बक्सर में भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऐसे आयोजन में व्यवधान डालना देश की छवि को धूमिल करता है। उन्होंने कहा कि जब कई राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने भारत आए हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ या हंगामा देशहित के



खिलाफ है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "राहुल गांधी शर्म करो" और "कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद" जैसे नारे लगाए। इसके बाद राहुल गांधी के पुतले पर कालिख पोतकर प्रतीकात्मक अंतिम जुलूस निकाला गया। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गोलंबर तक पहुंचा, जहां पुतले का प्रतीकात्मक दाह संस्कार किया गया।

**जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांगः** कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ बक्सर विधानसभा प्रभारी मनीष चौबे ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं और इनकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। चौबे ने इस मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में जिला टीम के सदस्य हरेराम पांडेय, तुलसी मल्लाह, अरुण यादव, सिद्धार्थ पांडेय, सोनू चौधरी, अखिलेश मल्लाह, मोहित पांडेय, वीरेश मल्लाह, नंदलाल गुप्ता, विकास सिंह, राजन सिंह, सोनल तिवारी, कुंदन वर्मा, आकाश उपाध्याय और रोहित सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने यह भी कहा कि देश की प्रतिष्ठा से जुड़े मुद्दों पर सभी राजनीतिक दलों को राजनीति से ऊपर उठकर जिम्मेदार रवैया अपनाना चाहिए।

# 22 फरवरी से सजेगा बिहार पुलिस सप्ताह का मंचः एसपी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। 22 से 27 फरवरी तक बिहार पुलिस सप्ताह का भव्य आयोजन एसपी राज की अध्यक्षता मे होने जा रहा है। यह परंपरा साल 1958 में शुरू हुई थी। जिसे 2007 से पूरी निरंतरता के साथ मनाया जा रहा है।पुलिस सप्ताह का आयोजन केवल रस्म अदायगी नहीं, बल्कि पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरियों को पाटने का एक रंगारंग उत्सव होगा। इस छह दिवसीय आयोजन में मैदान से लेकर मंच तक, पुलिस के विभिन्न पहलुओं को देखने का मौका मिलेगा। ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटकों के जरिए जागरूकता फैलाई जाएगी। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों की कल्पनाओं को पंख मिलेंगे। पुलिस और जनता के बीच दोस्ताना तालमेल बढ़ाने के लिए मैत्री क्रिकेट और फुटबॉल मैच आयोजित किए जाएंगे। रोमांच के शौकीनो के लिए श्वान दस्ता का हैरतअंगेज प्रदर्शन और अश्वारोही दल की शाही प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होगी। पुलिस बैंड की



सुरीली धुनें वातावरण में देशभक्ति का जोश भरेंगी। भोजपुर एसपी राज ने बताया कि बिहार पुलिस सप्ताह का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और सेवा के संकल्प को दोहराना है। 1958 से शुरू हुआ यह सफर आज आधुनिक और मित्र पुलिसिंग की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। यह सप्ताह न केवल जवानों के मनोबल को बढ़ाता है, बल्कि आम नागरिकों को भी यह एहसास कराता है कि वर्दी उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।

# महिला सिपाहियों ने निकाली जागरूकता रैली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में बिहार पुलिस सप्ताह-2026 पर भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राज ने पौधारोपण करके किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पुलिस-जन सहभागिता की महत्ता पर बल दिया। महिला सिपाहियों ने शहर के प्रमुख मार्गों से होकर बाइक जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने से बचने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश भी दिया गया, जिसे आमजन ने सराहा।

**दौड़ प्रतियोगिता में नवनियुक्त सिपाही हुए शामिलः** पुलिस लाइन में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवनियुक्त सिपाहियों के बीच 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक राज की ओर से पुरस्कृत किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल के जवानों में ऊर्जा, अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा का उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

**समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरणः** पुलिस अधीक्षक राज ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सप्ताह केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी, सेवा भावना और कर्तव्य निष्ठा को सुदृढ़ करने का अवसर है। पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर पुलिस की सक्रिय भूमिका समाज को सकारात्मक दिशा देती है। हम सभी जवानों से अपेक्षा करते हैं कि वे पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाए रखें। इस अवसर पर अधिकारियों, जवानों एवं आम नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया और पुलिस-जन सहयोग के संदेश को और मजबूती प्रदान की।

# थानों में दर्ज एफआईआर से कैरेक्टर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर विधायक आनंद मिश्रा ने विधानसभा सदन में युवाओं के भविष्य से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया। उन्होंने गृह मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि थानों में दर्ज एफआईआर के कारण बड़ी संख्या में युवाओं को कैरेक्टर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें नौकरी से वंचित होना पड़ रहा है।

**एफआईआर दर्ज हो जाना अपराधी होने का प्रमाण नहीं:** आनंद मिश्रा ने सदन में कहा कि केवल एफआईआर दर्ज हो जाना किसी व्यक्ति के अपराधी होने का प्रमाण नहीं है। आज के समय में कोई भी किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा देता है, जिससे निर्दोष युवाओं का भविष्य दांव पर लग जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि



कई छात्र कड़ी मेहनत से बीपीएससी और पुलिस जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं पास कर लेते हैं, लेकिन कैरेक्टर सर्टिफिकेट न बनने के कारण उनकी नियुक्ति रुक जाती है।

**प्रतिभाशाली युवा एफआईआर के कारण अवसर खो देतेः** विधायक ने बताया कि कई मामलों में पड़ोसी या स्थानीय विवाद के कारण दुर्भावनापूर्ण तरीके से एफआईआर दर्ज करा दी जाती है। बाद में जांच में भले ही मामला गलत साबित हो जाए, लेकिन तब तक युवक नौकरी से वंचित रह जाता है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि एक प्रतिभाशाली युवा केवल एफआईआर के कारण अवसर खो देता है। आनंद मिश्रा ने सरकार से इस प्रक्रिया में सुधार की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी अभ्यर्थी के खिलाफ केवल एफआईआर दर्ज है और अभी तक आरोप साबित नहीं हुए हैं, तो उसे अवसर दिया जाना चाहिए। यदि बाद में चार्जशीट में आरोप सही पाए जाते हैं, तो प्रशिक्षण के दौरान भी आवश्यक कार्रवाई कर उसे सेवा से वापस किया जा सकता है।

**युवाओं के भविष्य के साथ न्याय होना चाहिएः** सदर विधायक ने जोर देकर कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ न्याय होना चाहिए और केवल एफआईआर के आधार पर उनके करियर को रोकना उचित नहीं है। उनके इस बयान के बाद सदन में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा होने की संभावना है।

# पुलिस सप्ताह में प्रभात फेरी और मैराथन दौड़

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर पुलिस ने शनिवार को पुलिस सप्ताह 2026 के अवसर पर नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक भव्य प्रभात फेरी निकाली। यह रैली बक्सर पुलिस कार्यालय से शुरू हुई, जिसका नेतृत्व पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने किया। इसमें जिले के हजारों पुलिस पदाधिकारी, अधिकारी और सिपाही शामिल हुए। सभी पुलिसकर्मी सफेद टी-शर्ट और टोपी पहने हुए थे। उनके हाथों में "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" और "नशा मुक्त समाज, सुरक्षित समाज" जैसे नारे लिखी तख्तियां थीं। प्रभात फेरी पुलिस कार्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए किला मैदान पहुंची। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने नशा मुक्ति के समर्थन में नारे लगाए और आमजन से नशे से दूर रहने की अपील की।

**स्थानीय लोगों ने की सराहनाः** राहगीरों और स्थानीय लोगों ने इस



पहल की सराहना की और कई स्थानों पर ताली बजाकर पुलिस टीम का उत्साहवर्धन किया। किला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में एसपी शुभम आर्य ने बताया कि पुलिस सप्ताह के तहत यह जागरूकता अभियान 27 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करना है। एसपी आर्य ने कहा कि नशा समाज की जड़ों को कमजोर करता है और अपराध को बढ़ावा देता है। इसलिए, नशा उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर आगे आना आवश्यक है। इसी क्रम में किला मैदान से पुलिस केंद्र बक्सर तक एक मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**नशे से दूर रहने का संदेश देना उद्देश्यः** मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने का संदेश देना था। एसपी ने आगे बताया कि सप्ताह भर स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक गतिविधियां और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से पुलिस आम लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझती है। नशा मुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब पुलिस और जनता मिलकर इस दिशा में प्रयास करें। पुलिस सप्ताह की इस शुरुआत को लेकर जिले में उत्साह का माहौल देखा गया और लोगों ने इसे एक सकारात्मक पहल बताया।

# सज्जनों के उद्धार व दुष्टों के संहार को प्रकट होते हैं भगवानः रणधीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। सदर प्रखंड के गोसाईंपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भगवत कथा के तीसरे दिन मामाजी के कृपा पात्र आचार्य श्री रणधीर ओझा ने भगवान के 24 अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न- भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मों द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सज्जनों का उद्धार और दुष्टों के संहार करते हैं। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए आचार्य श्री ने कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चिंतन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चिंतन मंथन चलता रहता। आचार्य श्री ने सती चरित्र प्रसंग का किया वर्णन : आचार्य श्री ने प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र प्रसंग का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बाल व्यास जी ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया। इस कारण एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्री हरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे



जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कर्म अनुरूप मानव को मिलती है मृत्यु आचार्य श्री ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवान ध्रुव के सत्कमोर् की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना, उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नर्कगामी न हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। श्रीमद्भागवत कथा पापियों को भी पाप मुक्त कर देती है श्रीमद्भागवत कथा पापियों को भी पापमुक्त कर देती है। जो व्यक्ति भागवत कथा आत्मसात कर लेता है, वह सांसारिक दुखों से मुक्त हो जाता है। आचार्य श्री ने कहा कि जीवन में यदि मान, बड़ा पद या प्रतिष्ठा मिला जाए तो उसे ईश्वर की कृपा मानकर भलाई के कार्य करना चाहिए, लेकिन यदि उसका जीवन में किंचित मात्र भी अभिमान हुआ तो वह पाप का भागीदार बना देता है। नारायण की भक्ति में मिलता है परम आनंद आचार्य श्री ने कहा कि नारायण की भक्ति में ही परम आनंद मिलता है। उसकी वाणी सागर का मोती बन जाता है। भगवान प्रेम के भूखे हैं। वासनाओं का त्याग करके ही प्रभु से मिलन संभव है। भागवत कथा का जो श्रवण करता है भगवान का आशीर्वाद बना रहता है।

# विश्वामित्र महोत्सव में राम-सीता विवाह की प्रस्तुति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के किला मैदान में शनिवार शाम विश्वामित्र महोत्सव का आयोजन किया गया। कला, संस्कृति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में बिहार की लोक परंपरा, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक विरासत की झलक देखने को मिली। महोत्सव का शुभारंभ जिला पदाधिकारी साहिला, जिला जज, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भोजपुरी गायक भरत शर्मा और प्रसिद्ध लोक गायक विष्णु ओझा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके साथ ही पूरे मैदान में सांस्कृतिक उत्सव का माहौल बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलकत्ता स्पीड डांस ग्रुप के कलाकारों ने गणेश वंदना पर प्रस्तुति से की। इसके बाद राधा सिन्हा ग्रुप डांस ने श्रीराम-सीता विवाह पर आधारित नाट्य प्रस्तुत किया।

**स्क्रीन पर दिखाए गए विवाह के दृश्यः** कलाकारों द्वारा "आज जनकपुर में मड़वा" गीत प्रस्तुत करने पर वातावरण भक्तिमय हो



गया। मंच के पीछे लगी बड़ी स्क्रीन पर रामरेखा घाट पर होने वाले विवाह के दृश्य भी दिखाए गए, जिससे प्रस्तुति और अधिक सजीव हो उठी। सीता-राम विवाह की इस प्रस्तुति में नृत्य और संगीत के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक विरासत, मांगलिक गीत और लोक परंपराओं का सुंदर समावेश था। कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को प्रभावित किया।

**भव्या पाण्डेय ने मंच पर दी प्रस्तुतिः** इसके बाद बॉलीवुड गायिका भव्या पाण्डेय ने मंच पर प्रस्तुति दी। उन्होंने "श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में" भजन से शुरुआत की। उनकी आवाज ने मैदान को भक्तिमय कर दिया। उन्होंने पारंपरिक गीतों की भी प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक झूम उठे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी साहिला ने कहा कि विश्वामित्र महोत्सव का उद्देश्य लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और बिहार की समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करते हैं।

**कलाकारों ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुति देकर बांधा समांः** कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक नृत्य और संगीत की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। गीत-संगीत के माध्यम से बिहार के महापुरुषों और धार्मिक महत्व को प्रदर्शित किया गया। श्रीराम-सीता के आदर्श जीवन के साथ-साथ वीरता के प्रतीक वीर कुंवर सिंह के इतिहास को भी मंच पर जीवंत किया गया। कार्यक्रम में जिले के आला अधिकारी, गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक आयोजन ने बक्सर की धरती को भक्ति, कला और परंपरा के रंगों से सराबोर कर दिया। विश्वामित्र महोत्सव ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि बक्सर की सांस्कृतिक पहचान आज भी उतनी ही समृद्ध और जीवंत है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईएसआईसी का 75वां स्थापना दिवस 24 फरवरी को पटना में, प्लैटिनम जुबिली समारोह की तैयारी पूरी

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अपने 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर 24 फरवरी 2026 को प्लैटिनम जुबिली समारोह का आयोजन करेगा। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित इस सांविधिक निकाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे दसरथ मांझी हॉल, समनपुरा स्थित बीआईटी कैंपस, पटना में आयोजित होगा। समारोह में बिहार सरकार के श्रम मंत्री संजय सिंह 'टाईगर' मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कृषि मंत्री रामकृपाल यादव और श्रम सचिव दीपक आनंद (आईएएस) विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजन के माध्यम से निगम की 75 वर्षों की उपलब्धियों और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में निभाई जा रही भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा। ईएसआईसी देश के संगठित एवं अर्ध-संगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सेवाएं, बीमा सुरक्षा और विभिन्न सामाजिक लाभ प्रदान करता रहा है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत निगम का लक्ष्य अधिकाधिक प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना, सेवाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना तथा पारदर्शिता और त्वरित लाभ भुगतान सुनिश्चित करना है। आयोजकों के अनुसार, स्थापना दिवस समारोह के माध्यम से 'सर्वव्यापी सामाजिक सुरक्षा' के उद्देश्य को मजबूत करने के साथ-साथ श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों से व्यापक कवरेज और प्रचार-प्रसार के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई है।

### प्रमोद सिंह निर्विरोध जदयू प्रखंड अध्यक्ष बने, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी में रविवार को जदयू की संगठनात्मक बैठक और नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रमोद सिंह को एक बार फिर सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। चुनाव की प्रक्रिया प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी अशोक शर्मा और प्रखंड पर्यवेक्षक मोहम्मद शाहिद की उपस्थिति में शुरू की गई। निर्धारित समय तक किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किए जाने के कारण प्रमोद सिंह को निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उनके निर्वाचित होने की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जिस विश्वास के साथ दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का संकल्प भी दोहराया। जरूरत हो तो इसे और विस्तार देकर राजनीतिक पृष्ठभूमि व प्रमोद सिंह के कार्यकाल की उपलब्धियां जोड़कर भी तैयार किया जा सकता है।

### रामकृष्ण परमहंस स्मृति अंतर्जालीय संस्कृत शिक्षण शिविर का समापन

**दस दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिविर में प्रतिभागियों ने संस्कृत में रखे विचार, प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मान**



**पटना।** पटना में विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं सर्वत्र संस्कृतं के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद' अभियान के अंतर्गत आयोजित रामकृष्ण परमहंस स्मृति अंतर्जालीय अंतरराष्ट्रीय दस दिवसीय संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर का समापन समारोह संस्कृतमय वातावरण में संपन्न हुआ। यह अभियान का निरंतर 41वां शिविर था, जिसमें देश-विदेश से जुड़े प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह में सभी वक्ताओं और शिविर सदस्यों ने संस्कृत भाषा में अपने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन संबोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस ने आत्मानुभूति के माध्यम से ईश्वर का साक्षात्कार किया और अपने शिष्य स्वामी विवेकानंद को भी आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सम्यक साधना से भगवत प्राप्ति संभव है। गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो सूर्यकांत त्रिपाठी ने संस्कृत को नैतिक मूल्यों की संवाहिका बताते हुए कहा कि इस भाषा के अध्ययन से मानवता को दिशा मिलती है। मुख्य वक्ता प्रो रागिनी वर्मा ने विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में संस्कृत को अनिवार्य किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा मानवता, सद्भाव और शांति का संदेश देती है। कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ नीरा कुमारी, डॉ दीप्ति कुमारी, उग्र नारायण झा, डॉ लीना चौहान, डॉ रागनी कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, वंदना पटेरिया, तारा विश्वकर्मा, हर्षिता कुमारी, गरिमा मिश्रा, विकास कुमार, डॉ मुकेश पंडित और बीजेन्द्र सिंह सहित कई वक्ताओं ने रामकृष्ण परमहंस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान रामकृष्ण परमहंस स्मृति संस्कृत संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में डॉ दीप्ति कुमारी और गरिमा मिश्रा को प्रथम पुरस्कार, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल और डॉ रागनी कुमारी को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार वंदना पटेरिया, तारा विश्वकर्मा और मुरलीधर शुक्ल को मिला। विशेष पुरस्कार बीजेन्द्र सिंह, हर्षिता कुमारी, विकास कुमार और डॉ मुकेश पंडित को दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चार उग्र नारायण झा ने किया तथा अतिथियों का स्वागत डॉ लीना चौहान ने किया। निर्णायक मंडल में प्रो रागिनी वर्मा, डॉ लीना चौहान और डॉ नीरा कुमारी शामिल रहीं। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को बल मिलता है और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में सहायता मिलती है। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# साउथ बिहार एक्सप्रेस के एच-वन कोच में उपद्रव, यात्रियों से मारपीट, एक घायल

**फतुहा स्टेशन पर डेढ़ घंटे रुकी ट्रेन, पुलिस ने की जांच, आरोपियों की तलाश तेज**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



पटना। छत्तीसगढ़ के दुर्ग से आरा आ रही साउथ बिहार एक्सप्रेस में रविवार को अफरातफरी का माहौल बन गया। ट्रेन के एच-वन कोच में कुछ अज्ञात लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की और विरोध करने पर यात्रियों के साथ मारपीट की। घटना में एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका सिर फट गया। बताया जाता है कि ट्रेन बख्तियारपुर पार करने के बाद संदिग्ध गतिविधियां शुरू हुईं। दौलतपुर निवासी नरोत्तम भास्कर ने बताया कि एक व्यक्ति बार-बार कोच का दरवाजा खटखटा रहा था। दरवाजा नहीं खोलने पर वह दूसरी बोगी की ओर चला गया और बाद में फिर लौटकर अंदर झांकने लगा। फतुहा स्टेशन पहुंचने पर दरवाजा जोर-जोर से पीटा गया। संदेह होने पर यात्रियों ने अपने परिचितों को फोन किया। इसी दौरान चार से पांच की संख्या में मौजूद आरोपियों ने पत्थरबाजी कर दी, जिसमें एक यात्री का सिर फट गया। पीड़ित यात्री बिलासपुर से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था। नालंदा निवासी निरंजन प्रियदर्शी ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उन्हें भी चोट लगी। उनका कहना है कि हंगामे के बीच पुलिस ने भी उन्हें ही संदिग्ध समझ लिया, जबकि वे लगातार अपनी बेगुनाही बताते रहे। घटना के समय एच-वन कोच में लगभग 25 से 26 लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। एक यात्री ने बताया कि कुछ लोग खुद को जीआरपी बताकर दरवाजा खुलवाने की कोशिश कर रहे थे। उनके हावभाव से संदेह हुआ तो परिजनों को सूचना दी गई। इसी बीच आरोपियों ने हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही रेल पुलिस और स्थानीय पुलिस फतुहा स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन को करीब डेढ़ घंटे तक रोका गया। कोच की तलाशी ली गई और यात्रियों से पूछताछ की गई। बाद में ट्रेन को आगे रवाना किया गया, जिससे वह देर से पटना जंक्शन पहुंची। पटना में भी जीआरपी और आरपीएफ ने यात्रियों से घटना की जानकारी ली। रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## बिहटा में भीषण सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी की मौत



**खेदलपुरा के पास सुबह हुआ हादसा, आरा से पटना जा रहे थे दंपति, ट्रक चालक फरार**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत खेदलपुरा के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान भोजपुर जिले के बबुरा थाना क्षेत्र स्थित पुराना सब्बलपुर, बरहरा निवासी त्रिसूल पांडेय और उनकी पत्नी गीता देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दंपति किसी कार्य से आरा से पटना की ओर बाइक से जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खेदलपुरा के समीप पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। कुछ देर के लिए सड़क पर अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश में छापेमारी की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 'सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला' का शिलान्यास

**सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा नया केंद्र**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** राजधानी पटना में सामाजिक और सांस्कृतिक सरोकारों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई। पटना-डोभी बाइपास के समीप सिमरा निसरपुरा में 'सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला' के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर अतिथिशाला के निर्माण की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ इस पहल का स्वागत किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह अतिथिशाला सामाजिक एकता और सामुदायिक सहयोग का प्रतीक बनेगी। यहां भविष्य में सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को बैठक, सम्मेलन और विभिन्न आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। पटेल नवजागरण न्यास से जुड़े सदस्यों ने मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्पमाला भेंट कर किया और इस परियोजना के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भवन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह, विधायक वशिष्ठ सिंह, विधायक शुभानंद मुकेश, विधायक रूहेल रंजन तथा जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. तथा वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का मानना है कि अतिथिशाला के निर्माण से क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी और विकास कार्यों को गति प्राप्त होगी। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एनएच-30 पर दर्दनाक हादसा, ग्रामीण कार्य विभाग का बोर्ड लगी कार से युवक की मौत

**कोका-कोला फैक्ट्री के पास ट्रक से टकराने के बाद मजदूर को कुचला**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना-बख्तियारपुर फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। कोका-कोला फैक्ट्री के समीप बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग का बोर्ड लगी एक तेज रफ्तार कार ने पहले सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मारी और फिर एक मजदूर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और चालक सहित कार सवार लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सफेद रंग की कार पटना से बख्तियारपुर की ओर जा रही थी। कोका-कोला फैक्ट्री के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार ने पहले सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसी दौरान पास के एक निजी गोदाम में काम करने वाला मजदूर अरुण कुमार नाश्ता कर वापस अपने कार्यस्थल की ओर लौट रहा था। तभी अनियंत्रित कार ने उसे कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक की पहचान जम्मू के उधमपुर निवासी जीपों राम के पुत्र अरुण कुमार के रूप में की है। अरुण कुमार रोजी-रोटी की तलाश में फतुहा आया था और यहां एक निजी गोदाम में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद ग्रामीणों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने शव को सड़क पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। करीब पांच किलोमीटर तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्री और छोटे वाहन चालकों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों की मांग थी कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और फरार कार सवारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। सूचना मिलते ही फतुहा थानाध्यक्ष कुमार रौशन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम हटवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कार पर ग्रामीण कार्य विभाग का बोर्ड लगा होने की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार चालक और कार सवारों की पहचान की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु ईएसआईसी बिहार को प्रथम पुरस्कार, अगरतला में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना को राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 20 फरवरी 2026 को अगरतला (त्रिपुरा) में आयोजित संयुक्त राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रदान किया गया। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की, जबकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व, पूर्वोत्तर और उत्तरी क्षेत्रों के विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों को राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग और संवर्धन के लिए सम्मानित किया गया।

50 से अधिक कार्मिकों वाले केंद्रीय कार्यालयों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय, पटना को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यालय प्रमुख निरंजन कुमार और सहायक निदेशक (राजभाषा) अजीत कुमार शर्मा को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। ईएसआईसी बिहार के लिए यह उपलब्धि गौरव का विषय मानी जा रही है। क्षेत्रीय निदेशक ने इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग, संवर्धन और प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## बिहटा के निजी चाइल्ड केयर क्लीनिक में मारपीट, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



♦ **नवजात के इलाज को लेकर विवाद, अस्पताल स्टाफ और परिजनों में हाथापाई, दोनों पक्षों ने लगाए आरोप**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में दक्षिण रेलवे ओवरब्रिज के पास स्थित एक निजी चाइल्ड केयर क्लीनिक में बीती रात इलाज को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें स्पष्ट देखा जा सकता है कि कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के कुछ लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज कराया जा रहा है। फिलहाल नवजात का इलाज अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार, मो. गुड्डू ने अपने नवजात बच्चे को इलाज के लिए श्रीजा चाइल्ड केयर क्लीनिक में भर्ती कराया था। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले फुलवारी शरीफ में बच्चे का जन्म हुआ था। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत के बाद बच्चे को बेहतर इलाज के लिए बिहटा लाया गया। शनिवार शाम रोजा खोलने के बाद जब वह अस्पताल पहुंचे तो कुछ जांच कराने को कहा गया। जांच के बाद डॉक्टर से मिलने को लेकर विवाद शुरू हो गया। गुड्डू का आरोप है कि डॉक्टर से मिलने में देरी और स्टाफ के व्यवहार को लेकर बहस हुई। इसी दौरान अस्पताल के एक कर्मी ने उनके छोटे भाई के साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। बाद में विवाद बढ़ने पर रात में उनके परिवार के साथ भी मारपीट की गई। उन्होंने कहा कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज है। वहीं अस्पताल के डॉ. चंदन कुमार ने भी बिहटा थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि पहले बच्चे के परिजनों ने अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट की। उनका कहना है कि स्टाफ पर हमला किए जाने के बाद स्थिति बिगड़ी। थानाप्रभारी अमित कुमार ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से लिखित आवेदन मिला है। दूसरे पक्ष की ओर से अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिहटा में अवैध बालू खनन पर कार्रवाई के दौरान हिंसा खनन विभाग की टीम पर पथराव, गृह रक्षक घायल

**छापेमारी के दौरान माफियाओं का हमला, जब्त ट्रैक्टर छुड़ाकर ले गई भीड़, 70–80 लोगों पर प्राथमिकी**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**पटना।** पटना जिले के बिहटा प्रखंड अंतर्गत परेव गांव स्थित सोन नदी के तट पर अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची खनन विभाग की टीम पर रविवार को हमला कर दिया गया। छापेमारी के दौरान अचानक हुई पथराव की घटना में एक गृह रक्षक घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी और तनाव का माहौल बन गया। खनन विभाग के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि सोन नदी घाट पर बिना वैध कागजात के बड़े पैमाने पर बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर खनन विभाग की टीम गृह रक्षकों के साथ मौके पर पहुंची और छापेमारी शुरू की। टीम के घाट के नीचे पहुंचते ही वहां करीब 20 ट्रैक्टर मौजूद पाए गए। कार्रवाई शुरू होते ही कुछ ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकले, जबकि कई ट्रैक्टरों को टीम ने जब्त कर लिया। इसी बीच छापेमारी की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग वहां जुटने लगे। कुछ ही देर में करीब 200 लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और खनन विभाग की टीम पर पथराव शुरू कर दिया गया। इस हमले में गृह रक्षक जितेंद्र कुमार के सिर में हल्की चोट आई। उन्होंने बताया कि अचानक हुई पत्थरबाजी के कारण टीम को अपनी सुरक्षा को देखते हुए पीछे हटना पड़ा। इसी अफरातफरी का फायदा उठाकर खनन माफियाओं ने जब्त किए गए कई ट्रैक्टरों को भी छुड़ा लिया और मौके से फरार हो गए। खनन इंस्पेक्टर गोविंद कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर को विधिवत जब्त किया गया है, जबकि 8 ट्रैक्टर मौके से फरार हो गए। फरार वाहनों के नंबर नोट कर लिखित आवेदन के साथ पुलिस को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ विभाग का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस बल की तैनाती के बाद इलाके में शांति बहाल की गई। खनन विभाग की ओर से 70 से 80 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूचना के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना के बाद अवैध बालू खनन को लेकर प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में 23–24 फरवरी को हल्की बारिश के आसार, 26 से मौसम होगा साफ



**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में 23 फरवरी (मंगलवार) और 24 फरवरी (बुधवार) को हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को राज्य के दक्षिणी-पश्चिमी और निकटवर्ती मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं बुधवार को दक्षिण-पूर्वी एवं आसपास के मध्यवर्ती जिलों में बादल छाने के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। विभाग की ओर से बताया गया कि 25 फरवरी तक राज्य के कई जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं, जबकि 26 फरवरी से मौसम साफ होने का अनुमान है। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस लोहरदगा में रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। दोपहर बाद कुछ समय के लिए आंशिक बादल छाए, लेकिन बाद में आसमान पूरी तरह साफ हो गया। दोपहर में तेज धूप के कारण हल्की गर्मी महसूस की गई। रांची में रविवार को अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 33.5 और न्यूनतम 17.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 31.4 और न्यूनतम 13.2 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.2 डिग्री और न्यूनतम 16.1 डिग्री चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### पश्चिमी सिंहभूम में डेढ़ दर्जन जंगली हाथियों का उत्पात, दो घर क्षतिग्रस्त, फसल बर्बाद



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत पोड़ाहाट वन प्रमंडल के आनंदपुर रेंज स्थित कोलपोटका गांव में शनिवार देर रात करीब डेढ़ दर्जन जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों का दल गांव के बाबू टोला और बीच टोला में घंटों तक डटा रहा, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों ने गांव के निवासी धनेश्वर महतो और लोदरो मुंडा के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के समय धनेश्वर महतो घर पर मौजूद नहीं थे, जबकि लोदरो मुंडा का परिवार घर के भीतर था। हाथियों की आहट मिलते ही परिवार के सदस्य किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल गए। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हाथियों ने धनेश्वर महतो के खेत में लगी चने की फसल को भी पूरी तरह रौंद डाला और घर के बाहर लगे सोलर प्लेटों को भी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के मुताबिक, हाथियों का झुंड शनिवार रात करीब आठ बजे गांव में प्रवेश किया और रविवार तड़के तक घूमता रहा। सुबह होने से पहले झुंड पास के जंगल की ओर लौट गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओड़िशा की ओर से वन विभाग द्वारा खदेड़े जाने के बाद हाथियों का यह झुंड झारखंड-ओड़िशा सीमा से सटे क्षेत्र में पहुंचा। ग्रामीणों को आशंका है कि झुंड दोबारा गांव का रुख कर सकता है। बताया जा रहा है कि झुंड में करीब दस शावक भी शामिल हैं, जिससे उनके आक्रामक होने की संभावना अधिक बनी रहती है। पोड़ाहाट वन प्रमंडल के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) नीतीश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम रात में ही गांव के आसपास तैनात कर दी गई थी। विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और हाथियों को सुरक्षित स्थान की ओर खदेड़ने के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।

### चलती स्लीपर बस में लगी भीषण आग



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-18 पर मुड़ाकाटी चौक के समीप शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जमशेदपुर से भुवनेश्वर जा रही 'शांतिलता' नामक स्लीपर बस अचानक आग की चपेट में आ गई। बस में सवार यात्रियों की जान बस चालक की सूझबूझ और त्वरित निर्णय के कारण बच सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस सामान्य गति से अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी और अधिकांश यात्री स्लीपर बर्थ पर विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान मुड़ाकाटी चौक के पास चालक को बस के भीतर से जलने की तेज गंध और धुआं उठता महसूस हुआ। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रोक दिया। बस रुकते ही चालक ने जोर-जोर से आवाज लगाकर यात्रियों को तत्काल नीचे उतरने को कहा। अचानक हुई इस घोषणा से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन चालक और परिचालक की मदद से सभी यात्री जल्द ही बस से बाहर निकल आए। बताया जाता है कि अंतिम यात्री के उतरते ही आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और कुछ ही मिनटों में पूरी बस आग की लपटों में घिर गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आलीशान स्लीपर बस पूरी तरह जल चुकी थी और केवल उसका ढांचा ही बचा था। हालांकि इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान तकनीकी खराबी की ओर इशारा कर रहे हैं, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बस चालक की तत्परता और साहस की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सजगता ने कई जिंदगियां बचा लीं।

### श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड अंतर्गत अम्मा पकना स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में मंदिर की 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में सुबह से ही उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटे और पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह नौ बजे से बारह घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ, जो रात्रि नौ बजे तक जारी रहा। अखंड कीर्तन के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान जी की स्तुति करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति की ओर से महाप्रसाद एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एम. पी. सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर समिति एवं ग्रामीणों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और संस्कार मजबूत होते हैं। उन्होंने युवाओं से धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में आगे आने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप प्रखंड टीम के हरिशंकर साहु, तुलसी ठाकुर, मनोज साहू, रामानन्द साहू, रमेश भगत, कैलाश साहू एवं द्वारिका दास आदि ने योगदान दिया।

# संत गाडगे जयंती शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम**




शहर में रविवार को भक्ति, सामाजिक चेतना और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। अखिल भारतीय धोबी महासंघ और संत गाडगे जागृति मंच, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में संत गाडगे जयंती शोभा यात्रा सह भीम समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के कई लोगों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपने संबोधन में शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की असली ताकत उसकी शिक्षा और एकता में निहित होती है। जब तक समाज का युवा शिक्षित और संगठित नहीं होगा, तब तक वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने संत गाडगे और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज आत्मनिर्भर और सम्मानित बन सकता है। विधायक ने कहा कि संत गाडगे ने स्वच्छता, सेवा और सामाजिक सुधार का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। वहीं बाबा साहेब के संविधान और उनके संघर्षों ने वंचित समाज को अधिकार और सम्मान दिलाने का रास्ता दिखाया। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करें और समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजद नेत्री एवं समाज की संरक्षक शारदा देवी ने भी संत गाडगे के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि आज समाज के युवाओं का शिक्षित होना बाबा साहेब के कानून और संत गाडगे की आदर्शवादी सोच का परिणाम है। उन्होंने समाज को जागृत होकर इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की तथा कार्यक्रम में विधायक मंगल कालिंदी की सहभागिता के लिए आभार जताया। शोभा यात्रा बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए सीएच एरिया स्थित संत गाडगे मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान जगह-जगह समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा और स्वागत कर श्रद्धा प्रकट की।

## आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन से 14 किलो गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार



**एजेंसी | रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हटिया रेलवे स्टेशन से एक युवक को 14 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आरपीएफ हटिया की टीम द्वारा की गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर समीर कर्माकर ने बताया कि टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर एक संदिग्ध युवक को ट्रॉली बैग और काले रंग के पिट्ठू बैग के साथ पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान संदीप कुमार उर्फ चित्रंजन कुमार (18) के रूप में हुई। वह बिहार के कैमूर जिले का निवासी है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान उसके पास से कुल सात पैकेटों में 14 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये आंकी गई है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहा है। विशेष निगरानी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## खूंटी नगर पंचायत में 23 को डाले जाएंगे वोट, तैयारियां पूरी

**एजेंसी | खूंटी**



नगर निकाय चुनाव के तहत खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी कर दी गई है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त की उपस्थिति में रविवार को सभी बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 19 वार्डों में एक नगर अध्यक्ष एवं 19 वार्ड सदस्यों के लिए मतदान कराया जाएगा। इसके लिए 20 चिह्नित भवनों में कुल 30 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 28917 करेंगे मताधिकार का प्रयोग नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 28,917 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन द्वारा सभी बूथों पर पेयजल, शौचालय, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। बूथ तक पहुंचने में असमर्थ मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई है। जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पूरे नगर क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक सेक्टर में एक-एक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने जानकारी दी कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है। साथ ही, बाइक पेट्रोलिंग टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रही है। आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। प्रशासन ने दावा किया है कि नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांति के साथ संपन्न कराया जाएगा।

## रामनगर के शिव-हनुमान मंदिर में चोरी

**एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम**



कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर रोड नंबर 6 स्थित श्री श्री शिव-हनुमान मंदिर में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी रविवार सुबह तब हुई जब मंदिर के पुजारी नियमित पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे और दान पेटी टूटी हुई पाई। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले लगभग तीन वर्षों से दान पेटी को नहीं खोला गया था। विशेष अवसर पर इसे खोलने की योजना थी, लेकिन उससे पहले ही चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। चूंकि दान पेटी में लंबे समय से श्रद्धालुओं की ओर से अर्पित राशि जमा थी, इसलिए चोरी गई रकम का सही अनुमान लगाना फिलहाल संभव नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि राशि काफी अधिक हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर परिसर में रात के समय सुरक्षा की विशेष व्यवस्था नहीं रहती है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि चोर मंदिर के मुख्य गेट पर लगे ताले को तोड़ कर अंदर घुसे। इसके बाद दान पेटी का ताला तोड़ने के लिए किसी भारी औजार का इस्तेमाल किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कदमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। मंदिर समिति की ओर से लिखित शिकायत पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस पदाधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही दोषियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## पुल से गिरकर मजदूर की मौत

**एजेंसी | पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत टोंटो थाना के सुंडी सुरनिया गांव निवासी 38 वर्षीय तुराम हेस्सा की चालगी गांव स्थित एक नाला के पुल से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तुराम हेस्सा एसीसी सीमेंट फैक्ट्री, झींकपानी में ठेकेदार के अधीन कार्यरत था। वह प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे ड्यूटी जॉइन करता था और शाम 6:00 बजे छुट्टी के बाद अपने गांव सुंडी सुरनिया लौटता था। शनिवार को भी वह ड्यूटी समाप्त कर घर के लिए निकला था। रास्ते में उसकी पत्नी हीरा हेस्सा से फोन पर बात हुई थी। उसने बताया था कि वह रास्ते में है और घर पहुंच रहा है। लेकिन काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी पत्नी हीरा हेस्सा ने दोबारा फोन किया तो संपर्क नहीं हो सका। रात भर परिजन चिंतित रहे। जानकारी के अनुसार जंगली इलाका होने और हाथियों के आवागमन के कारण तुराम हेस्सा लुगुनसाई में एक भाड़े के कमरे में भी कभी-कभी रुक जाता था। रविवार सुबह हीरा हेस्सा उसी दिशा में निकली। रास्ते में चालगी गांव पहुंचने पर नाला के पुल के पास भीड़ देखी। ग्रामीण मुंडा से जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची हुई थी। वहां जाकर देखा तो मृतक उसका पति तुराम हेस्सा ही था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चाईबासा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां 14 और 11 वर्ष की तथा एक 9 वर्षीय बेटा है। प्रतिदिन जिस रास्ते से आवागमन होता था, उसी छोटे नाला पुल से गिरकर मौत होना कई सवाल खड़े कर रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है।

## नगर निगम चुनाव : रांची के मोरहाबादी स्टेडियम से पोलिंग पार्टियां रवाना, प्रशासन ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**एजेंसी | रांची**



झारखंड में 23 फरवरी को होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर रांची जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में रविवार को मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने डिस्पैच सेंटर पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण काउंटर, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन प्रबंधन, सहायता केंद्र, चिकित्सा सहायता काउंटर तथा नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पोलिंग पार्टियों को मतपेटियां, मतपत्र, मुहर, प्रपत्र, चुनाव रजिस्टर और पहचान पत्र सूची सहित सभी आवश्यक सामग्री व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराई जाए। सामग्री प्राप्त करने के बाद उसका मिलान सुनिश्चित करने के उपरांत ही प्रस्थान किया जाए। उन्होंने मतदान कर्मियों से बैलट बॉक्स खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया की जानकारी भी ली और कहा कि निर्धारित नियमों का अक्षरशः पालन करते हुए सीलिंग और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जाए।

**पोलिंग पार्टियों को दिए गए प्रमुख निर्देशः**

- सभी पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित वाहन से समय पर प्रस्थान करें और मार्ग में अनुशासन बनाए रखें।
- मतदान केंद्र पहुंचते ही सामग्री का पुनः सत्यापन करें तथा किसी भी कमी या त्रुटि की सूचना तत्काल सेक्टर पदाधिकारी को दें।
- मतदान के दौरान निष्पक्षता, गोपनीयता और शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता हो।
- किसी भी अप्रिय स्थिति या विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम एवं संबंधित दंडाधिकारी को दें।
- मतदान समाप्ति के बाद बैलट बॉक्स की विधिवत सीलिंग कर निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित जमा सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों से कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता और संयम के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उपायुक् ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही मतदाताओं से अपील की गई है कि वे 23 फरवरी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेनें 23 फरवरी से एक मार्च तक रद्द

**एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम**



टाटानगर से होकर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों के परिचालन पर आगामी दिनों में असर पड़ेगा। रेलवे प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार 23 फरवरी से एक मार्च 2026 के बीच विभिन्न तिथियों में कई मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट तथा डायवर्ट किया गया है। इसका सीधा प्रभाव टाटानगर रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ेगा।

रविवार को रेलवे ने बताया कि 68045/68046 आसनसोल–आद्रा–आसनसोल मेमू पैसेंजर 24 एवं 25 फरवरी को रद्द रहेगी। 68077/68078 आद्रा–विलियामनगर–आद्रा मेमू 26 फरवरी और एक मार्च को रद्द रहेगी। 68090/68089 आद्रा–मेदिनीपुर–आद्रा मेमू 23, 24, 26, 27 फरवरी और एक मार्च को रद्द रहेगी। 63594/63593 आसनसोल–पुरुलिया–आसनसोल मेमू 24 और 25 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं 58053/68054 आद्रा–बराभूम मेमू 23 फरवरी को रद्द रहेगी। टाटानगर से जुड़ी महत्वपूर्ण ट्रेनों में भी बदलाव किया गया है। 18019/18020 झाड़ग्राम–धनबाद–झाड़ग्राम एक्सप्रेस 23 और 24 फरवरी को बोकारो स्टील सिटी तक ही चलेगी। इस दौरान बोकारो स्टील सिटी से धनबाद के बीच सेवा रद्द रहेगी। 13503/13504 बर्धमान–हटिया–बर्धमान मेमू एक्सप्रेस 23 और 24 फरवरी को गोमो तक ही संचालित होगी तथा गोमो से हटिया के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

**टाटानगर–आसनसोल–**बराभूम मार्ग पर चलने वाली 68056/68060 टाटा–आसनसोल–बराभूम मेमू पैसेंजर 25, 28 फरवरी और 1 मार्च को आद्रा तक ही चलेगी। आद्रा से आसनसोल के बीच सेवा रद्द रहेगी। इसके अलावा 63594/63593 आसनसोल–पुरुलिया–आसनसोल मेमू 23 फरवरी को आद्रा तक ही सीमित रहेगी और आद्रा–पुरुलिया खंड में परिचालन बंद रहेगा। टाटानगर से हटिया जाने वाली 18601 टाटा–हटिया एक्सप्रेस 24, 25 और 28 फरवरी को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी। यह ट्रेन चांडिल–गुंडा बिहार–मुरी मार्ग के बजाय चांडिल–गुंडा बिहार–मुरी के वैकल्पिक मार्ग से होकर चलेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले संबंधित ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। विशेषकर टाटानगर से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे बदले हुए समय और मार्ग की जानकारी लेकर ही स्टेशन पहुंचें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## महिला ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**एजेंसी | रांची**

राजधानी रांची के पुंदाग इलाके में एक महिला ने खुदकुशी कर ली है। मृत महिला का नाम हमीदा खातून है और उनकी उम्र 60 वर्ष है। वह जहीर आलम की पत्नी थी। खुदकुशी की यह घटना शनिवार देर रात की है। बताया जाता है कि महिला पिछले कई दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण वह काफी परेशान रह रही थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले को लेकर पुंदाग ओपी प्रभारी संजीव कुमार ने रविवार को बताया कि मामले की जानकारी मिल के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। परिवार वालों से पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि वह मानसिक रूप से बीमार थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पूरे मामले की जांच कर रही है।

# गोवा देश का इकलौता राज्य जहां घट गई मतदाताओं की संख्या



**गोवा, एजेंसी।** गोवा में चुनाव आयोग द्वारा शनिवार को जारी की गई अंतिम मतदाता सूची ने एक अहम और असामान्य रुझान को सामने रखा है। लगभग चार महीने तक चले विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद राज्य में मतदाताओं की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ड्राफ्ट मतदाता सूची की तुलना में अंतिम सूची में 2.5 प्रतिशत और पुनरीक्षण से पहले की सूची की तुलना में 10.8 प्रतिशत मतदाताओं की कमी आई है।

देश में अब तक जिन नौ अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्ढ्क्र पूरा हुआ है, वहां ड्राफ्ट से अंतिम सूची के बीच मतदाताओं की संख्या बढ़ी है, जबकि गोवा इकलौता राज्य है जहां इसमें गिरावट दर्ज हुई।

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन शुरू होने से पहले, 27 अक्टूबर को गोवा में कुल 11,85,034 मतदाता पंजीकृत थे। गणना चरण के बाद 16 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 10,84,992 रह गई, यानी 8.4 प्रतिशत की कमी। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या और घटकर 10,57,666 हो गई।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ड्राफ्ट सूची में शामिल 10,84,992 मतदाताओं में से केवल 9,02,589 नाम पिछले स्ढ्क्ररोल से मैप हो पाए, जबकि 1,82,403 मतदाता अनमैप्ड पाए गए। इसके अलावा, मैप किए गए मतदाताओं में भी 58,923 मामलों में तार्किक विसंगतियां पाई गईं, जिनमें पिता के नाम में अंतर, माता-पिता या दादा-दादी के साथ आयु का असामान्य अंतर और छह से अधिक बच्चों का उल्लेख जैसी त्रुटियां शामिल थीं। चीफ इलेक्शन ऑफिसर संजय गोयल के अनुसार, स्ढ्क्र की शुरुआत में मौजूद सूची की तुलना में कुल 1,27,468 मतदाताओं के नाम हटे हैं, जो कुल मतदाता सूची का लगभग 10.75 प्रतिशत है। इनमें 428 ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने पुर्तगाली पासपोर्ट हासिल कर लिया था, लेकिन उनके नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज थे। उत्तरी गोवा में तालेइगाओ में 4,947 और पणजी में 4,274 नामों का विलोपन हुआ।

### ड्राफ्ट और अंतिम सूची में अंतर

दावों और आपत्तियों की अवधि के दौरान कुल 24,949 आवेदन समावेशन या निवास परिवर्तन के लिए आए। इनमें से 12,166 आवेदनों के आधार पर नाम जोड़े गए, जबकि 3,812 मामलों में नाम काटे गए। कुल मिलाकर ड्राफ्ट और अंतिम सूची के बीच 39,592 नाम हटाए गए और 12,166 जोड़े गए, जिससे 27,426 मतदाताओं का शुद्ध विलोपन हुआ। क्षेत्रवार देखें तो वास्को द गामा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 11,657 नाम कटे हैं। कॉर्टालिम में 9,389 और डाबोलिम में 5,489 मतदाताओं के नाम हटाए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से जघन्य अपराध के दोषी कोच को उम्रकैद

**कोलकाता, एजेंसी।** एक तैराकी प्रशिक्षक को नाबालिग लडकी की हत्या का प्रयास और लूटपाट के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सियालदह अदालत के न्यायाधीश अनिर्बन दास ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपित संदीप साउ को शुक्रवार को दोषी ठहराया था। यह घटना 2015 में कोलकाता के चितपुर इलाके में हुई थी। अदालती सूत्रों के अनुसार, 18 मार्च, 2015 को तैराकी प्रशिक्षक नाबालिग के फ्लैट



में दाखिल हुआ। उस समय नाबालिग के माता-पिता नहीं थे। नाबालिग फ्लैट में अकेली थी। हालांकि नाबालिग व उसके माता-पिता तैराकी प्रशिक्षक से परिचित थे। संदीप साउ ने फ्लैट में घुसते ही अलमारी खोली तथा पैसे व गहने निकालने लगा। उसने नाबालिग से कहा कि उसे अपने पिता के इलाज के लिए पैसों की जरूरत है। घटना को देखकर नाबालिग ने इसका विरोध किया। आरोप है कि संदीप ने तौलिए से नाबालिग का गला घोंटकर मारने की कोशिश की। इतना ही नहीं, उसने नाबालिग को चाकू से गोद दिया। खून से लथपथ होकर नाबालिग बेहोश हो गई। इसी बीच, संदीप फरार हो गया। बाद में, जब नाबालिग को होश आया, तो उसने दूसरे फ्लैट के पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। पड़ोसी उसे अस्पताल ले गए। पुलिस को सूचना दी गई। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद संदीप साउ को गिरफ्तार कर लिया। सियालदह अदालत में मामला दर्ज किया गया। अदालत में कुल 22 लोगों ने गवाही दी।

### आंधे घंटे किया इंतजार, गला दबाने की भी कोशिश; फरीदाबाद में बीच सड़क पत्नी की हत्या मामले में खुलासे

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के पल्ला क्षेत्र स्थित सनलाइट शिव एन्क्लेव कॉलोनी-पार्ट एक निवासी महिला की शुक्रवार को सड़क पर उसके पति ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। हत्या का कारण गृह क्लेश बताया जा रहा है। तलाक का केस चलने की वजह से आरोपी और महिला अलग रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, शिव एंक्लेव पार्ट-एक सनलाइट कॉलोनी निवासी संगीता देवी की शादी करीब 12 वर्ष पहले शिव एंक्लेव पार्ट-दो निवासी कार चालक दिलीप यादव से हुई थी। वह नोएडा स्थित एक कंपनी में नौकरी करती थी। शुक्रवार देर शाम करीब 7 :30 बजे 30 वर्षीय संगीता शिव एंक्लेव पार्ट-दो निवासी अपने पिता के घर से अपने कमरे पर जा रही थी। आरोपी पति उसे तलाशने के बाद उसके घर से वापस लौट रहा था। रास्ते में महिला को अकेला पाकर आरोपी ने एक के बाद एक तीन गोलियां चला दीं। इनमें से दो गोलियां महिला की छाती में बाईं ओर जा लगीं, जबकि एक गोली दूसरी तरफ निकल गई। गोली लगने से महिला के सड़क पर गिरते ही आरोपी फरार हो गया।

घटना का पता चलने पर उसके परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला और उसके पति के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। दोनों के बीच तलाक का मामला साकेत, दिल्ली की अदालत में विचाराधीन था। पुलिस ने महिला के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

# चुनाव की तारीखों से पहले ही छावनी बनेगा बंगाल, आचार संहिता लगने से पहले ही मोर्चा संभालेगी फोर्स

**कोलकाता, एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) ने बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने राज्य में मतदान की तिथियों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को जारी इस अधिसूचना ने राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया यह निर्णय दर्शाता है कि आयोग इस बार बंगाल में कानून-व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर है।

आयोग की योजना के अनुसार, केंद्रीय बलों की यह तैनाती दो रणनीतिक चरणों में संपन्न की जाएगी। पहले चरण की शुरुआत आगामी एक मार्च से होगी। गौर करने वाली बात यह है कि इस अवधि तक न तो चुनाव की तिथि अधिसूचित होंगी और न ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी होगी। इसके बाद दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा, जिसके बारे में यह संभावना जताई जा रही है कि तब तक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी होगी और आचार संहिता लागू हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग होली के तत्काल बाद मतदान के विभिन्न चरणों की घोषणा कर सकता है। इन दो शुरुआती



चरणों में कुल 480 कंपनियों को तैनात करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्रत्येक चरण में 240-240 कंपनियां भेजी जाएंगी।

एक मार्च को पहुंचने वाली पहली खेप में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआइरीएफ) की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 55, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की 21, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) की 27 और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 27 कंपनियां शामिल होंगी। वहीं, 10 मार्च के दूसरे चरण में बलों की संख्या में फेरबदल करते हुए सीआरपीएफ की 120 और बीएसएफ की 65 कंपनियों सहित अन्य बलों का मिश्रण तैनात किया जाएगा। आवाजाही और तैनाती के लिए सीआरीएफ होगी मुख्य समन्वयकारी एजेंसी निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस पूरी आवाजाही और तैनाती के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्य समन्वयकारी एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। साथ ही, पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह संबंधित बलों के मुख्य समन्वयकों के साथ मिलकर तैनाती की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करे।

## ओडिशा में ट्रेलर ने पुलिस की गाड़ी को मारी टक्कर, 5 जवानों की मौत; 3 की हालत नाजुक

**गोवाहाटी, एजेंसी।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिस की बोलेरो गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पांच पुलिस कर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हैं। यह दुर्घटना इतनी भीषण थी कि पुलिस वाहन के परखच्चे उड़ गए। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना झारसुगुड़ा सदर पुलिस स्टेशन के पास सुबह के समय हुई। पुलिस की बोलेरो ड्यूटी पर थी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो पूरी तरह पिचक गई, जिससे उसमें सवार पांच कर्मियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले जवानों की पहचान कर ली गई है। पुलिस विभाग ने मृतकों के नाम साझा करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में ड्रिल सब-इंस्पेक्टर निरंजन कुजूर, एपीआर कर्मी काशीराम भोई, एपीआर कर्मी देबदत्त सा, एपीआर हवलदार लिंगराज धुरुआ और होमगार्ड भक्तबंधु मिर्धा का निधन हुआ है। दो सदस्य और एक सार्जेंट शामिल हैं। स्थानीय पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर उन्हें बाहर निकाला और तुरंत झारसुगुड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, तीनों की हालत काफी नाजुक बनी हुई है और उन्हें विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह हादसा चालक की लापरवाही, नींद आने या किसी तकनीकी खराबी के कारण हुआ। ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए जिले भर में लोग एकत्र हो रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

## पुलिस का बड़ा एक्शन, पाक आतंकी संगठनों के समर्थन में पोस्ट करने वाले छह गिरफ्तार

**तिरुप्पुर, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने तमिलनाडु के तिरुप्पुर से छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों के समर्थन में ऑनलाइन सामग्री साझा करने का आरोप है। दिल्ली पुलिस की एक विशेष टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर तिरुप्पुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान उथुकुली से दो, पल्लाडम से तीन और थिरुमुरुगनपुंडी से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। जांच में सामने आया कि ये सभी आरोपी बांग्लादेशी नागरिक हैं जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। उन्होंने तिरुप्पुर के गारमेंट उद्योग में काम पाने और अपनी पहचान छुपाने के लिए फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों का सहारा लिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से आठ मोबाइल फोन और सोलह सिम कार्ड बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, इन उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के समर्थन में संदेश फैलाने और संदिग्ध हैंडलर्स के संपर्क में रहने के लिए किया जा रहा था। पकड़े गए सभी आरोपियों को ट्रेन के जरिए दिल्ली ले जाया गया है, जहां उनसे आगे की पूछताछ की जाएगी ताकि किसी बड़े आतंकी नेटवर्क या साजिश का पता लगाया जा सके।

### स्लाइस सीटी स्कैनर, कैथ लैब और न्यूरो आईसीयू का उद्घाटन, सिलसिलेवार तरीके से दी जाएगी जगह

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल, वेंडिंग जोन में रेहड़ी-पटरी वालों को जगह मिलेगी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के विभिन्न आवासीय सेक्टरों में विकसित किए गए वेंडिंग जोन में रेहड़ी-पटरी वालों को अगले सप्ताह जगह आवंटित की जाएगी। प्रथम चरण में 20 पात्र लोगों को आवंटन पत्र देकर इसकी शुरुआत की जाएगी। इधर- उधर रेहड़ी लगाने वालों को नई जगह पर स्थानांतरित किया जाएगा। सेक्टरों में दिन प्रतिदिन बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने पथ विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में जगह आवंटित करने की प्रक्रिया अब तेज कर दी है।

दोबारा से कराए गए सत्यापन में पात्र पाए गए लोगों में से 20 पथ विक्रेताओं को सेक्टर बीटा- 1,2, अल्फा- 2 और 36 में अगले सप्ताह आवंटित कर दी जाएगी। इस संबंध में उच्चाधिकारियों ने दिशा निर्देश दिए हैं। दादरी विधायक तेजपाल नागर पात्र लोगों को आवंटन पत्र सौंपेंगे।

वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से सभी पात्र पथ विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में जगह आवंटित की जाएगी। 20 लोगों को आवंटन पत्र सौंपने के बाद पात्र लोगों की दूसरी सूची तैयारी की जाएगी। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश में इसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारी के मुताबिक शहर के सेक्टर बीटा-1,2 , टू, अल्फा- 2, डेल्टा-1,3, गामा-2, पाई-1,2 व सेक्टर 36 में अब तक 500 से अधिक पथ



विक्रेताओं के लिए एक निश्चित जगह पर छोटी- छोटी दुकानें बनाई गई हैं। इनमें क्योस्क भी शामिल हैं। वहीं, चार सेक्टरों जू-1,3 और ओमिक्रोन-1ए व 3 में काम चल रहा है। प्राधिकरण वर्ष 2022 में कराए गए सर्वेक्षण में 619 पथ विक्रेताओं का सत्यापन किया गया था। योजना के मुताबिक जो पथ विक्रेता जिस सेक्टर में दुकान लगाता है,उसको उसी सेक्टर के वेंडिंग जोन में जगह आवंटित की जाएगी। इससे सेक्टरों के अंदर अतिक्रमण की समस्या खत्म हो जाएगी। वेंडिंग जोन में जगह का आवंटन तीन साल के लिए होगा। यहां फल, सब्जी और फास्ट फूड के अलावा स्टेशनरी बेच सकेंगे। स्टेशनरी के लिए क्योस्क का का निर्माण किया गया है। रेहड़ी पटरी लगाने वालों को डेढ़ से दो मीटर जगह आवंटित की जाएगी। इसका मासिक किराया 1500 रुपये होगा,वहीं स्टेशनरी के लिए चार मीटर जगह आवंटित की जाएगा। इसका मासिक किराया 5000 रुपये होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि सेक्टरों में विकसित किए गए वेंडिंग जोन में पथ विक्रेताओं को जगह आवंटित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। प्रथम चरण में 20 पात्र लोगों सेक्टर अल्फा-2, बीटा-1,2 और सेक्टर 36 के वेंडिंग जोन में आवंटन पत्र सौंपे जाएंगे।

## वाटिका रोड पर बदमाशों ने मचाया उपद्रव, नकाबपोशों ने लाठी-डंडों से ढाबे में की जमकर तोड़फोड़

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ बदमाशों ने देर रात भारी उत्पात मचाया। मामला जयपुर के वाटिका रोड स्थित एक सड़क किनारे बने ढाबे का है, जहाँ करीब आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने अचानक हमला बोल दिया। वारदात की पूरी घटना ढाबे में लगे कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि लाठियों और डंडों से लैस ये हमलावर किस तरह ढाबे के अंदर दाखिल होते हैं और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देते हैं। नकाबपोशों ने न केवल फर्नीचर और अन्य सामान को तोड़ा, बल्कि वहां मौजूद लोगों के बीच दहशत भी फैला दी। देर रात हुई इस अचानक तोड़फोड़ से इलाके में हड़कंप मच गया। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हमला किसी पुरानी रंजिश का नतीजा है या फिर वसूली के इरादे से दहशतगर्दी की गई है।

### क्या बंगाली में बात करना अपराध?

# बंगाल का अपमान बर्दाश्त नहीं, ममता बनर्जी ने एसआईआर पर फिर उठाए सवाल

**कोलकाता एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर अन्य राज्यों में बंगालियों के साथ भेदभाव पर सवाल उठाया है। ममता बनर्जी ने कहाकि पश्चिम बंगाल में अन्य प्रदेशों से एक करोड़ लोग आए हैं। यहां पर इन लोगों से भाइयों जैसा व्यवहार किया जाता है। लेकिन बंगाल के लोगों के साथ अन्य राज्यों में बिल्कुल उलटा होता है। उन्होंने आगे कहाकि आज भारत में तानाशाही जैसा माहौल हो गया है। इस दौरान उन्होंने एसआईआर समेत बंगाल के अपमान की भी मुद्दा उठाया। ममता बनर्जी ने शनिवार को 'अंतरराष्टीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी भाषाएं समान रूप से सम्मान की पात्र हैं और उन्हें किसी भी प्रकार के 'प्रहार' से बचाया जाना चाहिए।

ममता बनर्जी ने सवाल उठाया कि क्या बंगाली में बात करना अपराध है? मैं कहती हूं कि हमें एक होने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहाकि मैं अपनी जान दे दूंगी, लेकिन किसी के सामने झुकूंगी नहीं। मैं बंगाल का अपमान बर्दाश्त नहीं करने वाली। उन्होंने कहाकि आखिर आपको बंगाल के लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर फेंक देने की जल्दी क्या है? भाषा आंदोलनों के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार भाषाई विविधता का सम्मान करती है तथा उसने कई भाषाओं को आधिकारिक मान्यता दी है।



### सभी को मातृभाषा में शिक्षा का अधिकार

मख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहाकि बांग्ला न केवल एक समृद्ध साहित्यिक विरासत वाली भाषा है, बल्कि यह सभी भाषाई समुदायों के प्रति सम्मान की व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा भी है। उन्होंने कहाकि हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि राज्य में हर व्यक्ति को, चाहे वह कोई भी भाषा बोलता हो, उसे अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। बनर्जी ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने विभिन्न भाषाई समूहों के लिए भाषा अकादमियां स्थापित की हैं। उन्होंने कहाकि इस पावन दिन पर हम अपना संकल्प दोहराते हैं कि यदि किसी भी भाषा पर प्रहार होता है तो हम सब उसके खिलाफ एकजुट होकर खड़े होंगे। सभी भाषाएं समान सम्मान की पात्र हैं। बता दें कि ममता पहले भी बांग्ला भाषी लोगों के साथ अन्य राज्यों में भेदभाव की बात उठाती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि अन्य प्रदेशों, खासतौर पर भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के रहने वालों पर अत्याचार होता है। इसके अलावा, उन्होंने एसआईआर के दौरान भी बंगाल के साथ अन्याय की बात कही है।

# हिंदू कोई धर्म नहीं है, हिंदू राष्ट्र क्यों कहते हैं? दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान

**भोपाल।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने हिंदू राष्ट्र पर अपने विवादास्पद बयान पर शनिवार को सफाई दी। उन्होंने कहा, मैंने कहा था कि हिंदू कोई धर्म नहीं है। भारत एक देश है और भारतीय संविधान में लिखा है- हम भारत के लोग, अर्थात् भारत। इसलिए हमें इसे भारतवर्ष क्यों नहीं कहते? हिंदू राष्ट्र क्यों कहते हैं? उन्होंने इस मुद्दे पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत की पहचान संवैधानिक रूप से भारत है, न कि किसी एक धर्म से जुड़ी। दिग्विजय सिंह ने इस बयान से स्पष्ट किया कि वे भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखते हैं और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को अस्वीकार करते हैं।

दिग्विजय सिंह ने टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेटरों की ओर से पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने के मुद्दे पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, उन्हें हाथ मिलाना चाहिए। यह खेल भावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल के मैदान पर राजनीति नहीं हावी होनी चाहिए और स्पोर्ट्समैनशिप के तहत दोनों टीमों को आपसी सम्मान दिखाना चाहिए। यह



बयान ऐसे समय आया है जब भारत-पाकिस्तान मैचों में हाल के वर्षों में हाथ न मिलाने की परंपरा शुरू हुई है, जिसे कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी आलोचना की है। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ की तुलना किसी अन्य संगठन से नहीं की जा सकती, क्योंकि संघ जैसा कोई दूसरा है ही नहीं। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा और संचलन को देखकर कुछ लोग इसे पैरा-मिलिट्री संगठन समझ लेते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि संघ व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला है, जहां व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाता है। भागवत मेरठ व ब्रज प्रांत की प्रमुख जन संवाद गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मोहन भागवत ने कहा, संघ की स्थापना ऐसे समय में हुई जब देश पराधीन था और समाज अनेक कुरीतियों व असमानताओं से ग्रस्त था। केशव बलिराम हेडगेवार के संपर्क उस समय के कई स्वतंत्रता सेनानियों बाल गंगाधर तिलक, मदन मोहन मालवीय, सुभाषचंद्र बोस, विनायक दामोदर सावरकर, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद से थे। उस समय एक प्रमुख चिंता यह थी कि भारत बार-बार पराधीन क्यों होता है। उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है। हिन्दू शब्द का अर्थ किसी मत-पंथ विशेष से नहीं, बल्कि उस जीवन दृष्टि से है जो सबको जोड़ने, सबके हित में सोचने और समस्त सृष्टि के कल्याण की प्रेरणा देती है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## आधी आबादी का हक, न्यायिक व्याख्या और नारी गरिमा का प्रश्न

महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की सुनवाई और फैसले की दिशा इस बात पर निर्भर करती है कि न्यायालय में पीड़िता के पक्ष पर कितनी संजीदगी के साथ गौर किया गया। खासतौर पर हमारे देश में बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के मामले में न केवल इस अपराध की प्रकृति, बल्कि उसका पीड़िता के मन-मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभावों को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशील रुख अपनाने की जरूरत होती है, लेकिन कई बार इन तकाजों को प्राथमिक नहीं माना जाता।मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में एक जरूरी मानक सामने रखा है कि निचली अदालतों में बलात्कार के मामलों पर सुनवाई करते हुए कितना संवेदनशील होने की जरूरत है! गौरतलब है कि पिछले वर्ष मार्च में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में एक नाबालिग लड़की पर यौन इरादे से शारीरिक बलप्रयोग को बलात्कार के प्रयास का अपराध नहीं माना और आरोपों को हल्का करार दिया। उस समय भी अदालत के रुख और उसकी टिप्पणियों पर तीखे सवाल उठे थे।अब सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, उससे एक बार फिर महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संबंधित मामले में बलात्कार से संबंधित कानून के प्रावधानों की विचित्र व्याख्या करके आरोपियों के प्रति जिस तरह नरम रुख अख्तियार किया था, वह अपने आप में न्याय की प्रक्रिया पर एक गंभीर सवाल था।खासतौर पर एक नाबालिग लड़की पर तीन युवकों के शारीरिक बलप्रयोग, बदतमीजी और उसकी गरिमा को चोट पहुंचाने की जिस स्तर पर अनदेखी की गई और आरोप की गंभीरता को कम किया गया, उस पर खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी गहरी नाराजगी जताई थी। बीते वर्ष 25 मार्च को शीर्ष अदालत की पीठ ने साफ शब्दों में कहा था कि यह फैसला पूरी तरह से असंवेदनशील और अमानवीय नजरिए को दिखाता है, अब उसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट को फटकार लगाई और उसके विवादित फैसले को पलटते हुए नाबालिग लड़की से की गई हरकत को 'बलात्कार का प्रयास' करार दिया।

## 'चाइनीज रोबोटिक डॉग' ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कराई फजीहत

आमतौर पर झूठे दावों की हकीकत किसी न किसी रूप में सामने आ जाती है, लेकिन कई बार उसके नतीजे गंभीर होते हैं। दिल्ली में आयोजित 'एआइ इम्पैक्ट सम्मेलन' में हिस्सा लेने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी के एक झूठ से न केवल उसकी फजीहत हुई, बल्कि इस आयोजन में बरती जाने वाली कोताही पर भी सवाल उठे।यह बात समझ से बाहर है कि इस संस्थान को चीन के बनाए 'रोबोटिक डाग' को अपना नवाचारी उत्पाद बता कर पेश करने की क्या जरूरत थी?ढ्ढ सम्मेलन में उपस्थित उसके प्रतिनिधि ने क्या सोच कर इस संबंध में अतिरेक से भरे और झूठे दावे किए? अव्वल तो भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के फर्जी और अनैतिक दावे करने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए था।दूसरे, ऐसा करते हुए एक बार भी इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि जिस तरह की तकनीक के बारे में झूठा दावा किया गया, आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में उस झूठ को सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आखिर विवाद बढ़ने के बाद संस्थान को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन इससे उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ा है। इस विवाद को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने उचित ही सम्मेलन से वह स्थल खाली करने को कहा गया, जहां इस निजी विश्वविद्यालय ने अपनी प्रदर्शनी लगाई थी।इस बात की पूरी संभावना है कि एआइ सम्मेलन में प्रदर्शित करने के लिए आए तमाम उत्पादों को मंजूरी पहले ही दी गई होगी। सवाल उठता है कि इस सम्मेलन में संस्थानों को जब अपने मौलिक एआइ उपकरणों को प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया होगा, तब गलगोटिया की ओर से लाए गए 'रोबोटिक डाग' और उसके बारे में बढ़-चढ़ किए गए दावों को लेकर आयोजकों की ओर से शुरू में ही जरूरी सवाल क्यों नहीं किए गए? आज जब देश कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने की जमीन तैयार करने में लगा है।

*है। पहाड़ी और जंगली नदियां उत्खनन और वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण पहले ही अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा योजनाएं शुरू की गईं। इनका उद्देश्य गंदे पानी का प्रबंधन कर सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना था। मगर स्थानीय नगर निकायों द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन अपनी सुविधा और सीमित क्षमता के अनुसार किया गया।*

## विकास की चमक और प्रदूषित जल का अंधेरा, एक सामूहिक आत्मघात

**(विनोद के शाह)**

भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। आर्थिक प्रगति, आधारभूत संरचनाओं के विस्तार और तकनीकी विकास के दावे हर मंच पर किए जा रहे हैं। मगर इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक कड़वी आंतरिक सच्चाई भी छिपी है और वह यह कि मानव जीवन के लिए सबसे आवश्यक पेयजल की उपलब्धता और गुणवत्ता लगातार बदतर होती जा रही है। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने विकास की ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लिया है, वह स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के मामले में वैश्विक स्तर पर निचले पायदान पर फिसलता जा रहा है। कुछ समय पहले मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में प्रदूषित पेयजल आपूर्ति के कारण कई लोगों की असमय मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया। इसके तुरंत बाद गुजरात के गांधीनगर में प्रदूषित पानी से टाइफाइड फैलने की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी। यह समस्या केवल एक-दो शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में पेयजल की स्थिति गंभीर और चिंताजनक बनी हुई है। 'वर्ल्ड पापुलेशन रिव्यू' की स्वच्छ जल रैंकिंग- 2025 में 172 देशों की सूची में भारत 138वें स्थान पर है। वर्ष 2013 के बाद से देश की पेयजल गुणवत्ता में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के साथ विकास का कथित माडल आज स्वच्छ जीवन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। रासायनिक औद्योगिक अपशिष्ट, चिकित्सीय कचरा और सीवेज का गंदा पानी बिना समुचित शोधन के नदियों और दूसरे जलस्रोतों में सीधे छोड़ा जा रहा है। खेती, उद्योग और शहरी आबादी द्वारा पारंपरिक जलस्रोतों का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। बदले में उन्हीं स्रोतों में प्रदूषित जल प्रवाहित कर दिया जाता है। यह स्थिति किसी सामूहिक आत्मघात से कम नहीं है। कभी कल-कल बहने वाली नदियां आज गंदे नालों में तब्दील हो चुकी हैं। जो नदियां धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र थीं, वे गर्मियों में बदहाल दिखाई देती हैं। यही नदियां किनारों पर बसे शहरों और गांवों की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराती हैं। ऐसे में मानव दूषित जल को शुद्ध करने के प्रयास में कमजोर पड़ता जा रहा है और अंततः जीवन से हारने लगता है। दूसरी ओर छोटी और स्थानीय नदियां अब बरसाती नालों के रूप में पहचानी जाने लगी हैं। जल प्रदूषण नियंत्रण एवं रोकथाम अधिनियम 1974 और अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 1969 जैसे कानून आज केवल कानूनी पुस्तकों तक सीमित होकर रह गए हैं। देश का लगभग सत्तर फीसद जल किसी न किसी रूप में प्रदूषित हो चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट बताती है कि भारत में संक्रामक बीमारियों का पांचवां सबसे बड़ा कारण प्रदूषित जल है। केवल अतिसार से ही देश में प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख बच्चों की मृत्यु हो जाती है, जबकि दो लाख से अधिक वयस्क गंदे पानी से होने वाली बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। देश की लगभग साठ करोड़ आबादी प्रतिदिन पानी की व्यवस्था करने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्हें जैसा भी पानी उपलब्ध होता है, उसकी गुणवत्ता की परवाह किए बगैर वह उसे पीने और दैनिक उपयोग में लाने के लिए मजबूर हैं। 'इंटरनेशनल सेंटर फार सस्टेनेबिलिटी' की रपट के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत में पानी की मांग वर्तमान से दोगुनी हो जाएगी। आज स्थिति यह है कि विश्व के कुल शुद्ध जल का केवल चार फीसद हिस्सा भारत के पास है, जबकि दुनिया की लगभग सत्रह फीसद जनसंख्या का बोझ कंधों पर है। बढ़ती जनसंख्या, अव्यवस्थित शहरीकरण और जल संरचनाओं पर अतिक्रमण भविष्य के लिए गंभीर खतरे के संकेत हैं। दुर्भाग्यवश, इस विषय पर गहन और ईमानदार चिंतन के बजाय जिम्मेदार संस्थाएं केवल सतही उपायों तक सीमित रह जाती हैं। नमामि गंगे जैसी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाएं गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से शुरू की गईं, लेकिन अपेक्षित परिणाम आज भी दूर हैं। वर्ष 2017 में नई दिल्ली में आयोजित नदी दिवस पर नदियों के संरक्षण पर बड़ी बातें हुईं, लेकिन आठ वर्षों में वह जमीन पर उतरती नहीं दिखीं। देश की सबसे बड़ी नदी जोड़ो परियोजना 'बेतवा-केन लिंक' का उदाहरण भी चिंताजनक है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में बेतवा का उद्गम स्थल पिछले वर्ष गर्मी में सूख गया, लेकिन यह नदी शहरी नालों और औद्योगिक अपशिष्ट के सहारे किसी तरह अपना अस्तित्व बनाए रखने को विवश रही। नदी की दुर्दशा और 'केन-बेतवा लिंक' के भविष्य को लेकर नागरिक चिंतित हो उठे, लेकिन जिम्मेदार जब जागे, तब मानसूनी बारिश ने इसे पुनर्जीवित कर दिया। मगर वास्तविकता यह है कि आसपास के पांच सौ एकड़ में फैसे जंगलों के विनाश और अनियंत्रित निर्माण ने भविष्य में ऐसे संकट को स्थायी बना दिया है। इन परिस्थितियों में बेतवा और केन का भविष्य में मिलन अभी भी पहेली से कम नही है। पहाड़ी और जंगली नदियां उत्खनन और वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण पहले ही अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा योजनाएं शुरू की गईं। इनका उद्देश्य गंदे पानी का प्रबंधन कर सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना था। मगर स्थानीय नगर निकायों द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन अपनी सुविधा और सीमित क्षमता के अनुसार किया गया। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में लोगों की मौत इसका भयावह उदाहरण हैं, जहां पेयजल पाइपलाइन को नाले के नीचे से निकाला गया। घटिया गुणवत्ता की पाइपलाइन में रिसाव के कारण लोग लंबे समय तक दूषित पानी पीते रहे थे। देश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर नल जल योजना लागू की गई, जो मुख्यतः भूमिगत जल स्रोतों पर आधारित है। मगर इस योजना में जल की गुणवत्ता परीक्षण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। कई स्थानों पर सूखे या कम जल देने वाले नलकूपों से ही आपूर्ति की जा रही है। जहां पानी उपलब्ध है, वहां नाइट्रेट, फ्लोराइड, आर्सेनिक, आयरन, क्लोराइड और ईकोलाई जैसे घातक तत्त्व और जीवाणु पाए जा रहे हैं। जल जीवन आकलन की रपट के अनुसार अकेले मध्यप्रदेश में ही ग्रामीण पेयजल के 36.7 फीसद नमूने चिंताजनक गुणवत्ता वाले पाए गए हैं। देशभर में आपूर्ति किए जाने वाले कुल जल का लगभग एक-तिहाई हिस्सा पेयजल मानकों पर खरा नहीं उतरता। निजी और सरकारी स्तर पर विकसित आवासीय कालोनियों में भी जल परीक्षण की अनिवार्यता न होने से नागरिक अनजाने में प्रदूषित पानी का उपयोग कर रहे हैं। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और अहमदाबाद जैसे शहरों में इसके कई उदाहरण सामने आ चुके हैं। शुद्ध पेयजल भले ही जीवन के अधिकार का हिस्सा हो, लेकिन इसकी जिम्मेदारी लेने से सरकारी और निजी एजंसियां प्रायः बचती रही हैं। लापरवाही के मामलों में सख्त सजा के अभाव में प्रशासन भी इसे गंभीरता से नहीं लेता।

## इंडिया एआई स्टैक : बड़े पैमाने पर बुद्धिमत्ता को सक्षम बनाने की दिशा में भारत की नई पहल

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लोकतंत्रीकरण की दिशा में "इंडिया एआई स्टैक" को एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य एआई तकनीक को आम नागरिकों तक पहुंचाना और इसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वित्त तथा सार्वजनिक सेवाओं में बड़े पैमाने पर लागू करना है। सरकार का विज़न है कि एआई केवल सीमित संस्थानों तक न रहकर सामाजिक कल्याण और सामूहिक विकास का माध्यम बने। विशेषज्ञों के अनुसार, एआई स्टैक एक ऐसी एकीकृत संरचना है जो हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डेटा और कंप्यूटिंग संसाधनों को जोड़कर एआई एप्लिकेशन के विकास और संचालन को आसान बनाती है। यह मॉडल वर्चुअल असिस्टेंट से लेकर रोग निदान, वित्तीय सुरक्षा और परिवहन प्रबंधन जैसे उन्नत उपयोगों तक को सक्षम करता है। इंडिया एआई स्टैक को पांच प्रमुख परतों में विकसित किया गया है, जिनमें एप्लिकेशन लेयर, एआई मॉडल लेयर और अन्य तकनीकी अवसंरचनाएं शामिल हैं। एप्लिकेशन लेयर में उपयोगकर्ता के लिए सीधे काम करने वाले एआई आधारित प्लेटफॉर्म जैसे कृषि सलाह, भाषा अनुवाद, चैटबॉट और स्वास्थ्य निदान टूल शामिल हैं। भारतीय स्टार्टअप स्थानीय भाषाओं और क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार एप्लिकेशन विकसित कर रहे हैं, जिससे एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। कृषि क्षेत्र में एआई आधारित सलाह से कुछ राज्यों में उत्पादकता में 30 से 50 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई है, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर और टीबी जैसी बीमारियों के शुरुआती निदान में एआई की भूमिका बढ़ रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एआई लर्निंग को सीबीएसई पाठ्यक्रम, दीक्षा प्लेटफॉर्म और युवएआई जैसी पहलों के माध्यम से शामिल किया गया है। वहीं न्यायिक व्यवस्था में ई-कोर्ट्स फेज-III अनुवाद और केस प्रबंधन के लिए एआई का उपयोग कर रहा है। मौसम और आपदा प्रबंधन में भारतीय मौसम विभाग द्वारा एआई आधारित पूर्वानुमान प्रणाली विकसित की गई है, जिससे किसानों और आपदा प्रतिक्रिया एजेंसियों को मदद मिल रही है। एआई मॉडल लेयर को इस स्टैक का 'मस्तिष्क' माना जाता है, जहां डेटा के आधार पर निर्णय लेने वाले मॉडल विकसित किए जाते हैं। भारतएआई मिशन के तहत देशज जरूरतों के अनुरूप 12 एआई मॉडल विकसित किए जा रहे हैं, जबकि इंडिया एआईकोष में हजारों डेटा सेट और सैकड़ों एआई मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं। भाषिणी और सर्वम् एआई जैसे प्लेटफॉर्म भारतीय भाषाओं में एआई समाधान विकसित कर बहुभाषी डिजिटल सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि ओपन-सोर्स एआई मॉडलों के बढ़ते उपयोग से लागत कम हुई है और स्थानीय नवाचार को बढ़ावा मिला है। भारत एक संप्रभु और समावेशी एआई इकोसिस्टम बनाने पर जोर दे रहा है, ताकि तकनीकी आत्मनिर्भरता बढ़े और एआई का लाभ देश की विविध भाषाओं, संस्कृतियों और सामाजिक जरूरतों के अनुरूप आम लोगों तक पहुंच सके।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6012

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6011

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 6012

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | 5 | 6 | | 7 |
| 8 | 9 | | 10 | ■ | 11 | | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. टेस्ट मैचों में विश्व का सर्वाधिक रन स्कोर बनाने वाला वेस्टइंडीज का क्रिकेटर (अप्रैल 2004, 400 रन)(5)
5. शिकवा, उपलंभ, उलाहना (4)
8. फहराना, कंप युक्त गति होना (4)
11. व्यंग्यपूर्ण या छल भरी बात (3)
12. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (3)
15. यूनानी रीति से चिकित्सा करने वाला (3)
16. पश्चिमी अफ्रीका का एक देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
17. पडौसी, प्रतिवेशी, हमसाया (4)
19. बुनियाद, जड़, नींव, आदि कारण (2)
20. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
21. किसी त्यौहार व विशेष पर्व के अवसर पर लगा लोगों का जमघट या समूह (2)
23. मिथ्या संवाद या झूठी खबर (2)
24. परवरिश करना, भरण-पोषण करना (3)

**ऊपर से नीचे**
1. विश्व का एक मात्र देश जिससे भूमध्य रेखा और मकर रेखा दोनों की गुजरती है (3)
2. विलास चेष्टा, नाज-अदा, चोचला (3)
3. पुंज (2)
4. काबिल, योगय (3)
6. पैदल यात्रियों का समूह या दल (3)
7. करीने से काटना या कतरना (4)
9. जिद, दुराग्रह, दृढ प्रतिज्ञा, अटल संकल्प (2)
10. ठीक सामने की स्थिति को यह कहते है (6)
13. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
14. ब्राह्मण, पुरोहित (2)
15. बयार, पवन, वायु, समीर (2)
16. मिलावट, अनुचित मेल, गड्डमगड्ड (4)
18. नृत्य में एक प्रकार की गति (3)
22. उपस्थित करना, ले आना (2)

### वर्ग पहेली 6011 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दि | रा | गां | धी | ■ | स्वा | न |
| त | न | ■ | व | ■ | आ | ग | म |
| जा | मा | ■ | ■ | आ | ज | त | क |
| म | न | भा | व | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | टा | ■ | बा | ज | ■ | रा |
| सा | ग | ■ | ज | न | म | ■ | म |
| त | ज | ■ | रि | ■ | घ | ना | ■ |
| ■ | ब | का | या | ■ | ट | न | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

### वृष
आज कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

### कर्क
आज रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें। धनार्जन होगा।

### सिंह
आज नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

### मिथुन
आज भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

### कन्या
आज दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे। संतान के कार्यों में उन्नति के योग हैं।

### तुला
आज चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

### वृश्चिक
आज रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

### मकर
आज बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### कुंभ
आज कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

### धनु
आज उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

### मीन
आज अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। लंबी यात्रा पर जा सकते हैं। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# क्रिकेट के बाद हॉकी भी बर्बाद करने की तैयारी में नकवी !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान में खेलों की बदहाली अब छिपाए नहीं छिप रही। क्रिकेट में लगातार विवादों और प्रशासनिक उठापटक के बीच अब हॉकी का संकट भी सड़कों पर आ गया है। ऐसे समय में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी का आगे आकर इज्जत बचाने का दावा करना कई लोगों को राहत से ज्यादा दिखावा लग रहा है। सवाल यह है कि क्या वह सच में मदद करने आए हैं या फिर एक और खेल को राजनीतिक अखाड़ा बनाने की तैयारी है?ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एफआईएच प्रो हॉकी लीग खेलने गई पाकिस्तान हॉकी टीम ने जो खुलासे किए, वे शर्मनाक थे। खिलाड़ियों का आरोप है कि उनके लिए होटल तक बुक नहीं कराया गया। उन्हें घंटों सड़कों पर भटकना पड़ा, खुद खाना बनाना पड़ा और बर्तन धोने पड़े। यह किसी स्थानीय क्लब टीम की कहानी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय टीम की दुर्दशा है।

इस विवाद के बाद पाकिस्तान हॉकी संघ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने इस्तीफा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेज दिया, लेकिन जाते-जाते कप्तान अम्माद शकील बट को दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। हालांकि, विरोध के बाद अंतरिम अध्यक्ष ने इस कार्रवाई को गलत बताया और प्रतिबंध हटाया। अब इस फजीहत के बाद क्रिकेट बोर्ड की एंट्री ने नई बहस छेड़ दी है कि क्या एक और खेल भी सत्ता और सियासत की भेंट चढ़ने वाला है? ऐसे माहौल में मोहसिन नकवी का सामने आना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इज्जत से समझौता नहीं

## पाकिस्तान टीम को दिया समर्थन का आश्वासन

होने दिया जाएगा और क्रिकेट बोर्ड हर संभव मदद करेगा। लेकिन आलोचकों का कहना है कि जब क्रिकेट खुद विवादों और अस्थिरता से जूझ रहा है, तब हॉकी में दखल देना समाधान कम और शक्ति प्रदर्शन ज्यादा लगता है। क्या यह वही मॉडल होगा जिसमें प्रशासनिक अव्यवस्था पर पर्दा डालने के लिए पैसों की बारिश कर दी जाए? पाकिस्तान की न्यूज वेबसाइट जियो सुपर के मुताबिक हर खिलाड़ी को 10 लाख पाकिस्तानी रुपये की सहायता दी गई। पैसा जरूरी है, लेकिन क्या सिर्फ आर्थिक मदद से सिस्टम की सड़ांध दूर हो जाएगी?नकवी पहले से देश के गृह मंत्री और क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख हैं। ऐसे में उनका हॉकी मामलों में अस्थायी दखल कई लोगों को सत्ता केंद्रीकरण जैसा लगता है। मोहसिन नकवी ने कहा, 'हम हॉकी खिलाड़ियों को हर मुमकिन तरीके से मदद देंगे। हम हॉकी के मामलों को आसान बनाने में पूरा सहयोग करेंगे।'

## संडे ऑन साइकिल' में शामिल हुए दिग्गज एथलीट, देशवासियों को फिट रहने का दिया संदेश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईएसआईसी ने भी अपनी स्थापना के 75 साल पूरे होने पर 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व हॉकी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह, साइकिलिस्ट तन्वी, कोरियोग्राफर अतुल जिंदल, और साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक उपस्थित रहीं।

आईएएनएस से बात करते हुए पूर्व हॉकी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह ने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के रूप में एक अच्छी मुहिम शुरू की गई है। इसके माध्यम से देशवासियों को फिट रहने का संदेश दिया जा रहा है।'

उन्होंने कहा कि हमें कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी भी मिली है। इसका भी हम जश्न मना रहे हैं। 20 साल




बाद देश में फिर से कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन होने जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूं कि पिछली बार से हमारा प्रदर्शन अच्छा होगा। खिलाड़ियों के लिए यह बहुत बड़ा अवसर है कि वे अपने देश में कॉमनवेल्थ गेम्स खेलेंगे। इससे अच्छी कुछ भी प्रेरणा नहीं हो सकती। रूपिंदर पाल सिंह ने कहा, 'मैं चाहूंगा कि देशवासी न सिर्फ साइकिलिंग बल्कि जब भी उन्हें समय मिलता है, कोई भी शारीरिक व्यायाम करें और खुद को फिट रखें।' साइकिलिस्ट तन्वी ने कहा, 'मुझे यहां सभी पर गर्व है। बहुत भीड़ थी। सूरज निकला भी नहीं था, लेकिन लोग साइकिल चलाने के लिए यहां पहले से ही जमा हो गए थे।'

कोरियोग्राफर अतुल जिंदल ने आईएएनएस से कहा, 'मुझे लगता है कि साइकिल चलाना एक बहुत अच्छा मूवमेंट है। अगर हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में साइकिल चलाते हैं, तो हम पर्यावरण और अपनी सेहत दोनों का ध्यान रख सकते हैं।'

स्वीटी मलिक ने कहा, 'मैं फिट इंडिया, संडे ऑन साइकिल इवेंट में मेहमान के तौर पर आई हूं। सुबह-सुबह यहां इतने सारे लोगों को अपनी फिटनेस का ध्यान रखते हुए देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।' 65 साल की महिला साइकिलिस्ट सुशील अंतिल ने आईएएनएस से कहा कि युवाओं को मोबाईल की दुनिया से बाहर आकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में फिट इंडिया मूवमेंट में हिस्सा लेना चाहिए और खुद को फिट रखने की कोशिश करनी चाहिए।

## टी20 विश्वकप में तीन शून्य एक सकारात्मक संकेत, अभिषेक पर शास्त्री का चौंकाने वाला बयान

**नई दिल्ली–** टी20 विश्व कप 2026 में युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है। तीन मैचों में वह खाता भी नहीं खोल सके और लगातार तीन बार शून्य पर आउट हुए। ऐसे में आलोचनाएं तेज हो गईं, लेकिन पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इसे अलग नजरिए से देखने की सलाह दी है। भारत के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सुपर-8 मुकाबले से पहले शास्त्री ने चौंकाने वाला बयान दिया।

### शास्त्री का बड़ा बयान

शास्त्री ने कहा, 'मैं इसे सकारात्मक रूप में देखता हूं कि अभिषेक शर्मा तीन बार शून्य पर आउट हुए हैं। हो सकता है वह टूर्नामेंट के अहम दौर के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाकर रख रहे हों। दूसरी टीमें इस बात से थोड़ा चिंतित होंगी कि अभी तक उनके बल्ले से रन नहीं निकले हैं।' उनका मानना है कि बड़े खिलाड़ी अक्सर महत्वपूर्ण मैचों में अपनी असली क्षमता दिखाते हैं और अभिषेक भी ऐसा कर सकते हैं।

### प्लेइंग इलेवन पर क्या बोले–

शास्त्री का मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम संतुलित है और प्लेइंग इलेवन में बड़े बदलाव की संभावना कम है। नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले में भारत ने दो बदलाव किए थे, कुलदीप यादव की जगह अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को आराम देकर वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया था।

इस पर शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि टीम लगभग वही रहेगी। आपके पास गहराई है, विकल्प हैं और हर परिस्थिति के लिए तैयारी है। जब ओस होती है, तो अतिरिक्त गेंदबाज़ी विकल्प की जरूरत होती है। मुझे नहीं लगता कि टीम ज्यादा छेड़छाड़ करेगी।'

# शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी की

**• युजवेंद्र चहल ने बारात में डांस किया,क्रिकेटर ने 2023 में पहली पत्नी से तलाक लिया था**

**यूएई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ शादी कर ली है। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शनिवार को एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे मौजा ही मौजा गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। चहल ने कुछ फोटो भी पोस्ट किए। इनमें धवन और उनकी पत्नी सोफी शाइन स्टेज पर हैं। 40 साल के पूर्व भारतीय ओपनर ने एक महीने पहले 12 जनवरी को अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की थी। दोनों पिछले कुछ समय से रिलेशनशिप में थे और मई 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। इससे पहले धवन ने 2023 में अपनी पहली पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक ले लिया था। दोनों ने 2011 में शादी की थी। आयशा-धवन का एक बेटा भी है।



### कौन हैं सोफी शाइन?

सोफी शाइन आयरलैंड की रहने वाली हैं। जब वह धवन से मिली थी तब यूएई में जॉब करती थी। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक वह अमेरिका की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉरपोरेशन में सेकेंड वाइस प्रेसिडेंट (प्रोडक्ट कंसल्टेंट) के पद पर कार्यरत रही हैं। सोफी पिछले साल जुलाई से धवन की स्पोर्ट्स कंपनी डा वन स्पोर्ट्स की (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) हैं। उन्होंने आयरलैंड के लिमरिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मार्केटिंग और मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। शुरुआती शिक्षा उन्होंने कैसलरॉय कॉलेज से पूरी की। सोफी, धवन के इंस्टाग्राम पर आने वाले कई मजेदार वीडियो में भी नजर आती रहती हैं।

### पिछले महीने धवन ने सगाई की थी

धवन ने 12 जनवरी को इंस्टाग्राम पर लिखा था– मुस्कान से लेकर सपनों तक, सब कुछ साझा करते हुए। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। हम हमेशा के लिए एक–दूसरे का साथ चुन रहे हैं। इससे पहले आईपीएल में शिखर के पंजाब किंग्स के लिए खेलने के दौरान भी सोफी टीम को सपोर्ट करती नजर आई थीं।

# मेडल के बड़े दावेदार एथलीटों के खराब प्रदर्शन की वजह

**ओलिंपिक का 'चोकिंग सिंड्रोम'**

### दुनिया के सबसे बड़े मंच पर चैम्पियंस को हरा देता है उनका अपना ही नर्वस सिस्टम

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी फिगर स्केटर इलिया मालिनिन, जिन्हें दुनिया 'क्वाड गॉड' कहती है, धरती के इकलौते इंसान हैं जो हवा में 4.5 रोटेशन वाला जंप लगा सकते हैं। दिसंबर में उन्होंने एक प्रोग्राम में 7 क्वाड्रुपल जंप लगाकर इतिहास रचा था। वे लगातार 12 अंतरराष्ट्रीय इवेंट जीत चुके थे, लेकिन इटली विंटर ओलिंपिक के फाइनल में कई बार गिरे और सीधे आठवें नंबर पर आ गए। उन्होंने माना कि यह दबाव किसी भी अन्य टूर्नामेंट से बिल्कुल अलग था और नसें सुन्न पड़ गई थीं। यही हाल अल्पाइन स्कीयर माइकेला शिफ्रिन का है। शिफ्रिन के नाम इतिहास में सबसे ज्यादा 108 वर्ल्ड कप जीत दर्ज हैं, लेकिन 2018 के बाद से वे ओलिंपिक रेस में एक भी मेडल नहीं जीत पाई हैं। फ्रीस्कीइंग के आंद्री रगेट्ली भी 57 प्रतिशत पोडियम रेट के बावजूद लगातार तीसरे ओलिंपिक में बिना मेडल के लौट गए। इन एथलीट्स में न टैलेंट की कमी है न तैयारी की, वे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, फिर भी हार गए।



मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, यह इन दिग्गजों की कोई शारीरिक कमजोरी नहीं है, बल्कि नर्वस सिस्टम की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। जब इंसान अत्यधिक सामाजिक दबाव का सामना करता है, तो शरीर इसे बड़े 'खतरे' के रूप में देखता है। आम टूर्नामेंट्स में दिमाग जीतने पर फोकस करता है। लेकिन ओलिंपिक में, जहां दांव पर 'सार्वजनिक अपमान' होता है, शरीर में कोर्टिसोल का स्तर अचानक बढ़ जाता है। एथलीट का दिमाग जीतने के बजाय हार से बचने की मोड में चला जाता है।

विज्ञान की भाषा में 'वेगस नर्व', जो हार्ट रेट कंट्रोल करके शरीर को शांत रखती है, दबाव में काम करना कम कर देती है। इससे नियंत्रण बिगड़ जाता है और सटीक मोटर कंट्रोल छिन जाता है। जो तकनीक खिलाड़ियों ने हजारों बार सफलतापूर्वक की है, दबाव में वे उसके हर स्टेप के बारे में सोचने लगते हैं। इसे 'एक्सप्लिसिट मॉनिटरिंग' कहा जाता है। दिमाग का यह कंट्रोल्ड प्रोसेसिंग उनके नैचुरल फ्लो को पूरी तरह से रोक देता है। ये चीजें दिखाने के लिए काफी हैं कि दुनिया का सबसे बड़ा मंच ओलिंपिक सिर्फ शारीरिक ताकत का खेल नहीं है, बल्कि दुनिया की नजरों के सामने प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र को हराने की कला भी है।

# नए अफगान कोच को देश में ही रहना होगा

### जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल खत्म, अफगानिस्तान टी–20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से बाहर हो गया

**तालिबान (एजेंसी)।** जोनाथन ट्रॉट के इस्तीफे के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) नए कोच की तलाश के अंतिम चरण में है। इस बीच, बोर्ड के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने साफ कर दिया है कि अगले मुख्य कोच और उनके सपोर्ट स्टाफ को ऑफ-सीजन के दौरान अफगानिस्तान में ही रहकर अपना काम करना होगा।

नसीब खान ने कहा, 'हमने कोच के कॉन्ट्रैक्ट में यह शर्त साफ तौर पर रखी है कि उनका ड्यूटी स्टेशन अफगानिस्तान ही होगा। हम चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम के कोच हमारे घरेलू क्रिकेट और युवा खिलाड़ियों पर करीब से नजर रखें। नए कोच की रेस में तीन नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनमें से दो कोच



दक्षिण अफ्रीका के हैं और एक एशियाई है।

**ट्रॉट 2022 से टीम के कोच थे** – ट्रॉट ने 2022 में राष्ट्रीय टीम के साथ अपना काम शुरू किया और अफगानिस्तान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जिसमें आईसीसी प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों के खिलाफ बड़ी जीत शामिल हैं। अफगानिस्तान 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक पहुंचा, लेकिन इस साल ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया। क्रिकबज से बात करते हुए खान ने कहा कि एक्क चाहती है कि राष्ट्रीय टीम के कोच देश के घरेलू क्रिकेट सितारों पर करीब से नजर रखें और ऑफ-सीजन के दौरान राष्ट्रीय टीम की कमजोरियों पर काम करें।

### अफगानिस्तान के नए कोच की नियुक्ति कब तक तय होगी?

खान ने खुलासा किया कि ट्रॉट के उत्तराधिकारी की खोज की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले नए कोच को अंतिम रूप दे दिया जाएगा, जो टी–20 वर्ल्ड कप समाप्त होने के बाद शुरू होगी। एसीबी प्रमुख ने कहा कि फिलहाल शॉर्टलिस्ट में साउथ अफ्रीका के दो और एशिया का एक नाम शामिल है, लेकिन उन्होंने उनके नाम न बताने का फैसला किया। उन्होंने तीन कोचों को शॉर्टलिस्ट किया है और उनके इंटरव्यू भी हो चुके हैं। नियुक्ति फाइनल होने के बाद हम श्रीलंका सीरीज से पहले नए हेड कोच की घोषणा करेंगे। इनमें से दो साउथ अफ्रीका से हैं और एक एशियाई है। हमने अभी तक उनके साथ कॉन्ट्रैक्ट फाइनल नहीं किए हैं, इसलिए उनके नाम बताना जल्दबाजी होगी।

# बेटे अगस्त्य और पूर्व पत्नी स्टैनकोविक के लिए हार्दिक का चार करोड़ का तोहफा !

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और उनकी पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक भले ही अलग हो चुके हों, लेकिन अपने बेटे अगस्त्य की परवरिश को लेकर दोनों की समझदारी लगातार चर्चा में है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक नई लग्जरी एसयूवी को लेकर फैंस हैरान रह गए। काले रंग की इस शानदार कार की कीमत करीब तीन से चार करोड़ रुपये बताई जा रही है। नताशा को बेटे अगस्त्य के साथ इस कार के पास पोज देते देखा गया, जिसके बाद यह खबर तेजी से वायरल हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार हार्दिक ने बेटे अगस्त्य के लिए खरीदी है। अगस्त्य के साथ स्टैनकोविक भी कार शो रूम साथ पहुंचीं। अगस्त्य स्टैनकोविक के साथ ही रह रहे हैं। इस मौके की तस्वीरें वाहन निर्माता कंपनी ने खुद साझा कीं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर हमारी कंपनी को अपनी लग्जरी गाड़ी खरीदने के लिए चुना। विश्वास पर बना रिश्ता। उत्कृष्टता पर आधारित निर्णय। मुंबई में अगस्त्य पांड्या और स्टैनकोविक को डिलीवर की गई लैंड रोवर डिफेंडर।' इस कैप्शन के बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि क्या यह कार हार्दिक की ओर से एक खास तोहफा है।

### अलगाव के बाद भी जिम्मेदारी

जुलाई 2024 में आधिकारिक रूप से अलग होने के बाद भी हार्दिक और नताशा ने बेटे अगस्त्य की संयुक्त परवरिश को प्राथमिकता दी है। दोनों को कई मौकों पर बेटे के साथ समय बिताते देखा गया है। हार्दिक का नाम हाल ही में अभिनेत्री माहिका शर्मा के साथ जुड़ने की खबरों में भी रहा, लेकिन उन्होंने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि उनका बेटा उनकी पहली प्राथमिकता है। हार्दिक ने हाल ही में गर्लफ्रेंड माहिका के जन्मदिन पर एक क्यूट वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में दोनों निजी पल बिताते दिखे थे। हार्दिक भारत के टी20 विश्वकप मैचों में भी माहिका के साथ दिखे थे, जिस पर काफी विवाद भी हुआ था।

# अब पाकिस्तान कैसे बना पाएगा सेमीफाइनल में जगह !

### पाक-न्यूज़ीलैंड का पहला मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके बारिश की वजह से रद्द हुआ

**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 चरण का पहला मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके बारिश की वजह से रद्द हो गया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले इस मैच में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली अगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, लेकिन इसके बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। आईसीसी के नियमों के तहत सुपर 8 मैचों के लिए कोई रिजर्व डे नहीं है, इसलिए मैच को रद्द कर दिया गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया। जानिए इसके बाद पाकिस्तान को सेमीफाइनल का रास्ता बनाने के लिए किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**पाकिस्तान के दो मुकाबले बाकी** – पाकिस्तान का अगला मुकाबला 24 फरवरी को पल्लेकल में इंग्लैंड के खिलाफ है। इंग्लैंड टी20 वर्ल्ड कप की दो बार की चैंपियन टीम है, मगर इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। ग्रुप स्टेज में उन्हें वेस्टइंडीज से 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था, तो नेपाल ने जीत के लिए पसीने छुड़ा दिए थे। यह पाकिस्तान के लिए एक मौका है, लेकिन पल्लेकल की पिच पर इंग्लैंड के क्लच प्लेयर्स और आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ सतर्क रहना जरूरी होगी। पाकिस्तान के लिए यह मैच केवल जीतना नहीं, बल्कि बड़े अंतर से जीतना भी जरूरी होगा, क्योंकि अब नेट रन रेट की भूमिका अहम हो जाएगी।

28 फरवरी को उसी पल्लेकल स्टेडियम में पाकिस्तान की टक्कर मेजबान श्रीलंका से होगी।




यह ग्रुप 2 का आखिरी मुकाबला होगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट में अपनी घरेलू परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठा रही है। ग्रुप चरण में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सुपर 8 में जगह बनाई। पल्लेकल की पिच स्पिन फ्रैंडली मानी जाती है, जो दोनों टीमों के लिए बराबरी से चुनौतीपूर्ण होगी। यह मैच तब खेला जाएगा जब ग्रुप 2 के बाकी सभी मुकाबले हो चुके होंगे, यानी उस वक्त तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी होगी कि पाकिस्तान को मुकाबला कितने बड़े अंतर से जीतना होगा।

**दूसरी टीमों के मैच पर भी रखनी होगी नजर** – पाकिस्तान की सेमीफाइनल राह सिर्फ उनके अपने मैचों पर नहीं, बल्कि ग्रुप 2 के उन तीन मुकाबलों पर भी उतनी ही टिकी है जिनमें वे नहीं खेलेगी। 22 फरवरी को पल्लेकल में इंग्लैंड और श्रीलंका आमने-सामने होंगे। यह ग्रुप 2 का दूसरा मैच है और पाकिस्तान के नजरिए से महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड और श्रीलंका दोनों के अभी 0 अंक हैं। अगर इंग्लैंड यह मैच जीतते हैं, तो उनके दो अंक हो जाएंगे और 24 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ वे मोंमेंटम के साथ उतरेंगे। वहीं अगर श्रीलंका जीतती है, तो इंग्लैंड पर भी दबाव बनेगा और पाकिस्तान के लिए 24 फरवरी का मुकाबला थोड़ा और खुला हो जाएगा। 25 फरवरी को कोलंबो में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच मैच होगा। यहां पाकिस्तान किस नतीजे की उम्मीद करे, यह इस पर निर्भर करेगा कि 22 और 24 फरवरी के मैच के नतीजे क्या रहते हैं। अगर श्रीलंका ने 22 को इंग्लैंड को और 25 को न्यूजीलैंड को भी हरा दिया, तो श्रीलंका के चार अंक हो जाएंगे और वे सेमीफाइनल का टिकट लगभग सुरक्षित कर लेंगे। ऐसा होने पर पाकिस्तान के साथ दूसरी जगह के लिए सीधी टक्कर में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड बचेंगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पांच दिवसीय योग शिविर आरंभ

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के दिशा निर्देश में रविवार को हसपुरा प्रखंड के जखौरा गांव में 5 दिवसीय योग शिविर सह आरोग्य सभा आरंभ हो गया है। इस दौरान स्वस्थ व निरोग रखने के लिए विभिन्न प्रकार के आसन, व्यायाम व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक सुरेश आर्य ने बताया कि जिस प्रकार से अपनी गाड़ी मोटर समय समय पर सर्विसिंग कराते हैं ठीक उसी प्रकार परमात्मा के द्वारा बनाए हुए हम लोग समय समय पर योग प्राणायाम करते रहेंगे तो शरीर का आंतरिक अंग एवं बाहरी अंग स्वस्थ, सुन्दर एवं निरोग बना रहेगा अतः सुबह सुबह योग और पूरा दिन कर्म योग करते रहें। इस योग शिविर में जखौरा ग्राम के पूर्व पंचायत समिति सदस्य धीरज कुमार, योग शिक्षक विजय कुमार पंडित,सामाजिक कार्यकर्ता मनोरंजन कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित होकर उत्साह के साथ योग प्राणायाम की विधि किए।

### सांगठनिक मजबूती को ले पेंशनर समाज ने की बैठक

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा के हाई स्कूल मोड़ स्थित लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय में रविवार को संगठन सुदृढ़ व अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर बिहार पेंशनर समाज के सदस्यों की एक प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता जगदानंद लाल कर्ण ने की,जबकि संचालन सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में संगठन को सुदृढ़ करने और अपनी भविष्य की कार्य योजना से सबंधित विस्तार से चर्चा हुआ। प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह ने कहा कि समय - समय पर संगठन सुदृढ़ के लिए सबों को जिम्मेदारी लेना जरूरी है। मजबूत संगठन संघर्ष के लिए ताकत होती है। जिला में पेंशनर दिवस की सफल आयोजन पर प्रसन्नता जताई गई। सचिव ने कहा आगामी मार्च मे पेंशनरों का प्रदेश स्तरीय 44 वां आम सभा है।जिसमें सदस्यों को शामिल होना अनिवार्य है। इससे प्रखंड का नाम होगा। बैठक में शामिल एकरामुल हक, परशुराम शर्मा,कपिल देव प्रसाद सिंह,जयराम प्रसाद,कैलाश प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए योग प्राणायाम करें।

#### अरंडा-अग्नि नहर पथ पर दर्दनाक सड़क हादसा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत, चालक फरार

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

ओबरा थाना क्षेत्र के अरंडा-अग्नि नहर पथ पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

मृतका की पहचान कठबरी गांव निवासी जगनारायण की पत्नी मुन्नी देवी (70) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने गांव से बाजार करने अरंडा जा रही थीं। इसी दौरान सुनसान सड़क पर तेज गति से आ रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही गंभीर स्थिति हो गई।

घटना के बाद राहगीरों ने महिला को खून से लथपथ हालत में देखा और तुरंत ओबरा थाना पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया और प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

वृद्धा की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा देने तथा फरार वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गर्म तरल पदार्थ में गिरी बच्ची, बुरी तरह से झुलसी

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के गुलाब बिगहा गांव में रविवार शाम एक डेढ़ वर्षीय बच्ची गर्म तरल पदार्थ में गिरने से गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद परिजनों ने बच्ची को तत्काल मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. कुमार जय बच्ची का उपचार कर रहे हैं। झुलसी हुई बच्ची की पहचान गुलाब बिगहा गांव निवासी धर्मेंद्र यादव की बेटी दीपांजलि कुमारी के रूप में हुई है। बच्ची की मां सुनीता देवी ने बताया कि पशुओं के चारे को उबालकर एक गमले में रखा गया था। खेलते समय दीपांजलि उसे पानी समझकर उसमें बैठ गई, जिससे उसके दोनों पैर और शरीर का आधा हिस्सा झुलस गया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची का इलाज जारी है और उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# बिहार पुलिस सप्ताह के तहत पांच किलोमीटर मैराथन दौड़, पुलिस अधीक्षक ने दिखाई हरी झंडी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




बिहार पुलिस सप्ताह 2026 के अवसर पर रविवार को औरंगाबाद में 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल तथा आपसी विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन दौड़ की शुरुआत पुलिस केंद्र से हुई, जहां से प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग पर दौड़ लगाई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस सप्ताह के तहत आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज और पुलिस के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए फिटनेस और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

मैराथन में महिला और पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने अलग-अलग श्रेणियों में हिस्सा लिया, जिसमें दोनों वर्गों के टॉप-3 विजेताओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की गई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बिहार पुलिस सप्ताह के तहत जिले में आगे भी कई जन-जागरूकता और खेलकूद से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित हो सकें।

## औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के कई न्यायिक अधिकारियों का तबादला




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

पटना हाईकोर्ट द्वारा जारी अधिसूचना के तहत औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित कई न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया गया है। इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद न्यायिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि यह तबादला आदेश पटना हाईकोर्ट के निर्देश पर जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, जिला जज सप्तम निशित दयाल का तबादला वैशाली व्यवहार न्यायालय कर दिया गया है। वहीं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार को पदोन्नति देते हुए मधेपुरा में एसीजेएम के पद पर भेजा गया है। एसडीजेएम निधि जायसवाल का स्थानांतरण सुपौल में एसडीजेएम के रूप में किया गया है, जबकि मुसंफ शौभित सौरव को भी सुपौल भेजा गया है। अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर के न्यायाधीश श्वेताभ सौंडिल्य का तबादला जिला सुपौल कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त न्यायाधीश अनीस कुमार को जिला कटिहार स्थानांतरित किया गया है। वहीं समस्तीपुर में पदस्थापित एडिशनल जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार झा का तबादला व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद किया गया है, जिससे यहां न्यायिक कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। न्यायिक हलकों में इस तबादला आदेश को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है।

# बीआरबीसीएल में सोन बसंत उत्सव का भव्य आगाज
## सांस्कृतिक रंगों और सामाजिक पहल ने बांधा समां




**निज संवाददाता | नबीनगर (औरंगाबाद)**

बिहार राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) परिसर में 21 फरवरी को 'सोन बसंत उत्सव' का भव्य उद्घाटन किया गया। उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सामाजिक सरोकारों और स्थानीय कला-संस्कृति की झलक ने आगंतुकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) एवं बीआरबीसीएल के निदेशक विजय गोयल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी उपस्थित थे। इसके अलावा एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल.के. बेहेरा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने समारोह में भाग लेकर उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया।

बीआरबीसीएल की संगिनी लेडीज क्लब द्वारा आयोजित मेले में खाने-पीने और शॉपिंग की करीब 60 स्टॉल लगाई गईं, जहां स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को विशेष स्थान मिला। सैंड आर्ट के जरिए देश की सांस्कृतिक धरोहर और बसंत ऋतु की थीम को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

उत्सव के दौरान योजना प्रभावित गांवों की 12 मेधावी बालिकाओं को ब्यूटिशियन किट प्रदान कर आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे सामाजिक जिम्मेदारी की सकारात्मक मिसाल बताया।

कार्यक्रम में बिहार की लोक संस्कृति पर आधारित कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। खासकर 'धोबिया नृत्य' दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना और पारंपरिक संगीत-नृत्य की झलक ने माहौल को उत्सवी बना दिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विजय गोयल ने कहा कि सोन बसंत उत्सव में शामिल होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए बीआरबीसीएल प्रबंधन और संगिनी लेडीज क्लब को शुभकामनाएं देते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात




**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने रविवार को अपने आवास 'नारायणी निवास' पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 'मन की बात' सुनने के बाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने प्रधानमंत्री के विचारों और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने एआई समिट, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और टी-20 वर्ल्ड कप में भाग ले रहे प्रवासी खिलाड़ियों के प्रति प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त प्रशंसा को प्रेरणादायी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और राष्ट्रीय गर्व की भावना को मजबूत करते हैं।

## राजकीय मध्य विद्यालय भरूब के छात्रों का शैक्षणिक परिभ्रमण

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत राजकीय मध्य विद्यालय भरूब के छात्र-छात्राओं ने रविवार को ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय परिसर से बीस सूत्री अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और प्रधानाध्यापक नागेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर परिभ्रमण दल को रवाना किया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों में खासा उत्साह देखा गया। शैक्षणिक यात्रा के क्रम में छात्र सबसे पहले इंद्रपुरी बैराज पहुंचे, जहां उन्होंने जल प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद परिभ्रमण दल सासाराम स्थित महान शासक शेरशाह सूरी के मकबरे पर गया, जहां विद्यार्थियों को मध्यकालीन इतिहास और स्थापत्य कला की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने पायलट बाबा मंदिर और मां तारा चंडी मंदिर का भी दर्शन किया और शिक्षकों से इन स्थलों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी हासिल की।

## बौद्ध मतावलंबियों की पहल : गांवों में होंगे अशोक स्तंभ व बुद्ध प्रतिमा की स्थापना

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

गौतम बुद्ध के सत्य, अहिंसा, सहिष्णुता और शांति के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बौद्ध मतावलंबियों ने एक नई पहल की शुरुआत की है। इसके तहत सम्राट अशोक के काल के बाद थम चुके अशोक स्तंभ निर्माण की परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए गांव-गांव में अशोक स्तंभ और बुद्ध प्रतिमाओं की स्थापना का अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में बारूण प्रखंड के अमौना गांव में निर्मित अशोक स्तंभ और बुद्ध प्रतिमा का रविवार को भव्य समारोह के बीच विधिवत अनावरण किया गया। सम्राट अशोक क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पटना म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिंहा और राजकीय आयुर्वेद कॉलेज पटना के उपाधीक्षक डॉ. अरुण कुमार शांतनु समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से स्तंभ का अनावरण किया। समारोह के दौरान बौद्ध धर्म के शांति और सहिष्णुता के संदेशों से वातावरण गूंज उठा तथा अतिथियों ने बौद्ध धर्म ध्वज भी फहराया। अपने संबोधन में अशोक कुमार सिंहा ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में दुनिया को युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध के संदेशों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शांति और सहिष्णुता ही विश्व में स्थायी शांति स्थापित कर सकती है, इसलिए गांवों में अशोक स्तंभ और बुद्ध प्रतिमाओं की स्थापना का यह अभियान शुरू किया गया है।

## बिहार वाटरशेड महोत्सव का आयोजन, विधायक ने 63.19 लाख की योजनाओं का किया लोकार्पण

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत जिले के रामपुर गांव में 'बिहार वाटरशेड महोत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललन राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली और जल एवं मृदा संरक्षण को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। महोत्सव के दौरान प्रभात फेरी, जल कलश यात्रा, भूमि पूजन और श्रमदान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण, पेंटिंग प्रतियोगिता और प्रगतिशील किसानों व जल छाजन समिति के सचिवों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण, जल छाजन योजना के तहत किए गए कार्यों और जनभागीदारी की अहम भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करीब 250 ग्रामीणों ने भाग लेते हुए जल एवं भूमि संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और सामूहिक रूप से 'जल-शपथ' ली। इस अवसर पर विधायक ललन राम ने कुल 63.19 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य में जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जीव-जगत के अस्तित्व के लिए जल एवं मिट्टी का संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि केंद्र और बिहार सरकार प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही हैं। महोत्सव के जरिए ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी है और सामूहिक सहभागिता का मजबूत संदेश गया है। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि किसानों के हित में जल छाजन योजना के तहत जिले के चयनित पंचायतों में लगातार कार्य कराया जा रहा है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से खेतों तक सिंचाई की सुविधा पहुंचाने, गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने और कृषि क्षेत्र में यंत्रीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। उनका कहना था कि जल और मिट्टी दोनों ही जीवन के आधार हैं और इनके समुचित संरक्षण से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में मुखिया इंद्रजीत कुमार, रविन्द्र यादव, पैक्स अध्यक्ष बसंत सिंह, उपसरपंच संजीव कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन, टीम कहलगांव बनी विजेता

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



एनटीपीसी नबीनगर में आयोजित अंतर-क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता (आईआरएसएम) बैडमिंटन टूर्नामेंट का शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हो गया। फिट इंडिया मूवमेंट और एनटीपीसी की 'आवाहन' नीति के अंतर्गत आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत 19 फरवरी को हुई थी, जिसमें खिलाड़ियों ने खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) विजय गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 की सात परियोजनाओं— नबीनगर, कहलगांव, फरक्का, कांटी, बीआरबीसीएल, बाढ़ और बरौनी की पुरुष एवं महिला टीमों ने भाग लिया। टीम वर्ग के फाइनल मुकाबले में कहलगांव की टीम ने नबीनगर को पराजित कर खिताब अपने नाम किया, जबकि महिला वर्ग में फरक्का ने नबीनगर को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के बीच निर्धारित नियमों के तहत कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय गोयल ने कहा कि खेल जीवन के महत्वपूर्ण पाठ सिखाते हैं और शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए एनटीपीसी नबीनगर की मेजबानी की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की उम्मीद जताई। वहीं परियोजना प्रमुख एलके बेहेरा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से टीम भावना और समन्वय को नई ऊर्जा मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और परियोजना प्रमुख ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनके अनुभवों की जानकारी भी ली। अंत में विजय गोयल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओ एंड एम) अनिल कुमार टीसी, महाप्रबंधक (एडीएम एवं मेंटेनेंस) एम. पाणिग्रही, महाप्रबंधक श्री शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## ओबरा के नए प्रखंड अध्यक्ष बने अरविंद राम, महादलित समाज को मिला नेतृत्व



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

जनता दल (यूनाइटेड) ने औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड में संगठनात्मक बदलाव करते हुए अरविंद राम को नया प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है। महादलित समाज से आने वाले अरविंद राम का चयन सर्वसम्मति से किया गया, जिसे पार्टी में सामाजिक संतुलन और समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस निर्णय के साथ ही लंबे समय से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने स्वेच्छा से पद छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार सिंह लगातार नौ बार प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने संगठन में सामाजिक न्याय और संतुलन को प्राथमिकता देते हुए इस बार नेतृत्व महादलित समाज के एक कार्यकर्ता को सौंपने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामाजिक न्याय के विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद राम सरसौली पंचायत के शंकरपुर गांव के निवासी हैं। इससे पहले वे हम पार्टी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। बाद में उन्होंने उस पद से त्यागपत्र देकर जेडीयू की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रखंड स्तर पर संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

### जदयू के निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष बने मधुकर लाल कुशवाहा

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** शहर के कलाली मोड़ स्थित एक निजी होटल में आयोजित जदयू प्रखंड अध्यक्ष चुनाव में मधुकर लाल कुशवाहा को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सह जिला पर्यवेक्षक अमरेश चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी रामानुज सिंह, निर्वाची पदाधिकारी विजय विश्वकर्मा तथा प्रखंड चुनाव पर्यवेक्षक उत्तम पासवान की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन मधुकर लाल कुशवाहा का नाम दाखिल हुआ। जिसके बाद सर्वसम्मति से उन्हें माला पहनाकर निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने किया। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नीतीश कुमार के विकास कार्यों की सराहना करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा ने कहा, "जिस उम्मीद और विश्वास के साथ इस पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

## देवी मां की स्थापना को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा
## रफीगंज में साप्ताहिक यज्ञ में उमड़े हजारों श्रद्धालु

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



चौबड़ा पंचायत के शेरा बिगहा और कपूर बिगहा गांव में श्री श्री देवी पुनः स्थापना साप्ताहिक यज्ञ एवं देवी भागवत कथा के आयोजन से पूर्व रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था से ओतप्रोत इस यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा शेरा बिगहा और कपूर बिगहा से शुरू होकर काजीचक, अमरपुर झकटिया होते हुए चरकावां नोनिया टील्हा ब्लॉक रोड के रास्ते विष्णुपुरी चरकावां पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालु उसी मार्ग से वापस मंदिर परिसर पहुंचे, जहां यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में जयकारों और धार्मिक गीतों से वातावरण गूंजता रहा। चौबड़ा पंचायत के मुखिया संजय कुमार ने बताया कि दशकों पुराना देवी मां का मंदिर जर्जर स्थिति में पहुंच गया था। ग्रामीणों के सहयोग और सामूहिक प्रयास से मंदिर का सौंदर्यीकरण कराया गया है और देवी मां की पुनः स्थापना के उद्देश्य से साप्ताहिक यज्ञ एवं देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 21 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा, जबकि 28 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

आयोजन को सफल बनाने में व्यवस्थापक रामतवक्या शर्मा, सरजू कुमार, रामबली कुमार, शंकर कुमार, सुरेंद्र कुमार, रामजन्म कुमार, रामसेवक कुमार, सुरेंद्र शर्मा, रामबली दास, सरजू यादव, अर्जुन यादव, शंकर यादव, रामबली प्रजापत, कन्हैया दास, चंदन शर्मा, महेंद्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, दशरथ चौधरी, रामेश्वर यादव, भुनेश्वर यादव, रंजीत यादव, दशरथ यादव, राजू यादव और अशोक यादव सहित कई ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही।

## 'तरंग' से गूंज उठा विवेकानंद परिसर, वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के विविध रंग

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शहर से सटे विवेकानंद वीआईपी स्कूल परिसर में रविवार को वार्षिकोत्सव 'तरंग' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह, भाजपा नेता गोपाल शरण सिंह, उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, कांग्रेस नेता राकेश कुमार सिंह 'पप्पू', राजद नेता ई. सुबोध कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता राघव सिंह, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, पूर्व छात्र डॉ. संतोष सिंह पॉली व सितेष वत्स तथा प्राचार्य एन.के. सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सवमय रहा। बच्चों ने विज्ञान, एआई, कला-संस्कृति, हस्तशिल्प और फूड कोर्ट से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। प्रांजलि मंच से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और कला के विविध रंग दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने 'मेरा जूता है जापानी' गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि वर्ग प्रथम के विद्यार्थियों ने 'ऑल इज वेल' पर शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, कश्मीर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक झलकियां भी देखने को मिलीं।

इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. सितेष वत्स, डॉ. संतोष सिंह पॉली और कोल इंडिया के प्रबंधक शिवशंकर कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह विद्यालय बच्चों के चहुंमुखी विकास पर विशेष ध्यान देता है, जिसके परिणामस्वरूप यहां के छात्र देश-विदेश में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अतिथियों का सम्मान चेयरमैन मनीष वत्स और उपप्राचार्य सूची कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन इज्मा युहानिज, अनिकेत कुमार, नीरज कुमार, अलका कुमारी, रिया कुमारी, साल्वी सिन्हा, अन्नू कुमारी और अमृता श्रीहंस ने किया। इस मौके पर जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, संदीप समदर्शी, जिलापार्षद ई. सुरेंद्र यादव, कांग्रेस नेता अरविंद शर्मा, डॉ. अभिषेक, डॉ. पूर्णिमा सिंह, कौशल किशोर समेत कई अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बच्चों की प्रतिभा और शिक्षा के समग्र दृष्टिकोण को नई पहचान दी।